वर्ष-31, अंक- 207, पृष्ठ-12 | ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 03, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
गुरुवार
15 मई 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 10

## एक नजर

### झारखंड से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट ने की टिप्पणी

**रांची/नई दिल्ली (आईएएनएस)।** सर्वोच्च न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा के मामले में झारखंड के चार लोगों की याचिका पर बुधवार को सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की कार्यशैली पर तल्ख टिप्पणी की। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एनके सिंह की खंडपीठ ने उच्च न्यायालयों में मुकदमों की सुनवाई पूरी होने के बाद भी लंबे समय तक फैसला सुरक्षित रखने पर चिंता जताते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि जजों के परफॉर्मेंस का भी ऑडिट हो। खंडपीठ ने कहा, कुछ न्यायाधीश बहुत परिश्रम करते हैं, लेकिन कुछ न्यायाधीश बार-बार अनावश्यक ब्रेक लेते हैं। कभी कॉफी ब्रेक, कभी लंच ब्रेक, तो कभी कोई और ब्रेक। वे लगातार लंच ब्रेक तक क्यों काम नहीं करते? हम हाईकोर्ट के जजों को लेकर कई शिकायतें सुन रहे हैं। यह एक ऐसा मुद्दा है, जिसे गंभीरता से देखने की आवश्यकता है। हम कैसा परफॉर्मेंस कर रहे हैं और हमारा न्यायिक आउटपुट क्या है, इसका मूल्यांकन जरूरी है। अब समय आ गया है कि परफॉर्मेंस-ऑडिट हो। सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करने वाले आजीवन कारावास सजा प्राप्त झारखंड के चार अभियुक्तों ने अपनी अपील में कहा था कि वे अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग से ताल्लुक रखते हैं। उनका आरोप था कि उनकी आपराधिक अपीलों पर हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी होने के बावजूद, दो से तीन वर्षों तक निर्णय सुरक्षित रखा गया है।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

## आज / कल




**केंद्र सरकार से 113 करोड़ की 32 सड़कों को मिली स्वीकृति, आदिवासी इलाकों की सड़क कनेक्टिविटी को मिलेगी रफ्तार**

# प्रधानमंत्री जनमन योजना से 138.42 किमी सड़कों का होगा निर्माण

- **सांसद वीडी राम ने जताया प्रधानमंत्री व केंद्रीय मंत्री के प्रति आभार**

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महान अभियान (पीएम-जनमन) के तहत पलामू और गढ़वा जिले के आदिवासी बहुल इलाकों में 113 करोड़ रुपये की लागत से कुल 32 सड़कों के निर्माण की स्वीकृति भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा दी गई है। पलामू जिले में 21 सड़कों की कुल लंबाई 100.137 किमी होगी, जिस पर 79.33 करोड़ खर्च होंगे। वहीं, गढ़वा जिले में 11 सड़कों की कुल लंबाई 38.290 किमी होगी, जिस पर ?33.74 करोड़ की लागत आएगी। इस योजना से पलामू संसदीय क्षेत्र के आदिवासी गांवों की सड़क कनेक्टिविटी में व्यापक सुधार होगा। इस अवसर पर क्षेत्रीय सांसद ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ग्रामीण विकास एवं कृषि कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पलामू की जनता की ओर से आभार प्रकट किया है। सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि यह योजना आदिवासी समाज के समावेशी विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।बहरहाल, केंद्र सरकार की इस मंजूरी से आदिवासी बहुल इलाकों में न केवल बुनियादी ढांचे का विकास होगा, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। ग्रामीणों को मुख्यधारा से जोड़ने का यह एक अहम प्रयास माना जा रहा है।

### निर्माण की प्रक्रिया जल्द होगी शुरू

सभी 32 सड़कों की निविदा प्रक्रिया जल्द ही प्रकाशित की जाएगी। निविदा निस्तारण के बाद निर्माण कार्य शुरू होगा। इन सड़कों के बनने से विश्रामपुर, चैनपुर, छतरपुर, हुसैनाबाद (पलामू) और भंडारिया, चिनिया, डंडई, धुरकी, रमकंडा (गढ़वा) जैसे प्रखंडों के ग्रामीणों को आवागमन में राहत मिलेगी।


### पलामू व गढ़वा जिले की स्वीकृत प्रमुख सड़कें

- सोहदाग खुर्द से कुम्बी कला (5.5 किमी, 4.36 करोड़)
- पांडू पथलबंधवा से बरवाही (0.6 किमी, 3.86 करोड़)
- बहेराखाड़ से बेनीडीह पुल (7.9 किमी, 6.13 करोड़)
- कुंडपानी से सरहुआ (5.5 किमी, 4.30 करोड़)
- मदनपुर से अहराही पड़रिया टोला (6.01 किमी, 4.94 करोड़)
- बाथन टोली से कोचली (3.4 किमी, 2.75 करोड़)
- रोतोही महुआ टोला से छेतेलिया रोड (4.04 किमी, 3.65 करोड़)
- खुरी मोड़ से खुरी रोड (2.8 किमी, 2.42 करोड़)
- बरका घाट से मरचाई रोड (6.2 किमी, 5.38 करोड़)
- अमहार तक पीडब्ल्यूडी मेन रोड (3.8 किमी, 3.47 करोड़)

**कैरो थाना क्षेत्र के हनहट गांव में हाथी ने युवक को कुचल कर मार डाला**

# वन विभाग व पुलिस की लापरवाही से नाराज ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** जिले में हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार रात कैरो थाना क्षेत्र के हनहट गांव में एक हाथी ने 30 वर्षीय सगीर अंसारी को कुचलकर मार डाला। युवक खेत की सिंचाई करने गया था तभी उस पर हमला हुआ। घटना के बाद वन विभाग और पुलिस की निष्क्रियता से आक्रोशित ग्रामीणों ने लोहरदगा कचहरी मोड़ पर एक घंटे तक सड़क जाम कर दिया, जिससे लोहरदगा-गुमला-रांची मुख्य पथ पर यातायात प्रभावित हो गया। सरकारी कार्यालयों की ओर जाने वाले आम नागरिकों को भी काफी परेशानी उठानी पड़ी। सड़क जाम की सूचना मिलते ही सिविल एसडीओ अमित कुमार, अंचल अधिकारी आशुतोष और सदर थाना प्रभारी चंद्र मोहन ठाकुर मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले 20 दिनों से कैरो प्रखंड में हाथियों का झुंड लगातार उत्पात मचा रहा है। वे फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, घरों को तोड़ रहे हैं और जान-माल की हानि कर रहे हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि घटना की सूचना रात आठ बजे पुलिस को दी गई, लेकिन कैरो थाना की टीम सुबह आठ बजे पहुंची। वन विभाग का कोई कर्मचारी मौके पर नहीं आया। विभागीय कर्मियों ने सिर्फ यह कहा कि मृतक के परिजनों को सदर अस्पताल ले जाकर शव का पोस्टमार्टम कराएं और 25,000 का तात्कालिक मुआवजा लेकर अंतिम संस्कार करें। ग्रामीणों ने मृतक के परिजन को सरकारी नौकरी और उचित मुआवजा देने की मांग की। सिविल एसडीओ द्वारा शीघ्र कार्रवाई के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने सड़क से जाम हटाया।

कैरो, भंडरा और कुडू थाना क्षेत्र के गांवों में हाथियों का झुंड दहशत का पर्याय बन चुका है। प्रशासन द्वारा हाथियों को सुरक्षित क्षेत्र में भेजने को लेकर अब तक कोई ठोस प्रयास नहीं किया गया है।

### अब तक आधा दर्जन से अधिक की जान ले चुके हैं हाथी

- 15 मार्च 2024: कुडू के बढ़मारा घाटीटोली में खेत में सिंचाई कर रहे दशरथ उरांव पर हाथी ने हमला कर दिया, वह गंभीर रूप से घायल हुआ।
- 22 मार्च 2024: सुकुरहुटू पतरा जंगल में दतवन तोड़ रही महिला पर हाथी ने हमला किया, महिला बुरी तरह घायल हुई।
- 6 सितंबर 2023: कुडू के हमीद नगर में ईदगाह के पास हाथी ने उत्तर प्रदेश के शौकीन अंसारी (50) को कुचल कर मार डाला।
- 22 अप्रैल 2023: चडरा गांव में हाथियों ने महावीर उरांव (35) को कुचल दिया।
- 22 जून 2023: हाथियों से भागते समय तान गांव के 17 वर्षीय उमेश उरांव कुएं में गिरकर मरा।
- 5 मार्च 2023: बरवाटोली जंगल में हाथी ने विनोद टाना भगत पर हमला किया, जिससे कई हड्डियां टूट गईं।

**भारतीय जनता पार्टी ने राजधानी में निकाली तिरंगा यात्रा**

## भारतीय सेना के वीर जवानों के शौर्य को किया नमन



- **यात्रा के दौरान 'भारत माता की जय' के उद्घोष से गूंजी रांची**

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** राजधानी रांची में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने तिरंगा यात्रा निकाली। इस यात्रा के माध्यम से भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए भारतीय सेना के जवानों के शौर्य को नमन किया और उनके प्रति आभार जताया। ज्ञात हो कि देश के कई राज्यों में आज तिरंगा यात्रा निकाली गई है। तिरंगा यात्रा में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भी शामिल हुए। यात्रा के दौरान सभी ने 'भारत माता की जय' के नारे लगाए और बॉलीवुड एक्टर सनी देओल की फिल्म 'गदर' के डायलॉग भी बजाए। यह तिरंगा यात्रा शहीद चौक से निकलकर कोकर स्थित डिस्टलरी के समीप बिरसा मुंडा समाधि स्थल पर संपन्न हुई। भगवान बिरसा मुंडा के समाधि स्थल पर भाजपा नेताओं ने धरती आबा को नमन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। नेताओं ने कहा कि धरती आबा का जीवन और समाज के लिए समर्पण हम सबके लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि सेना की वीरता पर हर राष्ट्रवादी भारतीय को गर्व है। रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता भारत की सशस्त्र सेनाओं के पराक्रम का परिचायक है। तिरंगा यात्रा भारत के शौर्य और सेना के अदम्य साहस को समर्पित है। मातृभूमि की रक्षा में अपने कर्तव्यों का पालन कर रहे सभी वीर जवानों को प्रणाम। उन्होंने कहा कि भारतीय फौज ने जो वीरता, पराक्रम दिखाया, वह उनका कर्तव्य था और अब जनता अपना कर्तव्य पूरा कर रही है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सेना और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट करने के लिए तिरंगा यात्रा निकाली गई।

**मुख्यमंत्री से यूनिसेफ की प्रतिनिधि सिंथिया मेककेफरी ने की मुलाकात**

## बच्चों के समग्र विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध : हेमंत सोरेन

**नवीन मेल डेस्क**



**रांची।** यूनिसेफ की भारत में प्रतिनिधि सिंथिया मेककेफरी ने बुधवार को राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने झारखंड में बच्चों के समग्र विकास के लिए यूनिसेफ द्वारा संचालित योजनाओं, कार्यों एवं गतिविधियों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

सिंथिया मेककेफरी ने बाल अधिकारों के संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य और उनके व्यक्तित्व के विकास के लिए बेहतर माहौल बनाने को राज्य सरकार के संबंधित विभागों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने की इच्छा व्यक्त की। मुख्यमंत्री सोरेन ने यूनिसेफ के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें पूरा सहयोग देने का भरोसा दिलाया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार बच्चों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। हमारे राज्य के बच्चे हर क्षेत्र में कैसे आगे बढ़ें, इसके लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। जब तक बच्चे स्वस्थ और सुरक्षित नहीं रहेंगे, तब तक उनके विकास की बात नहीं हो सकती है। यही वजह है कि हमारी सरकार बच्चों में कुपोषण और कई अन्य स्वास्थ्य समस्याओं को दूर करने के लिए हर स्तर पर काम कर रही है। इस मौके पर यूनिसेफ, झारखंड की प्रमुख कननिका मित्रा और कम्युनिकेशन स्पेशलिस्ट आस्था अलंग भी मौजूद थीं।

## झारखंड बैंकर्स समिति की बैठक: वित्त मंत्री ने ऋण वितरण व वित्तीय समावेशन पर की समीक्षा

- **मार्च 2025 तक राज्य के ऋण वितरण लक्ष्यों की स्थिति पर चर्चा, प्रमुख क्षेत्रों में प्रगति और समावेशन योजनाओं का ब्योरा**



**रांची/मेदिनीनगर।** प्रोजेक्ट भवन में झारखंड राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की 91वीं त्रैमासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने की। इस बैठक में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में बैंकों द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की गई, जिसमें प्राथमिकता क्षेत्र, कृषि, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम, ऋण वितरण तथा वित्तीय समावेशन पर विशेष चर्चा की गई। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि झारखंड राज्य का विकास वित्तीय समावेशन और ऋण वितरण की प्रगति पर निर्भर करता है। हमारे उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए सभी बैंकों और वित्तीय संस्थाओं को एक साथ मिलकर काम करना होगा। इस दिशा में की गई प्रगति उत्साहजनक है, लेकिन हमें और अधिक प्रयास करने होंगे।

**ऋण वितरण की स्थिति:** कृषि क्षेत्रः लक्ष्य 23,100 करोड़, उपलब्धि 15,369 करोड़ (66.53%), सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमः लक्ष्य 43,000 करोड़, उपलब्धि 35,175 करोड़ (81.80%), अन्य प्राथमिकता क्षेत्रः लक्ष्य 3,900 करोड़, उपलब्धि 2,135 करोड़ (54.74%), कुल प्राथमिकता क्षेत्रः लक्ष्य 70,000 करोड़, उपलब्धि 52,680 करोड़ (75.26%)

**गैर-प्राथमिकता क्षेत्र में:** लक्ष्य 56,300 करोड़, उपलब्धि ?62,512 करोड़ (111.03%)

**वित्तीय समावेशन की स्थितिः** प्रधानमंत्री जनधन योजना : 1.96 करोड़ खाते खोले गए प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना : 43.69 लाख नामांकन, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना : 118.98 लाख लाभार्थी, अटल पेंशन योजना : 24.19 लाख नामांकन

**ऋण वितरण की कुल उपलब्धिः** वित्तीय वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही तक, राज्य ने 1,15,192 करोड़ का ऋण वितरित किया, जो कुल लक्ष्य का 91.21% है। वित्तीय समावेशन के आंकड़ेः राज्य में अब तक पीएम जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, और अटल पेंशन योजना के तहत लाखों नामांकन किए जा चुके हैं।

**इंडिया**

# आधुनिकता और कॉर्पोरेट संस्कृति से टूटते परिवार और भारतीय संस्कृति



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

भारत को उत्सवप्रिय और बहुसंस्कृति वाला देश माना जाता है जहां सनातन संस्कृति में जन्म से लेकर मृत्यु के संस्कार और उसके गीत तक हैं जिस पर पश्चिमी शिक्षा पाई नई पीढ़ी और बाहर से आई विचारधारा के अनुयायी सवाल उठाते हैं जिन्हें ये रीति रिवाज दकियानूसी और अवैज्ञानिक लगते हैं जबकि भारतीय संस्कृति के जानकार इन्हें बहुत ही वैज्ञानिक और व्यावहारिक बताते हैं । झारखंड बिहार यूपी से लेकर लगभग संपूर्ण भारत में सबसे आसान उदाहरण है विवाह जिसमें परिवार के एक-एक व्यक्ति को संस्कारों के माध्यम से कैसे जोड़ा गया है देखा जाता है हल्दी से लेकर विदाई तक कौन ऐसा रिश्तेदार नहीं होगा जो इसमें शामिल न होता हो पर समय ऐसा आ गया है कि मैरेज हॉल में विवाह के नाम पर सिर्फ पार्टी की औपचारिकता निभाई जा रही है और दूर-दूर से वर्षों बाद आनेवाले रिश्तेदार,मित्र डीजे के शोर में न शादी देख पाते हैं और न आपस में मिलजुलकर दुःख-सुख की बातें साझा कर पाते हैं ।इस तरह विवाह हो या परिवार के साथ मेलजोल के अन्य सभी संस्कार औपचारिकता और कई बार तो दिखावा बनकर अपना औचित्य खो रहे हैं । भारत के ये प्राचीन संस्कार भले आज की भाग दौड़ में समय की बर्बादी लगें पर गांवों में जहां ये पूरे परिवार के साथ आज भी मनाए जाते हैं तो वहां परिजन ही नहीं मेहमान तक इसकी मधुर स्मृतियों को वर्षों तक भूल नहीं पाते ।गहराई से देखें तो कॉर्पोरेट कल्चर से प्रभावित कार्य संस्कृति भारतीय रंगारंग संस्कृति और धीरे-धीरे संयुक्त परिवार को तोड़ती हुई घरों की शांति तक को तहस-नहस कर रही है जहां किसी को किसी के लिए समय नहीं ।मृगतृष्णा की तरह करियर के पीछे भागता आधुनिक भारत लगभग पश्चिमी देशों कि उस बेचैनी तक पहुंचने वाला है जहां पैसा और भौतिक सुख के सभी साधन तो हैं पर मानसिक या आत्मिक सुख नहीं जिसकी तलाश में अनेक वेदेशी भारत में भटकते हैं । झारखंड,बिहार,यूपी,राजस्थान जैसे राज्यों के कुछ व्यावसयिक और पारंपरिक परिवारों में संयुक्त परिवार की परंपरा आज भी बहुत ही सफलतापूर्वक निभाई जा रही है जिसके पीछे परिवार के मुखिया की उदार और सहिष्णु सोच और रामचरित मानस जैसे ग्रंथों के आदर्श का पालन है।राजश्री प्रोडक्शन की हम आपके हैं कौन और हम साथ साथ हैं फिल्मों में इसकी झलक मिलती है । इन परिवारों में पल्लवित पुष्पित बच्चे विदेशों तक में क्यों न पढ़ें हों या नौकरी-व्यवसाय कर रहें हों परिवार को नहीं भूल पाते जबकि भ्रष्ट अधिकारियों और स्वार्थी स्वभाव के कारण आर्थिक स्वतंत्रता,व्यक्तिगत महत्वाकांक्षी सोच,आधुनिक बेहयाई भरी जीवन शैली,नशापान,प्रेम विवाह के नाम पर अलग सांस्कृतिक सोच,अंतरधार्मिक या कई बार अंतरजातीय विवाह भी संयुक्त परिवारों के टूटन के मूल में होता है । शुरुआत रसोई से होती है और अंत कई बार दुखद धटनाओं से ।संयुक्त परिवारों में कुल देवता की पूजा सिर्फ परिजन द्वारा किए जाने के दौरान कई बार लोगों के बीच मनमुटाव दूर होने के मामले भी हैं पर अब स्थिति यह है कि मात-पिता के अंतिम संस्कार में भाग लेने के लिए बच्चों को समय नहीं और वीडियो पर देखकर संतोष किया जा रहा है । भारतीय परिवारों के बिखराव में फिल्मों की भी बड़ी भूमिका है जो जभी दो बीघा जमीन में दिखती है जो अपनी जमीन बचाने के लिए गाडी खींचता है और जब पैसे लेकर गांव लौटता है तो उसकी जमीन पर कारखाना खडा मिलता है । आज की फ़िल्में गुंडों,माफिया का महिमा मंडन और बनावटी चमक-दमक को विषय बनाती हैं जिसमें गांव,भारतीय संस्कार,जीवन संघर्ष और देवी देवता के बजाय पार्टी,मौज मस्ती भरी फैंटेसी होती है जिसकी नक़ल युवा करते है पर भारतीय इसे पसंद नहीं करते यही कारण है कि दक्षिण की फ़िल्में टीवी और यूट्यूब पर लाखों में देखी जा रहीं हैं । गैट समझौते के बाद 1990 से भारत में शहरीकरण और औद्योगीकरण का असर संयुक्त परिवारों पर भी पड़ा है। अब तो न्यूक्लियर फ़ैमिली यानी मियां-बीवी और एक-दो बच्चों वाले छोटे कुनबे भी फ़िल्मी परदे से गुम हो रहे हैं क्योंकि बच्चे पालने के लिए समय नहीं । सरकारी संस्थाओं में महिलाओं के लिए छात्रावास, कामकाजी महिलाओं के बच्चों की देखभाल के लिए क्रेच का इंतज़ाम, पूरी तनख़्वाह के साथ मैटरनिटी लीव जैसी अन्य सुविधाएं अब अनुबंध आधारित नौकरी में इतिहास हैं।महानगरों और बड़े शहरों में अविवाहित लड़के लड़कियां भी अपने मां-बाप से अलग रहने लगे हैं। क्योंकि शिक्षण संस्थानों घर और दफ़्तर के बीच की दूरी है। 'लिव-इन रिलेशनशिप' संबंधों को क़ानूनी मान्यता मिली है तब से समाज और बिखरा है । मोबाइल के दुरुपयोग,बेलगाम इंटरनेट, से युवाओं में बढती अश्लील फिल्मों के नाम पर ब्लैमेलिंग,युवाओं के अलावा मात-पिता में बढती आत्महत्या और तलाक के मामले टूटते भारतीय संस्कारों के लिए खतरे की घंटी है । भाग-दौड़ की जिंदगी में एकल परिवार के लिए संभव नहीं कि किसी बच्चे या बच्ची की निजी समस्या,शोषण,ड्रग्स या किसी ब्लैकमेलिंग जैसे जाल में फंसने पर सांत्वना दे सके जिसे संयुक्त परिवार के बड़े-बुजुर्ग अपने अनुभव से सुलझाते थे या होने ही नहीं देते थे।



## लेफ्टिनेंट कर्नल की मानद रैंक से सम्मानित किए गए नीरज चोपड़ा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा को प्रादेशिक सेना (टेरिटोरियल आर्मी) में लेफ्टिनेंट कर्नल की मानद रैंक से सम्मानित किया गया है। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को भारत सरकार की साप्ताहिक अधिकृत पत्रिका भारत के राजपत्र में इसकी घोषणा की। चोपड़ा वर्ष 2024 पेरिस ओलंपिक में भाला फेंक में रजत पदक जीतने के बाद भारत के सबसे सफल व्यक्तिगत ओलंपियन बन गए, जो वर्ष 2020 टोक्यो ओलंपिक में अपने ऐतिहासिक स्वर्ण के बाद खेलों में उनका दूसरा पदक है। भारत के राजपत्र में लिखा है, प्रादेशिक सेना विनियम, 1948 के पैरा 31 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 9 मई 2025 को संख्या 3 (ई) के अनुसार, राष्ट्रपति पूर्व सब मेजर नीरज चोपड़ा, पीवीएसएम, पद्मश्री, वीएसएम, गांव और डाकघर खंडरा, पानीपत, हरियाणा को प्रादेशिक सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल का मानद पद प्रदान करते हैं, जो 16 अप्रैल, 2025 से प्रभावी होगा।

# अतिक्रमण के कारण शहरी क्षेत्रों में रोज लग रहा है जाम, नहीं ली जा रही हैं सुध

**बड़े वाहनों के मुख्य बाजार में प्रवेश पर भी नहीं हैं कोई पाबंदी, प्रशासन मौन**



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत के मुख्य बाजार जयप्रकाश चौक से आंबेडकर चौक तक प्रतिदिन ठेला, टेंपो व बड़े-बड़े वाहनों के लगने से प्रतिदिन जाम लग जा रहा। इस संबंध में कई बार स्थानीय लोगों ने हुसैनाबाद एसडीओ व नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर जाम से निजात दिलाने की मांग की गई थी। किंतु अब तक स्थानीय लोगों को जाम से निजात नहीं मिला। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन कुछ ठेला व बड़े-बड़े वाहनों को सड़क पर ही लगाकर सब्जी उतारा जाता है। ग्रामीणों ने कहा कि अगर यही स्थिति रही तो शहर के लोग आंदोलन को बाध्य होंगे। ग्रामीणों ने कहा कि सबसे अधिक परेशानी एसबीआई बैंक में आने जाने वाले लोगों को हो रही है। आंबेडकर चौक से एसबीआई बैंक तक चारों तरफ सब्जी बेचने वाले लोगों के अलावा स्थानीय दुकानदार अपने अपने दुकान के बाहर अतिक्रमण कर लोगों को बेवजह परेशान कर रहे हैं, अतिक्रमण के संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी टीके हंस ने बताया कि इस मामले में दुकानदारों को कई बार कहा गया है, इसके बाद भी वे सुधार नहीं कर रहे हैं, ऐसे में आगे जुर्माना वसूल करने की कार्रवाई की जाएगी। मालूम हो कि यह स्थिति हुसैनाबाद मुख्य बाजार के अलावा जपला छतरपुर मुख्य पथ, हैदर नगर जपला मुख्य पथ पर काफी संख्या में मुख्य सड़क पर ही टेंपो लगाकर लोगों को परेशान किया जा रहा है। परंतु प्रशासन के द्वारा इस दिशा में कोई सार्थक प्रयास नहीं किया गया। एसडीओ व एसडीपीओ के नाम से जेपी चौक के समीप एक बोर्ड लगाया गया था, जो सुबह आठ बजे से रात्रि आठ बजे तक बड़े वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहने से संबंधित लिखी गई थी,परंतु ओवरब्रिज निर्माण के समय यह बोर्ड शहर से गायब हो गया। आज स्थिति यह हैं कि शहर में बड़े वाहन भी दिन में आने जाने से कोई रोकटोक नहीं रह गया है। यही कारण है कि आये दिन जाम की स्थिति हमेशा बन रही है।

## एक नजर

### हैदरनगर के परता में 224 लाइनर प्लांट लगने की प्रक्रिया शुरू

**हैदरनगर।** शुद्ध पर्यावरण कायम रखने के लिये किसी भी क्षेत्र में सभी वर्गों के प्रयास से विभिन्न किस्म के पेंड़ पौधों का होना जरुरी है। हैदरनगर के परता पंचायत में बुधवार को मुखिया कमल कुमार पासवान व पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय की पहल पर 224 लाइनर प्लांट लगाने की प्रक्रिया शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि इसके लिये परता-कबरा कला मेन रोड से ग्राम पंचायत परता सचिवालय तक सड़क के दोनों बगल कतारवद्ध कुल 224 विभिन्न किस्मों के पौधा का रोपण किया जायेगा। आने वाले बरसात में इसकी जड़ें मजबूत होने व पेंड़ों के तैयार होने के बाद इस पंचायत के ग्रामीणों को शुद्ध पर्यावरण मिलने का भी बड़ा लाभ मिलेगा। उन्होंने कार्य स्थल के निकटवर्ती ग्रामीणों की इसकी देखभाल व रखखाव पूरे बरसात तक गंभीरता से करने का सुझाव भी दिया है। इस मौके पर उनके अलावा रोजगार सेवक राकेश कुमार, गुड्डू पांडेय, राजू विश्वकर्मा, मजदूर युगल राम, विदेशी राम सहित कई लोग मौजूद थे।

### हथियार लहराता युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**छत्तरपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम केरकी में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 19 वर्षीय उपेंद्र लोहार को एक देसी कट्टा और एक जिंदा गोली के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी ने बताया कि वह लेबर सप्लाई का काम करता है और चार दिन पहले एक ठेकेदार से छह मजदूर देने के एवज में 50 हजार लिए थे। एक मजदूर के नहीं पहुंचने पर ठेकेदार ने उस पर दबाव बनाया और घर आकर गाली-गलौज करने लगा। जिससे परेशान होकर उसने हथियार निकाल कर डराने की कोशिश की। छापेमारी दल में थाना प्रभारी प्रशांत कुमार ,अशोक टोप्पो, सुनील उरांव, राहुल कुमार, पुलिस बल शामिल थे।

# नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म का प्रयास, दो गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** थाना क्षेत्र की एक आदिवासी नाबालिग बच्ची के साथ मंगलवार की देर शाम सामूहिक दुष्कर्म का प्रयास किया गया। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए दो संदिग्ध आरोपियों को हिरासत में लिया है। घटना स्थल से मुख्य आरोपी की बाइक भी बरामद हुई है। हालांकि मुख्य आरोपी फरार है। दरअसल पीड़िता किराये के एक मकान में रहती है। घटना के दिन वह घर के बाहर खेल रही थी। इस क्रम में आरोपी मौके पर पहुंचा और पीड़िता को कुछ दूर सुनसान इलाके में ले गया। इस घटना को पीड़िता के साथ खेलने वाली एक दूसरी लड़की ने देख लिया और उसने सारी जानकारी परिजनों को दी। इसके बाद परिजन व अन्य लोग पीड़िता को खोजते हुए मौके पर पहुंचे तो देखा कि आरोपी उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास कर रहा है। परिजनों और अन्य लोगों को देखकर आरोपी फरार हो गया। मौके पर मुख्य आरोपी की बाइक छूट गई। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को हिरासत में लिया है, जबकि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। घटना के संबंध में पांकी के थाना प्रभारी राजेश रंजन ने बताया कि पीड़िता का बयान लिया गया है व परिजनों के तरफ से आवेदन दिया गया है। पुलिस मामले में कार्रवाई करते हुए अन्य आरोपियों को पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही है। पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए भेजा जा रहा है। पीड़िता का न्यायिक दंडाधिकारी के समक्ष भी बयान दर्ज कराया जाएगा।

### ओम कपूर जिला स्तरीय कैरम प्रतियोगिता में प्रथम

**हरिहरगंज।** झारखंड शिक्षा परियोजना द्वारा सरकारी विद्यालयों के लिए बुधवार को आयोजित जिला स्तरीय कैरम बोर्ड प्रतियोगिता में ओम कपूर कुमार ने अंडर 19 एकल कैरम बोर्ड प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। हरिहरगंज प्रखंड के कोकरो गांव स्थित पीएम श्री स्तरोन्नत प्लस टू उच्च विद्यालय कक्षा 9 का छात्र है। मेदिनीनगर स्थित जिला स्कूल के प्रशाल में संपन्न हुए प्रतियोगिता में ओम कपूर ने फाइनल मुकाबला में स्तरोन्नत उच्च विद्यालय पाटन के छात्र को 4 प्वाइंट से मात दिया। ओम कपूर को जीत की बधाई देते हुए प्राचार्य अरविंद प्रसाद गुप्ता ने कहा कि ओम की मेहनत और समर्पण ने उसे इस मुकाम तक पहुंचाया है। यह अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा। उन्होंने ओम की सफलता की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्रों में खेलकूद के प्रति रुचि बढ़ाते हुए मानसिक विकास में सहायक होती हैं।

# इलाज के लिये भटक रही पूर्व महिला सफाई कर्मी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर की साफ सफाई कराने को लेकर लगातार एक दशक से उपर कार्यरत महिला सफाई कर्मी लालती देवी को तीन वर्ष से मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। हाल के दिनों में बीमार चल रही लालती देवी का इलाज स्थानीय कई समाज सेवी व परिजनों के प्रयास से निजी क्लीनक में कराया जा रहा है। दरअसल इस महिला को चतुर्थ वर्गीय कर्मी की श्रेणी में दैनिक वेतन पर इस प्रखंड में नियुक्ति की गई थी। जिसे वर्ष 2022 में बीमारी की हालात में अनुपस्थित रहने व तत्कालीन बीडीओ के बीच कहासुनी के बाद इसके स्थान पर दूसरे महिला सफाई कर्मी अनीता को जिला प्रशासन के आदेश पर बहाल कर दिया गया। इसके साथ ही उक्त तत्कालीन बीडीओ से इसके मानदेय भुगतान पर विराम लगाकर यहां से चलते बने। मुखिया कमल कुमार



पासवान ने बताया कि दलित परिवार की इस महिला को एक विशेष साजिश के तहत मानदेय बंद कर दूसरी महिला को सफाई कार्य के लिये रखा गया है। वर्तमान हालात यह है कि मानदेय भुगतान कराने व उनकी सेवा नियमित करने को लेकर लालती न्यायालय की शरण में न्याय पाने की आस में चली गई है। लालती का कहना है कि न्याय और मानदेय मिले या न मिले, किन्तु पैसे के अभाव में उनकी जान तो चली ही जायेगी। उन्होंने बताया कि दो दिनों पूर्व ही प्रखंड कार्यालय के कार्यावधि के दौरान अचानक बेहोश होकर गिर पड़ी। बावजूद उन्हें किसी ने अस्पताल तक भेजवाने को आगे नहीं आये। जबकि मानदेय लंबित रहने के बाद सेवा देती रही है। आनन फानन में वहां उपस्थित उपमुखिया परवेज आलम, हीरामन राम ने उन्हें डॉ. मनोरंजन प्रसाद सिंह के क्लीनीक में लाकर इलाज शुरू कराया। उन्होंने कहा कि उन्हें दलित परिवार की महिला होने का तिरस्कार का दंश झेलना पड़ रहा है।

### खेल व ज्ञान का संगम है ग्रीष्मकालीन शिविरः अभिलाषा

**हरिहरगंज।** विभागीय निर्देश के आलोक में प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आगामी 16 मई तक चलने वाले इस शिविर में कक्षा 10 तक के विद्यार्थी शामिल हैं। कटैया ग्राम स्थित स्तरोन्नत उच्च विद्यालय में आयोजित इस शिविर में मंगलवार से प्रारंभ शिविर में खेल पासपोर्ट बनाना, देशी खेल, मिट्टी , लकड़ी,कागज से खेल सामग्री निर्माण कराने सहित कई तरह की गतिविधियां करवाई गई। प्रधानाध्यापिका अभिलाषा कुमारी ने बताया कि ग्रीष्मकालीन शिविर खेल और ज्ञान का अद्भुत संगम है। आनंददायी वातावरण में बच्चे खेल के माध्यम से अपनी रचनात्मक कौशल का विकास करते हैं। इस संपूर्ण प्रक्रिया में उनका सर्वांगीण विकास होता है। इसके अलावा सीता प्लस टू उच्च विद्यालय, बालिका उच्च विद्यालय,मेन रोड स्थित मध्य विद्यालय सहित कई विद्यालयों में शिविर का आयोजन किया गया।

# जवाहर नवोदय विद्यालय टू का परीक्षाफल शत प्रतिशत

**लड़का में आयुष राज ने 95.6 व बालिका में सुष्मिता ने 92.4 लाकर बनी टॉपर**

**हर्ष यादव द्वितीय व अर्णव सिंह तृतीय रहे**



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसइ) ने रिजल्ट जारी कर दी। इस रिजल्ट आते ही सीबीएसइ बोर्ड के बच्चों में खुशियों की लहर दौड़ गयी। इस बार भी छात्रों के अपेक्षा छात्राओं ने टॉपर की सूची में दबदबा कायम रखी। हालांकि अंकों के अंतराल में छात्रों ने भी बेहतर प्रदर्शन किया हैं। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय जपला पलामू टू के बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए विद्यालय के कुल 38 परीक्षार्थियों में सभी सफल हुए हैं , जिसके बाद प्राचार्य अशहर रूमी, सीनियर मोस्ट टीचर राणा तब्बसुम, शालिनि तिग्गा समेत सभी लोगों ने हर्ष जताया हैं। इसकी जानकारी देते हुए प्राचार्य ने बताया कि विद्यालय से कुल 38 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। जिसमें सभी पास हो गए हैं। यानी 100 प्रतिशत रिजल्ट हुआ है। उन्होंने बताया कि लड़को के श्रृंखला में आयुष राज ने 95.6% लाकर विद्यालय टॉपर बने, छात्राओं में सुष्मिता कुमारी ने 92.4%लाकर टॉपर में स्थान बनाई। हर्ष कुमार यादव एवं कुमार अर्णव सिंह द्वितीय व तृतीय स्थान पर कब्जा जमाया। अगर स्कूल की प्रतिशत में बात करें तो 21% विद्यार्थियों ने 90% अंक लाने में कामयाब रहे हैं। 71% प्रतिशत विद्यार्थी 75 % तक अंक लाये है। प्राचार्य ने कहा कि विद्यालय परिवार की ओर से सभी विद्यार्थियों की उज्ज्वल भविष्य की कामना करते है। विद्यालय में प्लस टू में भी बेहतर रिजल्ट प्रदर्शन आएगा। सभी सफल विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई इसी विद्यालय से होगा।

### दो चापनल व जलमीनार खराब, परेशानी बढ़ी

**डंडई।** प्रखंड कार्यालय परिसर में लगा तीन चापानल खराब हो गया है। तीन चापानल में दो को अधिष्ठापित हुए दो से चार वर्ष का समय बीत गया, लेकिन प्रखंड कार्यालय परिसर के गेट पर चापानल के साथ टैग कर लगाया गया जलमीनार को लगे अभी एक साल का भी समय नहीं गुजारा है कि वह खराब हो गया। अधिष्ठापित के बाद उक्त जलमीनार दूसरा गर्मी भी नहीं देख पाया। भीषण गर्मी में अपने-अपने कार्यों को लेकर प्रखंड कार्यालय आ रहे ग्रामीणों को पानी के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पानी की परेशानी के कारण प्रखंड कार्यालय आने वाले ग्रामीण घर से पानी का प्रबंध कर प्रखंड कार्यालय आना पड़ रहा है। या खुले बाजार से पानी बोतल की खरीदारी कर रहें हैं। ग्रामीणों ने बताया कि प्रखंड कार्यालय परिसर में अधिष्ठापित चापानल की हालत ऐसी है, तो प्रखंड अन्य स्थानों पर अधिष्ठापित चापानल के बारे में कुछ भी कहना बेमानी होगी। उन्होंने बताया कि प्रखंड कार्यालय परिसर के गेट के चापानल से टैग कर जब से जालमीनार लगा है, तब से हम लोगों को पानी के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

# बच्चों ने किया भीमचूल्हा का भ्रमण



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** राजकीयकृत मध्य विद्यालय (हार्वे, जपला) के छात्र-छात्राओं ने बुधवार को पर्यटक स्थल ऐतिहासिक भीम चूल्हा का भ्रमण और सौंदर्य का अवलोकन किया। साथ में मौजूद प्रधान शिक्षक रणजीत कुमार ने कहा कि सरकार के बैगलेस टूर प्रोग्राम के तहत इस स्कूल के 6,7 और 8 वीं क्लास के छात्र-छात्राओं का शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें शामिल बच्चे भीम चूल्हा के ऐतिहासिक महत्व की जानकारी प्राप्त कर आह्लादित हुए। प्राकृतिक सौंदर्य और भीमबराज के विहंगम नजारे का अवलोकन कर अभिभूत नजर आए। पुजारी गंगा तिवारी और मंदिर के सेवक सत्येंद्र कुमार चंद्रवंशी ने बतौर गाइड भीम चूल्हा के ऐतिहासिक महत्व से उन्हें अवगत कराया। उन्होंने बताया कि बच्चों ने माता कुंती और पांडव पुत्रों की आदमकद प्रतिमा, तीन शिलाओं पर चढ़ाई गई कड़ाही, विशालकाय शिलाखंड पर अमिट महाभारत काल के पद चिन्हों और गजराज स्थल के साथ ही वाच टावर का अवलोकन किया। इस टूर में स्कूल प्रधान के अलावा शिक्षिका कुमारी प्रीतिलता, कंप्यूटर शिक्षक राजेश कुमार, एसएमसी अध्यक्ष मोहसिन इदरीसी और संयोजिका संध्या देवी भी शामिल थे। बताया जाता है कि सैलानियों, धमानुर्रागियों और मांगलिक कार्य के लिए पसंदीदा बनने के साथ ही शैक्षणिक भ्रमण को लेकर भी इस ऐतिहासिक महत्व के पर्यटक स्थल की अलग पहचान बन गई है।

## न्यूज बॉक्स

### सहार विहरा में शिव मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर जलयात्रा 19 को



**मोहम्मदगंज।** प्रखंड अंतर्गत कोल्हुआ-सोनबरसा पंचायत के सहार विहरा गांव में नवनिर्मित शिवमंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर इसके प्रचार-प्रसार के साथ तैयारी शुरू कर दी गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 19 मई को जल यात्रा से 6 दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ होगा। 20 मई से प्रतिदिन पूजन और संध्याकाल में श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। 23 मई को शिव मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान संपन्न होगा। 24 मई को भंडारा और मशहूर व्यास के भजन गायन के साथ इस आयोजन की पूणार्हुति होगी। संपूर्ण धार्मिक कार्यक्रम सनातनियों के गुरुदेव त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के परम शिष्य पूज्य श्री लक्ष्मीप्रप्पन्न जीयर स्वामी जी महाराज के सान्निध्य में आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में सभी ग्रामीणों का सक्रिय सहयोग मिल रहा है। ग्रामीणों ने इसे श्रीप्रभू श्रीमन्नारायण की अहैतुकी कृपा बताते हुए सभी धमानुर्रागियों से इस धार्मिक आयोजन में शामिल होकर पुण्य कर्म का भागीदार बनने की अपील की है।

### पंसा-हैदरनगर रोड निर्माण की मंजूरी ग्रामीणों के आंदोलन का प्रतिफलः अश्विनी

**मोहम्मदगंज।** पंसा-हैदरनगर रोड निर्माण की सासंद वीडी राम के प्रयास से केंद्रीय मद से मंजूरी मिलने पर ग्रामीण और सामाजिक-राजनीतिक नेताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। पंसा निवासी युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह ने कहा कि ग्रामीणों के आंदोलन और इसमें जिला पार्षद अंजू देवी, उपप्रमुख नगीना सिंह के साथ ही मुखिया अबूनसर सिद्दीकी, विकास सिंह सहित मुजीबुद्दीन खान, सत्येंद्र सिंह, शुभम कुमार सिंह और अन्य कई लोगों की सहभागिता का प्रतिफल बताया है। उन्होंने इसके लिए सांसद के प्रति आभार जताया है। उन्होंने बताया कि उक्त सड़क के निर्माण की मांग वर्षों से हो रहा थी। इस सड़क से लाभांवित रामबान्ध, केवालपर, तारा,पंसा सहित कई गांव के लोगों ने चरणबद्ध तरीके से आंदोलन किया था। सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह ने इस सड़क निर्माण की दिशा में सांसद के सकारात्मक पहल को सराहनीय कदम बताया है। इसके लिए उनके प्रति आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि सांसद ने जो कहा था उसे कर दिखाया है। पंसा-हैदरनगर पथ दो दर्जन से अधिक राजस्व गांवों के ग्रामीणों के आवागमन का प्रमुख माध्यम है। मगर इसमें बड़े-बड़े इतने गड्ढे हो गए हैं कि इस पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। इसी पथ से ही जुड़ा उत्तर कोयल नदी में बना राज्य का अतिमहत्वपूर्ण उच्चस्तरीय पुल भी है। इस पथ का बेहतर तरीके से निर्माण हो जाने से इससे होकर गढ़वा जिला होते हुए छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश आदि राज्यों में जाने में काफी सहूलियत होगी। बताया जाता है कि वर्ष 2019 में ही पथ निर्माण विभाग ने सर्वे के बाद डीपीआर तैयार कर केंद्रीय निरूपण संगठन पथ निर्माण विभाग झारखंड (रांची) को तकनीकी स्वीकृति के लिए जमा किया था। मुख्यमंत्री को मांग पत्र में इन तमाम विंदुओं से अवगत करा दिया गया था। उक्त सड़क को पथ निर्माण विभाग से बनवाने की मांग को लेकर इससे संबंधित क्षेत्र के ग्रामीणों ने गांव-गांव में हस्ताक्षर अभियान भी चलाया था। 7.5 किमी लंबी इस सड़क में मानव श्रृंखला बनाकर अपनी इस मांग को सरकार और जन- जन तक बुलंद किया था।

# बराही धाम परिसर में भूमि पूजन अनुष्ठान कार्यक्रम में उमड़ा श्रद्धालुओं का आस्था



**551 फीट मां दुर्गा, 151 फीट नवग्रह मंदिर का भूमि पूजन**

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिला का बराही धाम अब वैश्विक धार्मिक स्थल के रूप में अग्रसर हो चुकी है। अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक मानचित्रों में बराही धाम को विकसित करने के लिए बुधवार को भूमि पूजन अनुष्ठान कार्यक्रम आयोजित की गई। अनुष्ठान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के पूर्व सांसद बृज भूषण सिंह सैकड़ों विशिष्ट अतिथियों के अलावा हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालु इसके साक्षी बने। सुबह से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। भूमि पूजन अनुष्ठान में यजमान के रूप में शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के संयोजक रंधीर कुमार सिंह उनकी धर्मपत्नी संजना सिंह मुख्य रूप से मौजूद थी। भूमि पूजन अनुष्ठान में श्री सुंदर राज(यतिराज) स्वामी जी महाराज,देश चर्चित भागवत कथा वाचक पंडित गौरांगी गौरी के सानिध्य में विधान पूर्वक पूजन कराया। दोनों मंदिरों के नींव अनुष्ठान पूजित वस्तुएं डाली गयी। साथ ही रंधीर कुमार सिंह ने नारियल फोड़कर गईता चलाकर नींव की खुदाई की। इस अनुष्ठान के दौरान अयोध्या, वाराणसी, मथुरा, बिहार समेत कई स्थानों के साधु संतों ने भाग लिया।

### भक्ति के सरोबार में डूबा रहा बराही धाम

सात मई से आयोजित बराही धाम महोत्सव के दौरान पूरा माहौल भक्तिमय बना रहा। भूमि पूजन के बाद जय माता दी के उद्घोष से बराही धाम परिसर गूंज उठा। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन,भूमि पूजन के दौरान भोजपुरी स्टार पवन सिंह, पंडित गौरांगी गौरी, गुंजन सिंह, स्वार्जित सिंह ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत की

# सूर्य की तपिश से सड़को पर पसरा सन्नाटा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** जेठ महीना चढ़ते ही प्रचंड गर्मी से धरती की तपिश बढ़ने लगी है। पारा ने विकराल रूप धारण कर लिया है। दोपहर होते ही सड़कों पर सन्नाटा पसरने लगाता है। लोग कम ही सड़को पर चलते नजर आते है। सभी विद्यालयों का संचालन सुबह 7 बजे से 11:30 बजे तक चलाने का निर्देश दें दिया गया है। लेकिन कोचिंग संस्थान अपने सुविधानुसार समय निर्धारित करते हैं। दोपहर में 41 डिग्री तापमान में सुनसान सड़को लोग कम ही दिखते हैं। झूलसा देने वाले गर्मी में सभी घरों में दुबके हैं।

# अनाधिकृत रूप से यात्रा कर रहे 12 लोगों को आरपीएफ ने पकड़ा




**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** सोननगर गढ़वा रोड रेल खंड के जपला रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी राजेश कुमार मीना के नेतृत्व में बुधवार को अधिकारी व स्टाफ द्वारा वरीय अधिकारियों के निर्देश पर विशेष अभियान चलाया गया। अभियान में रेल अधिनियम के तहत गाड़ी संख्या 53350 डाउन में महिला, दिव्यांग कोच, एसएलआर में अनधिकृत यात्रा कर रहे हैं 12 लोगों को पकड़ा गया। आरपीएफ इंस्पेक्टर प्रभारी राजेश कुमार मीना ने बताया कि अनाधिकृत रूप से यात्रा करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध अभियान चलाया गया। जिसमें धारा 162 रेलवे एक्ट में 7 व धारा 155 रेलवे एक्ट में 5 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर न्यायिक दंडाधिकारी डालटनगंज को भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि न्यायालय ने सभी को जुमार्ना देने के बाद रिहा कर दिया है। उन्होंने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि जिन्हें भी अनाधिकृत यात्रा करते या रेल परिसर में विचरण करते पकड़ा जाएगा। उनपर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**पीएम श्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय हुसैनाबाद में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन**

# चिकित्सकीय टीम की देखरेख में हुआ स्वास्थ्य जांच




**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पीएम श्री कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय हुसैनाबाद में बुधवार को एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सभी छात्राओं के हेल्थ कार्ड बनाए गए। यह पहल पीएम श्री विद्यालय योजना के मानदंडों व शिक्षा विभाग के निर्देशों के आलोक में की गई, जिसका उद्देश्य छात्राओं के स्वास्थ्य की निगरानी और समय-समय पर मूल्यांकन करना है। इस प्रक्रिया को वार्षिक स्वास्थ्य परीक्षण से जोड़ा गया है, जिससे छात्राओं के शारीरिक विकास व स्वास्थ्य की नियमित जानकारी रिकॉर्ड की जा सकेगी। हेल्थ कार्ड में प्रत्येक छात्रा की स्वास्थ्य संबंधी जानकारी जैसे वजन, ऊंचाई, रक्तचाप, नेत्र जांच, पोषण स्तर आदि विवरण दर्ज किए जाएंगे। इस कार्य के लिए विद्यालय में विशेष चिकित्सकीय टीम को आमंत्रित किया गया, जिसमें डॉक्टर रिजवान के नेतृत्व में टीम ने सभी छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया और उनकी रिर्पोट हेल्थ कार्ड में दर्ज की। विद्यालय की शिक्षिकाओं व कर्मचारियों ने इस स्वास्थ्य अभियान में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की वार्डेन किरण सिंह, शिक्षिकाएं सुष्मिता रानी, रागिनी कुमारी, अंशकालिक शिक्षिकाएं सुमन मैम, शारदा मैम, अर्शू, नीलम मेहता और सुमित्रा भी उपस्थित रही। चिकित्सीय टीम ने न केवल छात्राओं की जांच की, बल्कि उन्हें स्वास्थ्य, स्वच्छता, संतुलित आहार और नियमित जांच की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी। विद्यालय प्रशासन ने कहा कि यह पहल अब हर वर्ष दोहराई जाएगी, ताकि सभी छात्राओं का समग्र स्वास्थ्य विकास सुनिश्चित किया जा सके।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को समर्पित तिरंगा यात्रा 15 मई को



**मेदिनीनगर।** पांकी विधायक डॉ. कुशवाहा शशि भूषण मेहता ने कहा कि पाकिस्तान द्वारा किए गए दुस्साहसी आतंक पर भारत की ऐतिहासिक विजय ऑपरेशन सिंदूर राष्ट्र का गौरव है। भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने इस विजयगाथा को जन-जन तक पहुंचाने और देशवासियों में गर्व का भाव जागृत करने के उद्देश्य से तिरंगा यात्रा के आयोजन का निर्णय लिया है। विधायक ने बताया कि इस तिरंगा यात्रा के माध्यम से हर शहर और गांव में देशभक्ति की भावना को मजबूत किया जाएगा। उन्होंने सभी देशप्रेमी नागरिकों, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं प्रबुद्धजनों से अपील की है कि वे 15 मई 2025 (वृहस्पतिवार) को सुबह 9:00 बजे साहित्य समाज चौक, मेदिनीनगर में उपस्थित होकर इस तिरंगा यात्रा में भाग लें। यह यात्रा देश की रक्षा के लिए बलिदान देने वाले वीरों को सम्मान देने का अवसर भी होगी और नागरिकों में एकता, साहस और राष्ट्रीय स्वाभिमान का संचार करेगी।

# सरकारी वाहन से टक्कर, युवक घायल... ड्राइवर नशे में, फिर भी पुलिस चुप क्यों?

- आम आदमी पर तुरंत कार्रवाई, लेकिन डीसीएलआर की गाड़ी से हादसे पर चुप्पी; सिस्टम पर उठे सवाल

नवीन मेल संवाददाता







**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र अंतर्गत नामधारी गुरुद्वारा के पास बुधवार दोपहर दो बजे डीसीएलआर के सरकारी वाहन ने बाइक सवार युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक सवार युवक धक्का खाकर सड़क पर गिर पड़े और वाहन का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों का दावा है कि वाहन चालक नशे की हालत में था और हादसे के तुरंत बाद गाड़ी छोड़कर मौके से भाग गया।

स्थानीय लोगों ने वाहन को रोकने की कोशिश की, लेकिन ड्राइवर फरार हो गया। हैरानी की बात यह रही कि ट्रैफिक प्रभारी समायल अहमद मौके पर पहुंचे, स्थिति का जायजा लिया, फिर भी कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई। जब कोई आम आदमी हल्की सी टक्कर भी किसी वाहन या पैदल यात्री को मार देता है तो तुरंत एफआईआर, गिरफ्तारी और चालान की कार्रवाई होती है। ऐसे में सवाल उठता है कि सरकारी वाहन से टक्कर के बावजूद न तो एफआईआर हुई, न ड्राइवर की मेडिकल जांच और न ही कोई कानूनी प्रक्रिया अपनाई गई। पुलिस ने बताया कि घायल युवकों ने शिकायत दर्ज नहीं कराई और वे हल्की चोट के बाद अपनी बाइक लेकर निकल गए। लेकिन सवाल यह है कि जब वाहन सरकारी था और हादसे में नशे की आशंका जताई गई, तो स्वतः संज्ञान में कार्रवाई क्यों नहीं की गई? डीसीएलआर प्यारेलाल ने सफाई देते हुए बताया कि उनकी गाड़ी मैकेनिक से लौट रही थी और रास्ते में यह मामूली टक्कर हो गई। उन्होंने यह भी कहा कि घटनास्थल पर भीड़भाड़ रहती है, ऐसे में तेज गति संभव नहीं। मगर क्या भीड़भाड़ वाले इलाके में टक्कर होना यह साबित नहीं करता कि लापरवाही या नशे की स्थिति थी? क्या पुलिस की कार्रवाई सिर्फ आम लोगों के लिए है? इस हादसे ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या कानून सभी के लिए बराबर है, या फिर सरकारी नंबर प्लेट के आगे पुलिस की सख्ती भी झुक जाती है?

## लोड शेडिंग से बिजली आपूर्ति हुई अनियमित, शहर से गांव तक लोग परेशान



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिले में बिजली आपूर्ति की स्थिति एक बार फिर से बिगड़ती नजर आ रही है। बीते दो दिनों से लगातार हो रही लोड शेडिंग के कारण शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक लोग परेशान हैं। दिनभर कई-कई घंटे बिजली कटने से जनजीवन प्रभावित हो गया है। गर्मी के इस मौसम में लगातार बिजली कटौती से लोगों को राहत की बजाय परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार, बिजली कंपनी द्वारा घोषित समय के अलावा भी अनियोजित बिजली कटौती की जा रही है। इससे घरों, बाजारों, स्कूलों और दफ्तरों में कामकाज बाधित हो रहा है। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में तो स्थिति और भी बदतर है। विशेषकर शाम और रात के समय बिजली गायब रहने से बच्चों की पढ़ाई और लोगों की नींद दोनों प्रभावित हो रही हैं।

नगर निगम क्षेत्र के बैरिया, पुरानी बस स्टैंड, लालपुर, खजूरी, छत्तरपुर, सतबरवा, विश्रामपुर समेत कई क्षेत्रों में बिजली गुल रहने से आमजन आक्रोशित हैं। वहीं ग्रामीण इलाकों में घंटों तक बिजली नहीं मिलने से लोग इन्वर्टर और जनरेटर पर निर्भर हो गए हैं। स्थानीय निवासियों ने बिजली विभाग से लोड शेडिंग पर रोक लगाने और नियमित आपूर्ति बहाल करने की मांग की है। इस संबंध में बिजली विभाग के अधिकारियों का कहना है कि तकनीकी कारणों और ट्रांसमिशन बाधाओं के चलते आपूर्ति प्रभावित हो रही है, जिसे जल्द ही ठीक करने का प्रयास किया जा रहा है।

# शहीद नीलाम्बर-पीताम्बर की प्रतिमा उपेक्षित, सौंदर्यीकरण की मांग तेज

- झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने सौंदर्यीकरण, पहुंच पथ व सीढ़ी निर्माण की मांग को लेकर प्रशासन से लगाई गुहार

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** 1857 की क्रांति के वीर योद्धा शहीद नीलाम्बर और पीताम्बर की प्रतिमा आज उपेक्षा की शिकार है। नावाटोली स्थित गुरुद्वारा के सामने तालाब किनारे स्थापित यह प्रतिमा न सिर्फ ऐतिहासिक महत्व की है, बल्कि पलामू की गौरवगाथा की प्रतीक भी है। प्रतिमा स्थल की बदहाल स्थिति को लेकर झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने नाराजगी जताई है और प्रशासन से शीघ्र सौंदर्यीकरण की मांग की है।

मोर्चा की ओर से सोमवार को एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि प्रतिमा स्थल तक जाने वाला मार्ग गंदगी से पटा हुआ है। प्रतिमा पर माल्यार्पण व श्रद्धांजलि देने के लिए चढ़ने की कोई व्यवस्था नहीं है। यह स्थिति न केवल अपमानजनक है, बल्कि हमारी ऐतिहासिक विरासत की भी अनदेखी है। ज्ञात हो कि इस प्रतिमा का अनावरण झारखंड राज्य के प्रथम विधानसभा अध्यक्ष स्व. इंदर सिंह नामधारी द्वारा किया गया था। शहीद नीलाम्बर-पीताम्बर ने 1857 में पलामू क्षेत्र में गुरिल्ला युद्ध के जरिए अंग्रेजों को चुनौती दी थी और बलिदान दिया था। ऐसे महानायकों की स्मृति स्थल की अनदेखी से आम जनता में भी असंतोष है। मोर्चा की मांग है कि प्रतिमा स्थल तक पक्के पहुंच पथ का निर्माण कराया जाए, सीढ़ी की व्यवस्था हो और संपूर्ण स्थल का सौंदर्यीकरण किया जाए। प्रतिनिधिमंडल में सतीश कुमार (केंद्रीय संयोजक), बालकिशुन उरांव (प्रमंडलीय अध्यक्ष), दाऊद केरकेट्टा (जिलाध्यक्ष), शंखनाथ सिंह, राजू कुमार प्रजापति, धर्मेंद्र चंद्रवंशी, प्रदीप कुमार सिन्हा और सलोमी टोप्पो शामिल थे।

### समाहरणालय में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन, कई मामलों पर हुई सुनवाई

# जनता दरबार में सुनी गईं आम लोगों की समस्याएं, कई मामलों में त्वरित कार्रवाई के निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय परिसर में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता कुंदन कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में आमजन से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं सुनीं और त्वरित समाधान का आश्वासन दिया।

जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं और मांगें संबंधित आवेदन पत्रों के माध्यम से प्रस्तुत किए। अपर समाहर्ता ने सभी आवेदनों का बारी-बारी से अवलोकन करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को स्थानांतरित कर आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया।

इस दरबार में सदर प्रखंड से पहुंचीं नीलू तिवारी ने अपने माता-पिता के देखभाल और संरक्षण के लिए आर्थिक सहायता की मांग की। पाटन प्रखंड के नावाजयपुर थाना क्षेत्र के ग्रामीणों ने महिला स्वयं सहायता समूह के संचालन में अनियमितता को लेकर समूह रद्द करने की मांग रखी। चैनपुर प्रखंड के कृष्णा मुरारी प्रसाद ने खुद को भूमिहीन बताते हुए पारिवारिक बंटवारे की मांग की। वहीं सदर प्रखंड के दो भाइयों ने पाटन अंचल अंतर्गत गंगतुआ गांव की भूमि का दाखिल-खारिज कराने की पूर्व में दी गई अर्जी पर त्वरित कार्रवाई की अपील की।

जनता दरबार में कई अन्य लोगों ने भी अपनी समस्याएं रखीं, जिन पर अपर समाहर्ता ने संबंधित अधिकारियों को समुचित कार्रवाई के निर्देश दिए।

## विज्ञान संकाय में ऋषि राज व दसवीं में स्वर्ण राज बने राज्य टॉपर

- सीएम उत्कृष्ट विद्यालय के छात्रों ने सीबीएसई परीक्षा में लहराया परचम

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय (जिला स्कूल) के छात्रों ने सीबीएसई 2025 की 10वीं और 12वीं की परीक्षा में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। मंगलवार को घोषित परिणाम में विद्यालय के विज्ञान संकाय के छात्र ऋषि राज ने 96.2% अंक प्राप्त कर न केवल जिले में, बल्कि राज्य के सभी 80 उत्कृष्ट विद्यालयों में प्रथम स्थान हासिल किया है। इसी क्रम में अनन्या कुमारी ने 90% अंकों के साथ विद्यालय में दूसरा तथा रागिनी कुमारी ने 86.6% अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में विजेता बक्स राय ने 75.8% अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। दसवीं कक्षा में भी विद्यालय के छात्रों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। शिवलाल मेहता ने 96.6% अंक लाकर पूरे झारखंड राज्य में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों की मेधा सूची में विद्यालय के तीन छात्रों ने स्थान प्राप्त किया है। स्वर्ण राज ने 94.4% अंक के साथ पाँचवां स्थान और प्रशंसा दुबे ने 93.6% अंक के साथ सातवां स्थान हासिल किया।

# भाजपा की वरिष्ठ नेत्री स्मिता ने महावीर मंदिर में पूजा अर्चना की

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** भाजपा की वरिष्ठ नेत्री स्मिता ने ज्येष्ठ माह के पावन अवसर पर मेदिनीनगर बाजार स्थित प्रसिद्ध महावीर मंदिर में पूजा अर्चना की और समस्त क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की।

महाआरती में शामिल हुईं स्मिता, बजरंगवली की स्तुति में झूमी

शुद्ध देशी घी से बने लड्डू अर्पित कर नेवैद्य वितरित किया

स्मिता इस विशेष दिन पर शाम को आयोजित महाआरती में शामिल हुईं और घंटों तक चलने वाली इस महाआरती तथा भजन-कीर्तन में खड़ी होकर चालीसा और बजरंग-वाण का पाठ करती हुईं झूमती नजर आईं। उन्होंने भगवान को शुद्ध देशी घी से बने लड्डू अर्पित किए और बाद में नेवैद्य को भक्तों एवं कार्यकर्ताओं के बीच वितरित किया।

इस मौके पर स्मिता ने कहा कि "बजरंगबली ऐसे देवता हैं, जिन्हें अमरत्व का वरदान मिला है। कलयुग में उनकी स्तुति मात्र से भक्तों का कल्याण होता है और उनकी सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।" जिला सांसद प्रतिनिधि और भाजपा नेता भी रहे उपस्थित

इस विशेष अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालु मंदिर में मौजूद थे। कार्यक्रम में जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, वरिष्ठ भाजपा नेता ईश्वरी पाण्डेय, सांसद प्रतिनिधि भोला पाण्डेय, प्रमोद चौबे, मंडल अध्यक्ष श्रवण गुप्ता, नवीन गुप्ता, छोटू सिन्हा, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, मनोरंजन दुबे, कौशल झा सहित कई अन्य भाजपा नेता और कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

सभी ने मिलकर इस पावन अवसर को खास बनाने के लिए पूजा अर्चना में भाग लिया और भगवान से क्षेत्रवासियों की समृद्धि एवं शांति की कामना की।

## विशुन राम बने फेडरेशन के प्रमंडलीय अध्यक्ष



- झारखंड लोकल बॉडीज इम्पलाईज फेडरेशन की बैठक में संगठन सशक्तिकरण पर जोर

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड लोकल बॉडीज इम्पलाईज फेडरेशन की राज्य स्तरीय बैठक रविवार को प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन की वर्तमान स्थिति, आगामी गतिविधियों और कर्मचारियों की लंबित मांगों पर चर्चा की गई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि जुलाई माह में फेडरेशन का दो दिवसीय राज्यस्तरीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें राज्य भर के सभी नगर निकायों से फेडरेशन प्रतिनिधि और कर्मचारी भाग लेंगे।

संगठन को मजबूत करने और कार्यक्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से कई सदस्यों को विभिन्न पदों की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसी क्रम में मेदिनीनगर नगर निगम इकाई के अध्यक्ष विशुन राम को पलामू प्रमंडलीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उन्हें पलामू प्रमंडल के अंतर्गत सभी नगर निकायों में संगठन विस्तार एवं सशक्तिकरण का दायित्व सौंपा गया। प्रदेश अध्यक्ष अशोक सिंह ने संगठन के सभी पदाधिकारियों से अपने-अपने क्षेत्र में सक्रियता बढ़ाते हुए कर्मचारियों के हित में कार्य करने का आह्वान किया। बैठक में प्रदेश महासचिव अनूप लाल हरी, संजय मंडल, लखन हरिजन सहित कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## समाहरणालय परिसर में लगा वाटर कूलर, शुद्ध व ठंडा पानी मिलेगा

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** जिला परिषद ने समाहरणालय परिसर में नया वाटर कूलर स्थापित किया है, जिससे अब लोग शुद्ध और ठंडा पानी आसानी से प्राप्त कर सकेंगे। गर्मी के मौसम में यह सुविधा खासा लाभकारी होगी, क्योंकि पहले पानी के लिए लोगों को इधर-उधर भटकना पड़ता था। वाटर कूलर में आरओ प्रणाली के द्वारा पानी को पूरी तरह से शुद्ध किया जाता है। इससे न केवल प्यास बुझाने में आसानी होगी, बल्कि स्वास्थ्य लाभ भी मिलेगा। यह सुविधा समाहरणालय आने वाले लोगों के लिए राहत का कारण बनेगी।

### 17 वर्षों बाद भी नीलांबर-पीतांबर विवि मूलभूत सुविधाओं से वंचित : परिषद

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राज्य विश्वविद्यालय कार्य सह संयोजक मंजुल शुक्ला ने नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि विश्वविद्यालय की स्थापना के 17 वर्ष बाद भी कैंपस और महाविद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव है। भीषण गर्मी में भी महाविद्यालयों के समय में बदलाव नहीं किया गया है और न ही पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई है, जिससे छात्र-छात्राएं परेशान हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा विभाग मनमानी रवैये से संचालित हो रहा है। बिना किसी सार्वजनिक सूचना के निजी महाविद्यालयों में सेमेस्टर 6 का परीक्षा फॉर्म अंतिम तिथि के बाद भी भरा जा रहा है, जबकि सरकारी महाविद्यालयों के छात्र इससे वंचित रह गए हैं और विभाग के चक्कर काटने को विवश हैं।

## कांग्रेस नेता दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल इलाज के लिए निजी क्लिनिक में भर्ती

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** 10 मई 2025, शनिवार की रात 9:30 बजे वरिष्ठ कांग्रेस नेता और मनिका विधानसभा के एलडीएम, पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के पलामू जिला प्रतिनिधि ओम प्रकाश अमन एक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, ओम प्रकाश अमन अपने छोटे सुपुत्र को गायत्री मंदिर रोड सुदना स्थित लाइब्रेरी से अध्ययन समाप्त होने के बाद बाइक से अपने घर लौट रहे थे। इस दौरान गायत्री मंदिर के पास दो मोटरसाइकिल सवारों ने उनकी बाइक में धक्का मार दिया, जिससे वह सड़क पर गिर पड़े और घायल हो गए। घटनास्थल पर उनके परिवार के सदस्य, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हृदयानंद मिश्रा, विश्राम दुबे, लक्ष्मी नारायण तिवारी, सुनील गुप्ता सहित कई लोग पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें पुलिस लाइन स्थित निर्मला सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में डॉक्टर विजय सिंह और डॉक्टर प्रवीण सिद्धार्थ की देखरेख में एडमिट किया गया। इस घटना की सूचना मिलने पर पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आनंद शंकर पूरी रात जागकर डॉक्टरों और ओम प्रकाश अमन से संपर्क करते रहे, और उनके इलाज की स्थिति की जानकारी लेते रहे। डॉक्टरों के अनुसार, ओम प्रकाश अमन की बाईं पसली में दो जगह फ्रैक्चर हो गया है, और उनके बाएं कंधे सहित शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई हैं। उनके सुपुत्र को भी गंभीर चोटें आई हैं और पैर में स्टिच लगाना पड़ा है। सूचना मिलते ही कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रामाशीष पांडे, दयाशंकर तिवारी, सतीश कुमार सहित अन्य लोग अस्पताल पहुंचे और डॉक्टरों से ओम प्रकाश अमन के इलाज के बारे में जानकारी ली। डॉक्टरों के अनुसार, ओम प्रकाश अमन को दो महीने तक बेड रेस्ट की सलाह दी गई है।

# गुरुकुल विद्यालय के बच्चों ने सीबीएसई बोर्ड में लहराया परचम

नवीन मेल संवाददाता



**पड़वा।** प्रखंड के पाटन मोड़ बटसारा ग्राम स्थित गुरुकुल विद्यालय के बच्चों ने सीबीएसई बोर्ड 10वीं की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। यह गुरुकुल विद्यालय का पहला सीबीएसई बोर्ड बैच था, जिसमें विद्यालय ने 100% परिणाम के साथ क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम की है।

सत्र 2024-25 में गुरुकुल विद्यालय से पांच छात्रों ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा दी, जिनमें आयुष कुमार ने 81% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। करण कुमार ने 65% अंक लेकर द्वितीय स्थान, सौम्या विश्वकर्मा ने 54% अंक लेकर तीसरा स्थान, खुशी कुमारी और खुशी सिंह ने 54% अंक लेकर चौथा स्थान, जबकि प्रशांत कुमार चौहान ने 53% अंक लेकर पांचवां स्थान प्राप्त किया। इन बच्चों ने गुरुकुल विद्यालय का नाम रोशन किया।

बच्चों की सफलता के लिए गुरुकुल विद्यालय के अनुभवी शिक्षकों ने कड़ी मेहनत की, जिसका परिणाम आज सामने है। विद्यालय के लिए यह गर्व का पल है। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष श्री अनुज सिंह ने बच्चों को सम्मानित किया और उन्हें उत्साहवर्धक बातें बताई। उन्होंने अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभवों को साझा करते हुए शिक्षकों को भी सम्मानित किया।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक सहेंद्र साव ने बच्चों को बधाई दी और वादा किया कि आगे भी गुरुकुल विद्यालय से बच्चे अच्छे अंक लेकर अलग-अलग क्षेत्रों में सफलता प्राप्त करेंगे और अपना कैरियर बनाएंगे। इस खुशी के मौके पर सभी शिक्षकों ने बच्चों को बुके देकर सम्मानित किया और मिठाई खिलाकर उन्हें मुंह मीठा कराया।

गुरुकुल विद्यालय के प्रदर्शन से पूरे इलाके में खुशी का माहौल है। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक रूपेश सिंह, पवन कुमार मेहता, सतीश कुमार तिग्गा, शिक्षिकाएं सीमा श्रीवास्तव, नेहा शुक्ला, संध्या मिश्रा, रजनी सिंह, अभिलाषा मिश्रा, प्रीति कुमारी, अनुश्री, वर्षा पुरी, खुशबू कुमारी, अनुष्का सिंह, विजयलक्ष्मी चौबे तथा अन्य कर्मचारी विपिन सिंह, रानी देवी और सुहाग देवी भी मौजूद रहे।

# कॉफी विद एसडीएम: सैनिकों के परिजनों व पूर्व सैनिकों संग संवाद, शौर्य सेवा को नमन

## गढ़वा में एसडीएम संजय कुमार ने जताया सम्मान, सैनिक परिवारों की समस्याएं सुनीं व सुझाव मांगे

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) संजय कुमार के साप्ताहिक कार्यक्रम ह्लकॉफी विद एसडीएमह्व के अंतर्गत बुधवार को एक विशेष सत्र आयोजित हुआ, जिसमें गढ़वा अनुमंडल क्षेत्र के वर्तमान में सेवा में तैनात सैनिकों के परिजनों और पूर्व सैनिकों को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में देश की रक्षा सेवा से जुड़े परिवारों के योगदान को नमन करते हुए एसडीएम ने कहा कि सैनिकों का सम्मान केवल उनका नहीं, बल्कि उनके पूरे परिवार का सम्मान है। उन्होंने कहा कि देश और समाज हर परिस्थिति में सैनिकों के साथ खड़ा है। कार्यक्रम में उरी सेक्टर में तैनात सूबेदार संतोष पांडेय के पिता कैप्टन (सेवानिवृत्त) रामराज पांडे, हिसार में पदस्थ हवलदार श्रीकांत तिवारी के पिता सूबेदार रामकृष्ण तिवारी, एयरफोर्स, एसएसबी और आर्मी के कई अन्य परिजनों ने सहभागिता निभाई। शहीद आशीष तिवारी के पिता अरविंद तिवारी तथा शहीद रामप्रीत ठाकुर की पत्नी संकलिया देवी भी इस मौके पर उपस्थित रहीं। पूर्व सैनिकों में कैप्टन अशोक तिवारी, सूबेदार रामजी तिवारी, सूबेदार जुगल किशोर तिवारी, अजय कुमार तिवारी, सुदामा प्रजापति, अभिमन्यु चौबे, गोपाल दुबे सहित कई लोग शामिल हुए। उन्होंने सैनिक कल्याण, सिविल डिफेंस की सक्रियता, शहीद स्मारक और पूर्व सैनिक क्लब की स्थापना जैसे कई उपयोगी सुझाव दिए। इस दौरान कई सैनिकों के परिजनों ने भूमि, दाखिल-खारिज, एलआरडीसी, और अंचल कार्यालय से जुड़ी समस्याएं भी रखीं, जिस पर एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को जल्द समाधान का निर्देश दिया। एसडीएम संजय कुमार ने सैनिकों के परिजनों का चरणस्पर्श कर सम्मान जताया। कार्यक्रम में स्थानीय प्रतिष्ठान बाबा कमलेश के प्रोपराइटर कमलेश अग्रवाल ने सैनिकों के परिजनों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया। अंत में भारत माता की जय और वंदे मातरम् के उद्घोष से माहौल गूंज उठा।



# दाल भात केंद्र बंद, दिहाड़ी मजदूरों को हो रही परेशानी

नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री दाल-भात योजना भवनाथपुर प्रखंड परिसर में संचालित महिला समूह द्वारा पिछले कई दिनों से बंद है, जिससे गरीब, दिहाड़ी मजदूर और बेसहारा लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यह योजना सरकार द्वारा उन जरूरतमंदों के लिए शुरू की गई थी, जो 5 रुपये में भर पेट भोजन कर सके। भवनाथपुर में बड़ी संख्या में मजदूर, रिक्शा चालक, बुजुर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर लोग विभिन्न कार्यों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, अनाज गोदाम, प्रखंड अंचल कार्यालय में अपने निजी कार्यों के लिए दूर दराज गांव से आते है और इस केंद्र पर प्रतिदिन भोजन के लिए निर्भर रहते थे, लेकिन अब यह केंद्र अनाज की आपूर्ति ठप होने के कारण बंद पड़ा है। स्थानीय निवासी मजदूर नथुनी, मुना, रमेश, महेंद्र लालू, रामचंद्र ,राम लाल,सुनील,हीरा नन्द राम सहित लोग ने बताया कि रोज मजदूरी करते हैं। कभी-कभी खाना घर से नहीं मिलने पर या समय नहीं मिलने पर यहां 5 रुपये में अच्छा खाना मिल जाता था, लेकिन अब कई दिन हो गए केंद्र बंद है। कुछ लोगों ने आरोप लगाया कि प्रशासन की लापरवाही के चलते यह स्थिति बनी है। केंद्र में अनाज व राशन की नियमित आपूर्ति न होने के कारण यह जनकल्याणकारी योजना ठप हो गई है। इस संबंध में बीडीओ नंद जी राम से पूछे जाने पर बताया कि मार्च माह में समूह की महिला मेरे पास आई थी, लेकिन केंद्र कभी कभार खुलने की सूचना मुझे मिली थी। इस लिए मैने उन्हें आदेश नहीं दिया है। बताया कि आपूर्ति व्यवस्था में कुछ तकनीकी बाधाएं आई हैं, जिन्हें जल्द दूर कर लिया जाएगा। संभवतः इसी माह से केंद्र सुचारू रूप से चालू हो जाएगा।

# इंदु शुक्ला 94 प्रतिशत अंक लाकर बनी विद्यालय टॉपर

नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भवनाथपूर टाउनशिप के भैया बहनों ने सीबएसई द्वारा आयोजित 10वीं बोर्ड परीक्षा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपना परचम लहरा कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इंदु शुक्ला 94प्रतिशत अंक लाकर पूरे विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय टॉपर बनी। दूसरा स्थान शांभवी 91प्रतिशत, तीसरा स्थान आरूषी 88प्रतिशत, चौथा स्थान दीपिका 85प्रतिशत पांचवां स्थान सुहानी एवं रजनीकांत 84.4 प्रतिशत छठा स्थान शीला 83प्रतिशत, सातवां स्थान मानसी- 81 प्रतिशत, आठवां स्थान आराधना एवं शुभम 80 प्रतिशत नवां स्थान आदित्य 78प्रतिशत, 10वां स्थान रिंकी 77 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। भैया-बहनों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय के आचार्य राम इकबाल शर्मा, उज्ज्वल राज, धीरज, अजय सिंह टॉपर्स भैया -बहनों को उनके घर जाकर मिठाई खिलाकर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधकारिणी के अध्यक्ष अरविंद प्रताप सिंह सेंगर, सचिव साकेत विहारी सिंह ने भी भैया बहनों को बधाई दी। विद्यालय प्रधानाचार्य शिव बालक प्रसाद ने कहा कि विद्यालय के आचार्यों के निर्देश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा भैया-बहनों को दी गई। भैया-बहनों के लगन व परिश्रम करने से परीक्षा में भैया बहनों का बेहतर प्रदर्शन किया है। 10वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में कुल 54 भैया-बहनों शामिल हुए थे। सभी अच्छे अंक के साथ पास हुए हैं। परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है।

## एक नजर

### नेहा राज्य स्तरीय कैरम प्रतियोगिता के लिए चयनित

**भवनाथपुर।** स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग झारखंड अंतर्गत झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची द्वारा राज्य के उच्च व उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के लिए प्रथम कैरम टैलेंट प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में नेहा कुमारी विद्यालय, प्रखंड, जिला स्तर पर जीत दर्ज कर हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के चयनित हुई है। इसकी इस सफलता से विद्यालय परिवार में हर्ष है। राज्य सरकार द्वारा इस प्रकार के प्रतियोगिता से बच्चों में शैक्षणिक गतिविधि के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी सर्वांगीण विकास का अवसर प्राप्त होता है।

### कुआं में गिरने से अधेड़ की मौत

**मेराल।** गोंदा गांव निवासी राजदेव चौधरी 54 वर्ष मंगलवार की रात कुआं में गिरने से मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह लखेया गांव के ग्रामीणों शौच के लिए कुआं की तरफ गए थे। दोहर में कच्चा कुआं है। उसी में शव को पानी में तैरता हुआ देख। आसपास के लोगों ने पुलिस को जानकारी दी। पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और शव को कुएं से निकाला। मृतक के परिजन व गांव के लोगों ने पंचनामा बनाकर पुलिस को दिया। पुलिस परिजन व ग्रामीणों के दिए आवेदन पर मामले की तहकीकात करते हुए परिजनों को शव सौंप दिया।

### कीटनाशक खाकर महिला ने की आत्महत्या का प्रयास

**गढ़वा।** कांडी थानांतर्गत सरकोनी गांव निवासी राजू प्रजापति की पत्नी 28 वर्षीय बबीता देवी ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या करने का प्रयास की। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि किसी बात को लेकर घर में घरेलू विवाद था। उसी गुस्से में महिला ने कीटनाशक खा ली। घटना के बाद परिजनों ने उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया। वहां उसका इलाज चल रहा है।

### ईख निकालने वाला मशीन में हाथ फंसा, युवक घायल

**श्री बंशीधर नगर।** थाना क्षेत्र के नरखोरिया कला निवासी संजीत मेहता के 18 वर्षीय पुत्र विकास कुमार का हाथ ईख का रस निकालने वाला मशीन में चले जाने से बुरी तरह जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों के सहयोग से जख्मी विकास को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां चिकित्सक ने स्थिति गंभीर देखते हुए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया। घटना के बारे बताया जाता है विकास अपना ईख का रस बेचने के लिए प्रत्येक दिन की तरह घर से निकल कर हनुमान मंदिर चौक पर ईख का रस बेच रहा था। बुधवार के दोपहर में ईख का रस निकालने के दौरान दांया हाथ छटकर मशीन के अंदर चला गया। वहां आस पास के लोगों द्वारा मशीन बंद किया गया। तब तक हाथ के चारों अंगुली बुरी तरह जख्मी हो गया।

# भ्रष्टाचार पर उपायुक्त सख्त : दो जन वितरण प्रणाली दुकानों की अनुज्ञप्ति रद्द



नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर ने जन वितरण प्रणाली में अनियमितता का मामला संज्ञान में आने पर कड़ी कार्रवाई करते हुए मेराल प्रखंड अंतर्गत ग्राम मेराल के जन वितरण प्रणाली दुकानदार संजय प्रसाद गुप्ता, व भंडरिया प्रखंड के ग्राम बघवार के जन वितरण प्रणाली दुकानदार बोधन सिंह की अनुज्ञप्ति शर्तों व झारखंड लक्षित जन वितरण प्रणाली (नियंत्रण), आदेश के सुसंगत प्रावधानों के उल्लंघन के आरोप में तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है। उपायुक्त ने बताया कि अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा द्वारा मेराल प्रखंड अंतर्गत चरका पत्थर पूर्वी के राशन डीलर संजय प्रसाद गुप्ता की राशन दुकान का औचक निरीक्षण किया गया। वहां राशन वितरण का कार्य जारी था। मौके पर लाभुकों ने डीलर द्वारा कम मात्रा में राशन देने की शिकायत की। मौके पर ही एक लाभुक कुश कुमार द्वारा लिये गये राशन को तौला गया, जिसमें 5 सदस्यों का राशन था। इस हिसाब से 5 किग्रा प्रति के हिसाब से 35 किलो होना चाहिए था, किन्तु वजन करवाने पर बोरी सहित 33 किलो पाया गया। जब अन्य लाभुकों से पूछा गया तो उन्होनें भी एक स्वर में बताया कि सभी को निर्धारित मात्रा से कम राशन दिया जाता है। स्वयं डीलर ने भी तर्क देते हुए स्वीकार किया कि वह कम मात्रा में राशन देते हैं। इस प्रकार अनुमंडल पदाधिकारी रंका द्वारा भंडरिया प्रखंड के ग्राम बघवार में बोधन सिंह के जन वितरण प्रणाली की दुकान का निरीक्षण किया गया तो दूकान बंद पाया गया। दूकानदार को दूरभाष के माध्यम से दूकान खुला रखने की सूचना पूर्व में ही दी गई थी। फिर भी उन्होंने दूकान को बंद रखा और मोबाईल को बंद कर लिया गया था। दूकान पर सूचना पट, लाभुको की विवरणी, विज्ञप्ति सं. वगैरह प्रदर्शित नहीं था। एसडीओ ने स्थानीय लाभुकों के साथ डीलर बोधन सिंह के घर गए परन्तु वह घर पर नहीं मिलें, जिसकी वजह से जन वितरण दुकान पर मौजूद राशन का भंडारण, नाप तौल मशीन आदि का जांच नहीं किया जा सका। लाभुकों से राशन संबंधी पूछ-ताछ के क्रम में राशन कम देने, समय पर नहीं देने, पर्ची निकाल कर बाद में राशन देने सहित कई आरोप लगाए गए। लाभुकों द्वारा एक स्वर में बताया गया कि उक्त डीलर द्वारा मनमानी किया जा रहा है, जिससे लाभुकों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। सहायक गोदाम प्रबंधक द्वारा बताया गया कि माह फरवरी 2025 का राशन इनको दिया जा चुका है। फिर भी लाभुकों के बीच वितरण नहीं किया गया है। काफी देर तक रहने के बाद भी डीलर बोधन सिंह का नहीं पहुंचना और मोबाइल बंद कर लेना लाभुकों के आरोप को पुख्ता करता है। इस संबंध में उपायुक्त ने बताया कि राशन डीलर को प्रत्येक माह गोदाम से समय पर राशन मिल रहा है। उसे लाभुकों के बीच सही मात्रा में वितरण करना सुनिश्चित करें। अनियमितता की पुष्टि होने पर संबंधित डीलर पर कठोर कार्रवाई करते हुए उनका अनुज्ञप्ति भी रद्द कर दिया जाएगा।

## दो गुटों के बीच मारपीट में एनएच-75 आधा घंटा जाम

**श्री बंशीधर नगर।** शहरी क्षेत्र के चचेरिया ग्राम में एनएच 75 पर गाड़ी साइड करने के उठे विवाद को लेकर दो गुटों में हुई मारपीट की घटना में आधा घंटा एनएच 75 जाम हो गया। जाम होने से दोनों तरफ छोटी बड़ी वाहनों की लंबी कतार लग गयी। सूचना मिलने के बाद पहुंची स्थानीय पुलिस ने दोनों गुटों के लोगों को गिरफ्तार कर थाना लाया। इसके बाद जाम हटाकर आवागमन बहाल कराया। घटना बुधवार दोपहर 11 बजे की है। घटना के संबंध में बताया गया कि पिकअप वाहन से साइड लेने के दौरान एक गुट के लोगों ने चालक के साथ मारपीट करने लगे। चालक द्वारा सूचना मिलने के बाद दूसरा गुट घटना स्थल पर पहुंच गया, जिसके बाद दोनों गुट आपस में उलझ गए। देखते देखते एनएच 75 पर जाम लग गया। बताया जाता है कि उस रास्ता से गुजरने वाले लोग भी मारपीट कर रहे लोगो को छुड़ाने का प्रयास किए। सफलता नहीं मिलने पर स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रसाशन को सूचना दी। इसके बाद पुलिस ने मारपीट में शामिल दोनों गुटों के लोगों को गिरफ्तार कर थाना ले आयी। बता दें कि शहरी क्षेत्र में दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण कर सड़क के किनारे तक दुकान लगाने और छोटे वाहनों का अनियंत्रित पड़ाव होने के कारण प्रत्येक दिन 500 मीटर की दूरी तय करने में एक घंटा का समय लग जा रहा है। अनुमंडल प्रशासन अतिक्रमण मुक्त कराने के बजाय सितंबर माह तक बाइपास प्रारंभ हो जाने की बात कह मामले को टालने का प्रयास कर रहा है।


## कार्यालय, जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, पलामू। (विधि शाखा)

### अभिरूचि की अभिव्यक्ति (Expression of Interest)

प्रधान सचिव–सह–विधि परामर्शी, विधि विभाग, झारखण्ड सरकार रॉंची का पत्र संख्या 6/बी/जी0पी0 (नियुक्ति)– 29/2021 (खण्ड)–339/जे0, द्वारा Jharkhand law officer (Engagement) Rules-2018 में वर्णित प्रावधानों के तहत् पलामू जिला के लिए सुयोग्य व अनुभवी Government Pleader के एकल (01) पद हेतु झारखण्ड सरकार, विधि विभाग के Notification No.-C/AGO/Niyukti-25/2016-439/j, दिनांक 16 फरवरी, 2018 द्वारा जारी Jharkhand law officer (Engagement) Rules-2018 द्वारा निर्धारित योग्यताधारी सुयोग्य एवं अनुभवी अधिवक्ताओं से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

नियुक्ति झारखण्ड सरकार, विधि विभाग के Notification No.-C/AGO/Niyukti-25/2016-439/j, dt-16th February, 2018 [Jharkhand law officer (Engagement) Rules-2018] के आलोक में की जायेगी। उक्त नोटिफिकेशन को पलामू जिला के वेबसाईट https://palamu.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। आवेदक अपना आवेदन पत्र, अपने जीवन वृत, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, विगत तीन वित्तीय वर्षो का आय विवरणी, ठंत ेवबपंजपवद द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण पत्र तथा अधिवक्ता पंजीयन की प्रति के साथ दिनांक 31.05.2025 तक कार्यालय अवधि में जिला विधि शाखा पलामू में जमा कर सकते हैं।

**Government Pleader** के एकल (01) पद हेतु अहर्त्ता निम्नवत् है:–

1. A citizen of India and registered with a Bar Council constitued under the Advocate Act, 1961.
2. A designated senior Advocate or and Advocate, who has been practicing in the Jharkhand High Court or Supreme Court of India or an Advocate who has been praciticeing in the Civil Courts of Jharkhand.
3. Possesses the following standing in number of years of practice against the respective categories and being an income tax assesses for at least three financial years for the financial year in which engagement is to be made.
4. For a Government Pleader for the Jharkhand High Court or for the Civil Courts of Jharkhand he has been in practice as an Advocate for not less than 10 years in the Civil Courts of Jharkhand respectively for that court for with the engagement is to be made.

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी
पलामू

PR.NO.352343 District(25-26):D


# एसबीआई व ग्रामीण बैंक की शाखा में असुविधा, उपायुक्त से सुधार की मांग

नवीन मेल संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड मुख्यालय के भारतीय स्टेट बैंक व झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक शाखा भगवान भरोसे चल रहा है। उक्त दोनों बैंक शाखा में ग्राहकों की सुविधा का ख्याल नहीं रखा जा रहा है। कई बार ग्राहकों के शिकायत पर आला अधिकारी यहां की समस्या से अनजान बने हैं। स्टेट बैंक कांडी में कैश की समस्या, नेट वर्क की समस्या व बैंक स्टाफ की समस्या से ग्राहक परेशान हैं। कैश नहीं मिलने से कई ग्राहक की शादी, बीमारी आदि जरूरी कामों में अपना पैसा रहते काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। स्टेट बैंक की अव्यवस्था व अनियमितता की पोल तब खुलती है, जब अक्सर एक आदेशपाल प्रमोद सिंह को छोड़कर कोई भी स्टाफ स्थाई नहीं है। लगभग प्रतिदिन शाखा प्रबंधक कैशियर बदल-बदल कर किसी तरह भेजकर खानापूर्ति किया जाता है, जिससे ग्राहकों को कैश के साथ के के-वाईवाईसी, डीबीटी, खाता खोलने का काम पूरी तरह बंद है। इस प्रकार झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक में स्टॉप की कमी के चलते ग्राहकों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। इस भीषण गर्मी में पंखा, कूलर के अभाव में ग्राहक गर्मी से झुलस जाते हैं। कभी बैटरी सोलर के सहारे बैंक कार्य निपटाया जाता है। शाखा व ग्राहकों की मीडिया के माध्यम कई बार आला अधिकारियों से समस्या के निदान के लिए आग्रह किया गया, लेकिन विभाग भी यहां की समस्या के प्रति उदासीन है। उपायुक्त से कांडी मुख्यालय के ग्राहकों की समस्या के मद्देनजर आवश्यक कारवाई करने की मांग करने वालों में भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामलाला दुबे, पूर्व मुखिया विनोद प्रसाद, मंडल अध्यक्ष शशि रंजन दुबे सहित अन्य का भी नाम शामिल है।

# मूलभूत सुविधाओं से वंचित ग्रामीणों ने कार्यपालक पदाधिकारी को दिया आवेदन

नवीन मेल संवाददाता

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या तीन अंतर्गत हरिजन टोला मुहल्ले के ग्रामीण पिछले 15 वर्षों से बिजली, नाली, सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। इस लंबी उपेक्षा से नाराज ग्रामीणों ने कार्यपालक पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने कई बार बिजली विभाग से गुहार लगाई, लेकिन सिर्फ आश्वासन ही मिला। मुहल्ले में जर्जर तार और खतरनाक पोल से कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। कई घर अब भी बिजली कनेक्शन से वंचित हैं। इससे बच्चों की पढ़ाई से लेकर रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हो रही है। ज्ञापन देने वालों में अवधेश कुमार, नरेश कुमार, कमल राम, रामशिश राम, उद्देश राम, बिजय राम, चामदिश, संजय राम, प्रमादेवी, रामलाल राम और संतोष राम समेत कई ग्रामीणों ने हस्ताक्षर हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वह आंदोलन करने को विवश होंगे। कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा कि आवेदन प्राप्ति के बाद बिजली विभाग के जेई व नगर पंचायत के सिटी मैनेजर को स्थल जांच करने का निर्देश दिया है। उसके बाद सभी जरूर वाले जगहों पर बिजली पोल व तार लगाया जाएगा।

## जिला कृषि पदाधिकारी से बकाया प्रोत्साहन राशि दिलाने की मांग

**रंका।** प्रखंड के कृषि मित्रों को २०२३-२४ से प्रोत्साहन राशि नहीं मिलने से कृषि मित्रों ने जिला कृषि पदाधिकारी को आवेदन दिया। प्रखंड के कृषि मित्र रामचन्द्र राम ने बताया कि रंका प्रखंड के कृषि मित्रों को २०१६ में 1000 रुपए कार्य के बदले प्रोत्साहन राशि के रूप में दिया जाता था। २०२३-२४ में इन लोगों का प्रोत्साहन राशि 1000 से बढ़कर २००० रुपए कर दी गई है। २०२३ से २०२४-२५ तक इन लोगों को प्रोत्साहन राशि नहीं मिल रही है । जिससे रंका प्रखंड के कृषि मित्र आजीज होकर जिला कृषि पदाधिकारी जयकांत तिवारी को आवेदन देकर प्रोत्साहन राशि दिलाने कीन मांग की है। मौके पर जिला अध्यक्ष जयंत मिश्रा, रंका प्रखंड अध्यक्ष रामचंद्र राम, सचिव दीपक कुमार, कमलेश मिश्रा ,राकेश सिंह, सरस्वती देवी, सुनील राम सहित कृषि मित्र उपस्थित थे।

## छूटे हुए लाभुकों का ई-केवाईसी शीघ्र कराने का निर्देश

# डीलर समय पर राशन वितरण करें : बीडीओ

नवीन मेल संवाददाता

**केतार।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में बीडीओ सह प्रभारी एमओ प्रशांत कुमार ने बुधवार को जन वितरण प्रणाली के डीलरों के साथ बैठक कर खाद्यान्न वितरण की समीक्षा की। उन्होंने डीलरों से राशन वितरण में तेजी लाने और छूटे हुए लाभुकों का ई-केवाईसी अविलंब करने का निर्देश दिया। बीडीओ ने बताया कि जून माह में एक साथ तीन माह का राशन का उठाव सभी डीलरों को करना है। उसकी तैयारी सभी डीलर कर लें। उन्होंने कहा कि मिलने वाले राशन का डीएसडी 30 मई तक हर हाल में कराना सुनिश्चित कर लें, ताकि लाभुकों के बीच राशन वितरण करने में कोई परेशानी नहीं हो। बैठक में उपस्थित डीलरों ने उनके बकाया कमीशन दिलाने के लिए मांग की। उस पर बीडीओ ने जल्द ही उनके कमीशन का भुगतान कराने का आश्वासन दिया। बीडीओ ने सभी डीलरों से समय पर राशन का उठाव कर उसे लाभुकों के बीच ससमय वितरण करने का निर्देश दिया। डीलरों ने ई पोश मशीन का सर्वर डाउन रहने से राशन वितरण में हो रही परेशानी से उन्हें अवगत कराते हुए ई पोश मशीन में लगे टू जी नेटवर्क वाले सिम की जगह फोर जी नेटवर्क वाले सिम को ई पॉश मशीन में लगाने की मांग की। मौके पर प्रमुख चंद्रावती देवी, प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र कमलापुरी, गोदाम प्रभारी राजीव कुमार ,मुखिया श्याम सुंदर बैठा, डीलर प्रभु गुप्ता, नागेन्द्र ठाकुर, राजेश कुमार सिंह, आला देवी, चंद्रदेव बैठा, गोपाल बैठा, बेलास बैठा, चंदू पासवान, धर्मेन्द्र सिंह,सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।




## जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार।

### धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत् आवेदन आमंत्रण सूचना (पहले आओ–पहले पाओ)

एतद् द्वारा मत्स्य निदेशालय के पत्रांक 148 दिनांक 29.01.2025 के आलोक में लातेहार जिला के मात्स्यिकी से जुड़े कृषकों अथवा मात्स्यिकी से जुड़ने हेतु इच्छुक व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 से 2028–29 तक भारत सरकार के केन्द्र प्रायोजित – योजना "प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना" के अधीन जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (Dharti Aaba Janjatiye Gram Utkarsh Abhiyan – DAJGUA) शुरूआत की गई है। इसमें केन्द्र प्रायोजित प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजना सहित भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के समन्वित दृष्टिकोण और अभिशरण के माध्यम से बुनियादी ढ़ाँचे, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा एवं आजीविका में अंतराल को दूर करके जनजातीय क्षेत्रों और समुदायों की व्यापक विकास की परिकल्पना की गयी है। इस योजना का मुख्य उदेश्य जनजातीय बहुल गावों और आकांक्षी प्रखण्डों में जनजातीय परिवारों का अधिकाधिक कवरेज करते हुए उनकी सामाजिक, आर्थिक स्थिति में सुधार करना है।

धरती आबा जनजातीय ग्राम उम्कर्ष अभियान अंतर्गत कम्पोनेन्ट्स का इकाई लागत प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के समान ही है। इस योजना के तहत् लाभुक जनित योजनाएँ जिसमें Community Forest Resource Holders भी सम्मिलित किये गये हैं, में सरकार का अनुदान पूर्ण इकाई लागत का 90 प्रतिशत (केन्द्रांश–60, राज्यांश –40) तथा शेष 10 प्रतिशत लाभुक का अंशदान है। उपरोक्त योजना में लाभुकों के चयन की प्रक्रिया प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के समान ही जिला स्तर पर DLC एवं राज्य स्तर पर SLAMC के माध्यम से किया जाना है। राज्य के अधिकाधिक जनजातीय आबादी को DAJGUA के तहत् मात्स्यिकी से जोड़ने एवं रोजगार सृजन के उदेश्य से लातेहार जिला के 09 प्रखण्डों के कुल 269 गावों (गावों की सूची कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है) को इस योजना हेतु चिन्हित किया गया है। आवेदन इन्ही गाँवों के जनजातीय ग्रामीणों से स्वीकार किया जायगा। किसी भी कार्य दिवस पर आवेदन पत्र कार्यालय में आकर निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन वांछित दस्तावेजों के साथ जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार में समर्पित कर सकते हैं। आवेदन के साथ जमीन का अंचल अधिकारी द्वारा निर्गत/सत्यापित भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र (यदि जमीन लीज पर हो तो भूमि लीज का प्रमाण पत्र), आवेदक के साथ जमीन का GPS फोटो, वंशावली, जाति/ आवासीय/स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र, मत्स्य विभाग से प्रशिक्षित है तो प्रशिक्षण प्रमाण पत्र, आधार एवं पैन कार्ड की छायाप्रति तथा बैंक पासबुक की छायाप्रति, पासपोर्ट साईज का फोटो संलग्न करना आवश्यक है। लाभुक जनित योजनाएँ निम्नांकित है:–

| क0 सं0 | योजना का नाम | इकाई | अनुमानित लागत (लाख में) | सरकार द्वारा (केन्द्र एवं राज्य सरकार अनुदानित) (लाख में) | लाभुक का अंशदान (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कार्प हैचरी अधिष्ठापन कार्य | सं0 में | 25.00 | 22.50 | 2.50 |
| 2 | नए रियरिंग तालाब का निर्माण (नर्सरी/बीज रियरिंग तालाब) | हे0 में | 7.00 | 6.30 | 0.70 |
| 3 | नये ग्रो आउट तालाब का निर्माण | हे0 में | 7.00 | 6.30 | 0.70 |
| 4 | मिश्रित मत्स्य पालन, पंगेशियस, तिलापिया पालन आदि के लिए इनपुट | हे0 में | 4.00 | 3.60 | 0.40 |
| 5 | बायोफ्लॉक तालाबों का निर्माण (4 लाख रू0 प्रति हे0 इनपुट सहित) | 0.1 हे0 | 14.00 | 12.60 | 1.40 |
| 6 | बैकयॉर्ड सजावटी / रंगीन / अलकारी मछलियों की रियरिंग इकाई | सं0 में | 3.00 | 2.70 | 0.30 |
| 7 | माध्यम आकार के सजावटी / रंगीन / अलकारी मछलियों की रियरिंग इकाई | सं0 में | 8.00 | 7.20 | 0.80 |
| 8 | मध्यम आकार के आर0ए0एस0 (रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना (30 धनमीटर क्षमता का 01 टैंक) अथवा 04 मी0 व्यास एवं 1.5 मी0 उँचाई के 25 टैंक वाले बायोफ्लॉक की स्थापना | सं0 में | 25.00 | 22.50 | 2.50 |
| 9 | छोटे आकार के आर0ए0एस0 (रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना (100 धनमीटर क्षमता का 01 टैंक) अथवा 04 मी0 व्यास एवं 1.5 मी0 उँचाई के 7 टैंक वाले बायोफ्लॉक की स्थापना | सं0 में | 7.50 | 6.75 | 0.75 |
| 10 | बैकयॉर्ड मिनी आर0ए0एस0 (रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर स्टिम) इकाई की स्थापना | सं0 में | 0.50 | 0.45 | 0.05 |
| 11 | जलाशयों में केज अधिष्ठापन | सं0 में | 3.00 | 2.70 | 0.30 |
| 12 | खुले जलक्षेत्रों में पेन कल्चर द्वारा मत्स्य पालन | हे0 में | 3.00 | 2.70 | 0.30 |
| 13 | कम से कम 10 टन क्षमता वाले शीतगृह (कोल्ड स्टोरेज) आईस प्लांट निर्माण | सं0 में | 40.00 | 36.00 | 4.00 |
| 14 | रेफरीजरेटेड वाहन (6–10 मी0टन क्षमता) | सं0 में | 25.00 | 22.50 | 2.50 |
| 15 | इन्सुलेटेड वाहन (6–10 मी0टन क्षमता) | सं0 में | 20.00 | 18.00 | 2.00 |
| 16 | आईस बॉक्स युक्त मोटर साइकिल | सं0 में | 0.75 | 0.675 | 0.075 |
| 17 | आईस बॉक्स के साथ साईकिल | सं0 में | 0.10 | 0.09 | 0.01 |
| 18 | मछली बिक्री के लिए आईस बॉक्स के साथ तीन पहिया वाहन (ई–रिक्शा) भी | सं0 में | 3.00 | 2.70 | 0.30 |
| 19 | जिंदा मछली बिक्री केन्द्र | सं0 में | 20.00 | 18.00 | 2.00 |
| 20 | लघु फिश फीड मिल (प्रतिदिन 02 टन उत्पादन क्षमता) | सं0 में | 30.00 | 27.00 | 3.00 |
| 21 | फिश कियोस्क का निर्माण (सजावटी / रंगीन/अलकारी मछली एवं एक्वेरियम सहित) | सं0 में | 10.00 | 9.00 | 1.00 |
| 22 | पारंपरिक मछुआरों को नाव एवं जाल | सं0 में | 5.00 | 4.50 | 0.50 |

नोट :– यह प्रारंभिक चरण है, जिसके अन्तर्गत योजना के इच्छित कार्य एवं लक्ष्य निर्धारण की कार्रवाई की जा रही है। योजना के प्रशासनिक अनुमोदन के पश्चात् ही इसे कार्यरूप दिया जाएगा। इस योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस को अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
लातेहर।

PR 352389 (Fish) 25-26 (D)

# पुलिस की पिटाई से अधेड़ की मौत का आरोप, हंगामा

- पुलिस ने सड़क पर प्रदर्शन कर रहे लोगों पर की लाठीचार्ज
- दो घंटा बाद हटा सड़क जाम



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के जालिम खुर्द गांव के सुखन प्रसाद (55) वर्ष की मौत हो गयी। उनकी मौत के बाद परिजनों ने शव के साथ बुधवार को शहर के धर्मपुर मोड़ के पास सड़क जाम कर दिया। इस दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गयी। परिजनों का आरोप है कि पुलिस द्वारा की गयी पिटाई में उनकी मौत हुई है। परिजनों ने मीडिया कर्मियों को बताया कि पिछले 12 मई की रात पुलिस सादे लिबास में उनके घर आयी थी। घर के लोगों की बेरहमी से पिटाई की। महिला और बच्चों की भी पीटाई की गयी। मोबाइल व अन्य सामान भी लूट लिये। इस पिटाई में अंदरूनी चोट लगने से वजह से सुखन प्रसाद उर्फ विकास प्रसाद(हेरहंज) की मौत हो गयी। सड़क जाम की सूचना पर जालिमखुर्द गांव की मुखिया सुनीता देवी,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरविंद कुमार व अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो मौके पर पहुंचे। प्रदर्शनकारियों से जाम हटाने का आग्रह किया। पुलिस का कहना है कि अवैध निर्माण की सूचना पर पुलिस गांव गयी थी। वहां ग्रामीणों द्वारा उन पर हमला किया गया था। इसमें थाना प्रभारी समेत आठ पुलिस कर्मी घायल हो गये हैं। पुलिस ने इस मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार कर सभी को जेल भेज दिया है। इनमें रौशन कुमार पिता अजय सिंह, पिंटू कुमार पिता स्व. लल्लू प्रसाद, सुनिल कुमार पिता राजकेश्वर गुप्ता, पंकज कुमार पिता गणेश प्रसाद और जितेन्द्र कुमार साव पिता मिथलेश प्रसाद शामिल हैं। परिजनों का कहना है कि पुलिस झूठे मुकदमे में उन्हें फंसा कर जेल भेजा है। प्रदर्शनकारी इन पांचों पर से मुकदमा वापस लेने की मांग कर रहे थे और दोषी पुलिस पदाधिकारी और पुलिस कर्मियों पर कारवाई की मांग कर रहे थे। प्रदर्शनकारी काफी उग्र थे। डीएसपी अरविंद कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने प्रदर्शन कर रहे लोगों को काफी समझाया-बुझाया, लेकिन जब लोग नहीं माने तो पुलिस ने लाठीचार्ज कर ग्रामीणों को खदेड़ कर जाम हटाया। इसके बाद आवागमन शुरू हुआ। इस मामले में डीएसपी अरविंद कुमान ने कहा कि पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। सड़क जाम कर रहे लोगों पर बल प्रयोग करना पड़ा है।

## बीएलओ को मिला प्रशिक्षण



**चंदवा।** प्रखंड सह अंचल मुख्यालय सभागार में बुधवार को बीएलओ व बीएलओ सुपरवाइजर को प्रशिक्षण दिया गया। बतौर प्रशिक्षक लातेहार के हेल्प डेस्क मैनेजर अरविंद रजक, तनवीर आलम ने बीएलओ को प्रशिक्षण के दौरान फार्म छह,सात और आठ भरे जाने के दौरान बरती जानेवाली सावधानियों की जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान बीएलओ सुपरवाइजर व बीएलओ ने महिला बाल विकास, सामाजिक सुरक्षा विभाग (समाज कल्याण निदेशालय) के पत्र का हवाला देते हुए कहा कि भारत सरकार के निर्देश के अनुरूप आंगनबाड़ी सेविकाओं को विभागीय कार्यों के अतिरिक्त अन्य कार्यों से मुक्त करना है। प्रशिक्षक ने इस पर वरीय पदाधिकारियों के निर्देश की बात कही। प्रशिक्षण के दौरान लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 22, 23 एवं 24 के प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी। मौके पर कई बीएलओ व सुपरवाइजर मौजूद थे।

## वाहन की चपेट में आने से बाइक दुर्घटनाग्रस्त, युवक की मौत

नवीन मेल संवाददाता

**चतरा/हंटरगंज।** जिले के वशिष्ठ नगर जोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत जोरी-प्रतापपुर मुख्य पथ निंजरा गांव के समीप वाहन की चपेट में बाइक अनियंत्रित होकर एक ताड़ के पेड़ से जा टकराने से थाना क्षेत्र के टंकू गांव के राजाहर टोला निवासी 35 वर्षीय विजय यादव पिता बोधी यादव की घटना स्थल पर मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना जोरी थाने को दी। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया। जानकारी के अनुसार विजय बोलेरो चलाक है। वह अपने घर से बोलेरो चलाने बाइक पर सवार होकर जोरी आ रहा था। इस दौरान वाहन ने चपेट में आने से बाइक अनियंत्रित होकर ताड़ के पेड़ से टकरायी। जिससे युवक की मौत हो गई। बताया जाता है कि मृतक विजय के घर में उनकी पत्नी और तीन बच्चे हैं। सभी बच्चे अभी पढ़ाई कर रहे हैं। दुर्घटना के बाद से पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। पत्नी की तबीयत लगातार खराब होती जा रही है। तीन छोटे बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया। अब विजय के परीजनों ने सरकार से उचित मुआवजा की मांग की है।

### 19 को प्रखंड कार्यालय में विधायक लगाएंगे जनता दरबार



**बारियातू।** स्थानीय विधायक प्रकाश राम अपने समर्थकों के साथ 17 व 18 मई को बारियातू प्रखंड क्षेत्र में जनसमस्याओ को जानने व उनके निराकरण की दिशा में कार्य करने के लिए क्षेत्र भ्रमण करेंगे। जानकारी देते हुए झारखंड प्रजापति कुंहार महासंघ के प्रखंड सचिव सह युवा भाजपा नेता सोनू प्रजापति ने बताया कि 17 मई को गोनिया पंचायत व 18 मई को फुलसू पंचायत अंतर्गत क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम आयोजित की गई है। 19 मई को समय 11 बजे से बरियातू प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार परिसर में जनता दरबार का आयोजन किया जायेगा, जिसमें बारियातू प्रखंड के सभी क्षेत्र वासियों व कार्यकर्ताओं से भाग लेने की अपील की गई है। कार्यकर्ता देवनंदन प्रसाद, अनिल प्रसाद, योगेंद्र भोक्ता ने लोगों से विधायक प्रकाश राम के क्षेत्र भ्रमण व जनता दरबार कार्यक्रम में समय पर पहुंचने अपील की है।

### एसडीओ ने किया सीएचसी का औचक निरीक्षण

**चंदवा।** एसडीओ अजय कुमार रजक द्वारा बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने इमरजेंसी वार्ड,प्रसव कक्ष, जेनरल वार्ड,ओपीडी,कुपोषण वार्ड आदि का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. नीलिमा कुमारी,चिकित्सक मनोज कुमार से सीएचसी में मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। एसडीओ ने कहा कि सीएचसी के सभी चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मी अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठावान रहने एवं कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही ना बरतने की हिदायत दी। निरीक्षण के क्रम में सीएचसी प्रभारी ने एसडीओ से एक्स-रे रूम में प्रिंटर मशीन उपलब्ध कराने एवं आयुष्मान कक्ष में व्यवस्था को सुदृढ़ करने की मांग की। निरीक्षण के दौरान सीओ जयशंकर पाठक,बीडीओ चंदन प्रसाद एवं कई स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

### ट्रांसफार्मर देने पर विधायक को दिया साधुवाद

**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित गालिब कलोनी फूलसु मुहल्ला में लंबे समय से ग्रामीण बिजली के लो वोल्टेज से परेशान थे। इसका मुख्य कारण दूर स्थित एक ट्रांसफार्मर और उपभोग करने वालों की संख्या ज्यादा जिससे ट्रांसफार्मर लोड नहीं ले पाता था। जिससे गालिब फुलसु मुहल्ला के ग्रामीण काफी परेशान थे। इस समस्या की जानकारी लातेहार विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रकाश राम को मिलने पर त्वरित समस्या का समाधान केलिए पहल किया और बिजली इंजीनियर को मामले से अवगत कराते हुए जल्द ही एक अलग ट्रांसफार्मर देने का निर्देश दिया था। फूलसु के ग्रामीणों को एक नया 100 केबीए ट्रांसफार्मर के साथ तार भी लगा दिया गया, जिससे ग्रामीण काफी खुश हैं और विधायक प्रकाश राम के प्रति हर्ष जताते हुए विधायक को शुक्रिया अदा की। शुक्रिया अदा करने वालों में फूलसू मुहल्ला निवासी मो. जुनैद, नूर मोहम्मद अंसारी, आदिल भाई, निकैल भाई, शामी अख्तर, सफीक भाई सहित सैकड़ों लोगों के नाम शामिल हैं।

### पंसस ने लगाया एएनएम पर लापरवाही बरतने का आरोप

**चंदवा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रसव कक्ष में कार्यरत एएनएम पर कामता पंसस अयुब खान ने कार्य में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। उन्होंने गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए दोषी एएनएम के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है, ताकि प्रसव के लिए जाने वाली दूसरे मां व शिशु की जान बचाई जा सके। उन्होंने कहा कि गर्भ में शिशु की मौत कब हुई एएनएम को पता तक नहीं चला या फिर एएनएम ने मामले को छिपाने की कोशिश की। मामले को लेकर पंचायत समिति सदस्य ने उपायुक्त से शिकायत कर प्रसव कक्ष के दोषी एएनएम पर कार्रवाई की मांग कि है। उपायुक्त को दिए शिकायत पत्र में कहा है कि 10 मई शनिवार समय करीब समय 9 से 11 पूर्वाह्न में ग्राम कामता निवासी तबस्सूम बानो प्रसव के लिए चंदवा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रसव कक्ष गई थी, जहां तबस्सुम बानो को भर्ती किया गया था। भर्ती के समय उन्हें प्रसव पीड़ा उठी। 11 मई सुबह में प्रसव कक्ष के एएनएम ने सब कुछ ठीक होने की बात बताई व बोली कि सब कुछ ठीक है। इस मामले सीएचसी प्रभारी डॉ. नीलिमा कुमारी ने बताया कि लापरवाही जैसी कोई बात नहीं है। प्रसुता अस्पताल आई थी। वहां डॉक्टरों एवं कुशल एएनएम की टीम की देख-रेख में उसका उपचार चल रहा था। अत्यधिक वाटर डिस्चार्ज होने व पानी के साथ हरा पदार्थ आने के बाद शिशु के मल खाने का संदेह हुआ था, जिसके बाद प्रसूता को रिम्स रेफर किया गया था। शिशु के मौत होने व प्रसूता का जीवन खतरे में डालने का आरोप निराधार है।

## माओवाद के नाम पर लेवी वसूलने वाले को बख्शा नहीं जाएगा : टीएसपीसी

नवीन मेल संवाददाता

**कुंदा (चतरा)।** नक्सली संगठन टीएसपीसी ने अपनी सक्रियता दर्ज करते हुए केंदू पत्ता से जुड़े लोगों को चेतावनी दी है। संगठन ने स्पष्ट कहा है कि माओवाद के नाम पर लेवी वसूलने वाले को किसी भी परिस्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। इसके साथ ही संगठन ने बीड़ी पत्ता मजदूरों को उचित मजदूरी भुगतान करने की मांग की है।

जारी विज्ञप्ति में कहा है कि कुंदा में बीड़ी पत्ता की तुड़ाई शुरू होने के साथ ही नक्सली संगठन के नाम पर लेवी वसूली की कवायद शुरू कर देते हैं। इसलिए इस बार दलालों को कड़ी चेतावनी दी गई है।

नक्सली संगठन ने बीड़ी पत्ता मजदूरों को मदद करने के नाम पर ठेकेदारों को नई मांग पूरी करने को कहा है। संगठन की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि ठेकेदारों को मजदूरों को नाश्ता, खाना, सत्तू और पानी देना होगा। मजदूरों को प्रतिदिन उचित मजदूरी का भुगतान करना भी अनिवार्य होगा।

नक्सली संगठन ने चेतावनी दी है कि अगर मजदूरों का बकाया राशि नहीं चुकाया गया, तो ठेकेदार को खलियान से एक भी पत्ता नहीं उठाने दिया जाएगा। नक्सली संगठन ने जनता से पुलिस और वन विभाग के सिपाहियों के बहकावे में न आने की बात कही है।

बता दें कि कुंदा वन क्षेत्र में बड़े पैमाने पर केंदू पत्ता की तुड़ाई की जाती है। नक्सलियों के इस चेतावनी से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। बीड़ी पत्ता से जुड़े लोग अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। अब देखना यह होगा कि पुलिस प्रशासन नक्सलियों पर कैसे अंकुश लगाती है और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए क्या कदम उठाती है।

### पॉक्सो एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

**चतरा।** पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज एक मामले के आरोपी को हंटरगंज थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। बता दें कि थाना क्षेत्र के एक नाबालिग द्वारा दो दिन पूर्व यौन उत्पीड़न को लेकर हंटरगंज थाना में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया गया था। इसके

## नशा के खिलाफ बना सामाजिक आंदोलन गांव-गांव में चल रही जागरूकता मुहिम

- अब तक 10 की हुई गिरफ्तारी

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** जिला प्रशासन द्वारा नशा के विरुद्ध चलाए जा रहा विशेष अभियान में जनता का भरपूर सहयोग मिल रहा है, जिससे यह अभियान और भी प्रभावशाली हो गया है। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने इस मुहिम को जन-जन की जिम्मेदारी बताते हुए कहा कि नशा केवल युवाओं का भविष्य ही नहीं छीनता, बल्कि सामाजिक संरचना को भी गहरे स्तर पर प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि अफीम व अन्य नशीले पदार्थों की खेती, भंडारण और अवैध कारोबार पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन के अनुसार पुलिस, उत्पाद एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयास से अब तक कई गांवों में छापेमारी की गई है, जहां संदिग्ध गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाई गई है। कार्रवाई के तहत अब तक 10 लोगों की गिरफ्तारी भी की जा चुकी है। नशे के विरुद्ध जनजागरूकता बढ़ाने के लिए स्कूलों, कॉलेजों, पंचायत भवनों व सामुदायिक केंद्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों में युवाओं को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी जा रही है और उन्हें नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उपायुक्त ने अभिभावकों, शिक्षकों और समाज के सभी जिम्मेदार नागरिकों से अपील की है कि वे बच्चों की गतिविधियों पर निगरानी रखें और किसी भी संदिग्ध जानकारी को तुरंत प्रशासन को सूचित करें।

## न्यूज बॉक्स

### महिलाओं को दी गई स्वस्थ्य रहने की जानकारी

**बरियातू।** प्रखंड के गोनिया पंचायत अंतर्गत विश्रामपुर आंगनवाड़ी केंद्र में कुपोषण,आहार व बीमारी से संबंधित पीएलए ने बैठक की। बैठक में स्वास्थ्य सहिया बसंती देवी व राजमनी देवी ने महिलाओं को खान पान, आहार, बीमारी व कुपोषण से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। कई माध्यम से स्वास्थ्य रहने, बीमारी से बचाव व पौष्टिक आहार को लेकर चर्चा की गयी। महिलाओं के हाथ में तख्तीयां देकर जागरूक किया गया। मौके पर सहिया साथी सहित ग्रामीण अनिता देवी, ममता देवी,सोनी देवी, मनीषा देवी,अनिता कुमारी सहित काफी संख्या मे महिला उपस्थित थे।

### शहादत दिवस पर याद किये गये अमर शहीद जवान

**महुआडांड़।** थाना क्षेत्र के ग्राम सिदरा धवाईटोली अमर शहीद इसदोर लकड़ा पिता स्वर्गीय सोमा उरांव के शहादत दिवस पर 11 बटालियन सीआरपीएफ के सीओ वेद राम बुनकर,डीसी मुकेश कुमार सिंह ,इंस्पेक्टर जसवीर सिंह परिवार के सदस्यों ने अमर शहीद के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजली देकर याद किए। इस अवसर पर सीओ ने बताया कि शहीद असम 13 बटालियन सीआरपीएफ में थे। असम में उनकी शहादत हुई थी। शहादत तिथि पर सीआरपीएफ जवानों द्वारा उसके सम्मान में सलामी सहित कई अन्य कार्यक्रम आयोजित किए।

### एक साल बाद परिवार से मिला बुजुर्ग



**महुआडांड़।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मेढ़ारी के जंगलों में एक बुजुर्ग को भटकते देख ग्रामीणों ने इसकी सूचना महुआडांड़ थाना को दी। सूचना मिलने पर महुआडांड़ पुलिस द्वारा बुजुर्ग को थाना लाकर जांच पड़ताल शुरू की। जांच में पता चला कि बुजुर्ग का नाम निरंजन गोराईं 60 वर्ष है। वह ग्राम मिजार्डीह, थाना बोड़ाम जिला पूर्वी सिंहभूम का रहने वाले हैं। उनके बेटे हेमंत गोराई व विशाल गोराई द्वारा एक वर्ष पूर्व पिता के गुमशुदगी की रिपोर्ट बोड़ाम थाने में दर्ज कराई गई थी। जानकारी मिलने के बाद बुजुर्ग के परिजनों को इसकी सूचना दी गई। परिजनों के पहुंचने के बाद पुलिस द्वारा बुजुर्ग निरंजन गोराई का सम्मान करते हुए शॉल ओढ़ाकर उनके परिजनों को सौंपा। 1 वर्ष बाद अपने परिजनों से मिलकर बुजुर्ग उनके लोग काफी हर्षित दिखे। बेटा ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम लोग करीब 1 वर्ष से अपने पिता की खोजबीन कर रहे थे। आप लोगों की मदद से मिल गए हैं।


झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,
प्राचार्य का कार्यालय-LWE औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,
चिनिया गढ़वा 822114
Email:- principal.itichiniya@gmail.com

Industrial Training Institute

**नामाकंन सूचना**

निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, द्वारा NCVT से मान्यता प्राप्त गढ़वा जिला के सरकारी LWE औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, चिनिया गढ़वा में शैक्षणिक सत्र 2025–26–27 में नामांकन के लिए योग्य आवेदकों से जो झारखण्ड राज्यों के स्थायी/ स्थानीय निवासी की श्रेणी में आते हैं और नीचे दिये गये शैक्षणिक योग्यता धारित करते हैं, उनसे ऑनलाईन (https://iti. Jharkhand.gov.in- Admission Tab) आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं।
सरकारी LWE औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, चिनिया गढ़वा में निम्न व्यवसायों की प्रशिक्षण दी जा रही है।

2. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता:–

| क्रं0 सं0 | व्यवसाय | कोर्स अवधि | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 01 | Wireman | दो वर्षीय कोर्स | 8 वीं/10 वीं कक्षा उत्तीण |
| 02 | Fitter | दो वर्षीय कोर्स | दसवीं(10वीं) कक्षा उत्तीण |

3.महत्वपूर्ण तिथियाँ:–

| क्रं0 सं0 | विवरणी | तिथि |
|---|---|---|
| 01 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि | 20.05.2025 |
| 02 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि | 13.06.2025 (5:00 PM) |
| 03 | औपबंधिक मेघा सूचियों (अठवीं एवं दसवीं कक्षा) का प्रकाशन | 16.06.2025 (5:00 PM) |
| 04 | औपबंधिक मेघा राज्य सूचियों में शामिल आवेदकों द्वारा प्राप्तांक/ प्राप्तांक प्रतिशत कोटि एवं अन्य प्रविष्टियों में त्रुटि में सुधार की अवधि | 17.06.2025 से 19.06. 2025 |
| 05 | अंतिम मेघा सूचियों (अठवीं एवं दसवीं कक्षा) का प्रकाशन | 21.06.2025 |

4.डी0 जी0 टी0 के पत्रांक–DGT-Aff011/01/2025-00 DIR (TC) Part(2)[63756], दिनांक–03/05/2025 के आलोक में **LWE औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, चिनिया गढ़वा** में नामांकन लेने वाले अभ्यर्थियों का वैद्य मोबाईल नं0,ई–मेल आई0 डी0, एवं आधार नं0 आवश्यक है तथा NTC उत्तीणता प्रमाण पत्र प्राप्त होने तक उसमें परिवर्तन करने की अनुमति नहीं होगी। डी0 जी0 टी0 का पत्र https://iti.**Jharkhand.gov.in के Download Section के Notification Tab** में देखा जा सकता है।
5.नामांकन संबंधी विस्तृत महत्वपूर्ण सूचना झारखण्ड आई0टी0आई0 **Web Portal** (https://iti. **Jharkhand.gov.in) के Download Section के Notification Tab** में देखा/**Download** किया जा सकता है।
6.किसी प्रकार की महत्वपूर्ण जानकारी हेतु आई0टी0 आई0 मो0 नं0–**8688571633 एवं 8210227291.** से सम्पर्क किया जा सकता है।

प्राचार्य,
LWE औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,
चिनिया गढ़वा

PR 352426 Labour Employment and Traning(25-26).D



झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
प्राचार्य का कार्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, महुआडॉड, लातेहार–822119
Email – itimahuadanr@gmail.com

**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, महुआडाँड, लातेहार में शैक्षणिक सत्र 2025–26–27 में नामांकन संबंधित सूचना**

1. झारखण्ड सरकार के NCVT के अन्तर्गत संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, महुआड़ाँड, लातेहार में निदेशालय पत्रांक –639 दिनांक– 07.05.2025 के अनुपालन में शैक्षणिक सत्र 2025–26–27 में विभिन्न व्यवसायों के लिए योग्य आवेदकों से जो झारखण्ड राज्य के स्थायी/स्थानीय निवासी की श्रेणी में आते हो और नीचे दिये गये शैक्षणिक योग्यता धारित करते हों, वे ऑनलाईन (https://iti.jharkhand.gov.in ⇨Admission Tab) में आवेदन पत्र भरने के उपरांत नामांकन प्रकिया में भाग लेकर इच्छुक अभ्यर्थी अपना नामांकन करा सकते हैं। इस संबंध में विस्तृत विवरणी निम्नवत् है–
2. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता:–
(क) वेल्डर, व्यवसाय के लिए आठवीं कक्षा उत्तीर्ण।
(ख) इलेक्ट्रीशियन, फिटर, मैकेनिक डीज़ल व्यवसाय के लिए माध्यमिक/10वीं परीक्षा उत्तीर्ण।
3. आयु अहर्ता:–
(क) 01.07.2025 को आवेदक की न्यूनतम आयु 14 वर्ष एवं अधिकतम आयु 40 वर्ष के बीच होना चाहिए।
(ख) दिव्यांग जनों/सैन्य कारवाई में दिवंगत सैन्य कर्मियों के विधवाओं के मामले में अधिकतम आयु 45 वर्ष तक है।
4. महत्वपूर्ण तिथियॉ:–

| क0 सं0 | विवरणी | तिथि |
|---|---|---|
| 01 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि | 20.05.2025 |
| 02 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि | 13.06.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक |
| 03 | 1st Round Admission (नामांकन) की अवधि | 04.07.2025 से 21.07.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक |
| 04 | 2nd Round Admission (नामांकन) की अवधि | 04.08.2025 से 14.08.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक |

5. व्यवसायवार रिक्त सीटों की विवरणी निम्नवत है–

| क0 सं0 | ट्रेड | अवधि | सामान्य GEN | आर्थिक रूपे से कमजोर वर्ग EWS | अनुसूचित जनजाति ST | अनुसूचित जाति SC | पिछड़ा वर्ग–I BC-I | पिछड़ा वर्ग–II BC-II | दिव्यांग PH | SMQ | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | इलेक्ट्रेशियन | 2 वर्ष | 15 | 4 | 11 | 8 | 0 | 0 | 1 | 1 | 40 |
| 02 | फिटर | 2 वर्ष | 15 | 4 | 11 | 8 | 0 | 0 | 1 | 1 | 40 |
| 03 | मै0 डीज़ल | 1 वर्ष | 18 | 5 | 13 | 10 | 0 | 0 | 1 | 1 | 48 |
| 04 | वेल्डर | 1 वर्ष | 15 | 4 | 11 | 8 | 0 | 0 | 1 | 1 | 40 |
| कुल | | | 63 | 17 | 46 | 34 | 00 | 00 | 4 | 4 | 168 |

6. सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, महुआडाँड़, लातेहार में नामांकन लेने वाले अभ्यर्थियों का वैध मोबाईल नम्बर, ई–मेल ID एवं आधार नम्बर अनिवार्य है तथा सत्र की समाप्ति तक उनमें परिवर्तन करने की अनुमति किसी भी परिस्थिति में नहीं होगी।
7. SLC/CLC/TC एवं स्वास्थ्य प्रमाण पत्र नामांकन के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
8. अन्य किसी भी प्रकार की विस्तृत विवरणी उपरोक्त ऑनलाईन वेबसाईट (https://iti.jharkhand.gov.in) में देखा जा सकता है।

प्रभारी प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, महुआडाँड, लातेहार

PR.NO.352327 Labour Employment and Traning(25-26):D



"सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता"
**समाहरणालय, लातेहार**
(निर्वाचन शाखा)
**आम–सूचना**

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 22, 23 एवं 24 में निम्नवत प्रावधानित है :–

[4][22. निर्वाचक नामावलियों में की प्रविष्टियों की शुद्धि– यदि किसी निर्वाचन–क्षेत्र के निर्वाचकर जिस्ट्रीकरण आफिसर का समाधान अपने से आवेदन किए जानेपर या स्वप्रेरणापर, ऐसी जांच के पश्चात् जैसी वह ठीक समझता है, हो जाता है कि उस निर्वाचन–क्षेत्र की निर्वाचक नामावली में कोई प्रविष्टि–
(क) किसी विशिष्ट में गलत है या त्रुटिपूर्ण है,
(ख) इस आधार पर कि सम्पृक्त व्यक्ति ने उस निर्वाचन–क्षेत्र के अन्दर अपना मामूली निवास–स्थान बदल दिया है नामावली में अन्यत्र रख दी जानी चाहिए, अथवा
(ग) इस आधार पर कि सम्पृक्त व्यक्ति मर गया है या उस निर्वाचन–क्षेत्र में मामूली तौर से निवासी नहीं रह गया है या उस नामावली में रजिस्ट्रीकृत किए जाने के लिए अन्यथा हकदार नहीं है, निकालदी जानी चाहिए,
तो निर्वाचकर जिस्ट्रीकरण आफिसर, ऐसे किन्ही साधारण या विशेष निदेशों के, यदि कोई हो, जैसे निर्वाचन आयोग द्वारा इस निमितदिए जाएं, अध्यधीन रहते हुए [1][तथ्यों का ऐसी रीति में जोविहित की जाए, समुचित सत्यापन करने के पश्चात्] उस प्रविष्टि को संशोधित कर सकेगा, अन्यत्र रख सकेगा या निकाल सकेगा :
परन्तु खंड (क) या खंड (ख) के अधीन किसी आधार पर कोई कार्यवाही या खंड (ग) के अधीन इस आधारपर कि सम्पृक्त व्यक्ति उस निर्वाचन–क्षेत्र में मामूली तौर से निवासीन हीं रह गया है या वह उस निर्वाचन–क्षेत्र की निर्वाचक नामावली में रजिस्ट्रीकृत किए जाने के लिए अन्यथा हकदार नहीं है कोई कार्यवाही करने से पूर्वनिर्वाचकर जिस्ट्रीकरण आफिसर सम्पृक्त व्यक्तिको [1][तथ्यों का ऐसी रीति में जो विहित की जाए, समुचित सत्यापन करने के पश्चात्] उस व्यक्ति के संबंध में की जाने के लिए प्रस्थापित कार्यवाही के बारे में सुनवाई का युक्ति युक्त अवसर देगा।]
[2][23. निर्वाचक नामावलियों में नामों का सम्मिलित किया जाना–(1) कोई भी व्यक्ति, जिसका नाम किसी निर्वाचन–क्षेत्र नामावली में सम्मिलित नहीं है, उस नामावली में अपना नाम सम्मिलित कराने के लिए निर्वाचकर जिस्ट्रीकरण आफिसर को आवेदन कर सकेगा।
(2) निर्वाचक रजिस्ट्री करण आफिसर का यदि वह समाधान हो जाता है कि आवेदक उस निर्वाचक नामावली में रजिस्ट्रीकृत किए जाने के लिए हकदार होतो [3][तथ्यों का ऐसी रीति में जो विहित की जाए, समुचित सत्यापन करने के पश्चात्]वह यह निदेश देगा कि उसका नाम उसमें सम्मिलित किया जाए:
परन्तु यदि आवेदक किसी अन्य निर्वाचन–क्षेत्र की निर्वाचक नामावली में रजिस्ट्रीकृत है तो निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण आफिसर उस अन्य निर्वाचन–क्षेत्र के निर्वाचकर जिस्ट्रीकरण आफिसर कोइ त्तिला देगा और वह आफिसर ऐसी इत्तिला प्राप्त होने पर [3][तथ्यों का ऐसी रीति में जो विहित की जाए, समुचित सत्यापन करने के पश्चात्]उस नामावली में से आवेदक के नाम को काट देगा।
(3) किसी निर्वाचन निर्वाचन क्षेत्र में या उस संसदीय निर्वाचन–क्षेत्र में, जिसमें वह निर्वाचन–क्षेत्र समाविष्ट है, निर्वाचन के लिए नामनिर्देशन करने की अन्तिम तारीख के पश्चात् और उस निर्वाचन की समाप्ति से पूर्व धारा 22 के अधीनकोई भी प्रविष्टि न तो संशोधित की जाएगी, न अन्यत्र रखी जाएगी और न निकाली जाएगी और न इस धारा के अधीनकिसी निर्वाचन–क्षेत्र की निर्वाचक नामावली में किसी नाम को सम्मिलितकरने के लिए कोई निर्देश ही दिया जाएगा।]
[4][24. अपीले–यथा विहित समय के अन्दर और रीति में, अपील–
(क) किसी ऐसे आदेश के खिलाफ जो निर्वाचकर जिस्ट्रीकरण आफिसर ने धारा 22या धारा 23 के अधीन कियाहै, [5][जिला मजिस्ट्रेट या अपर जिला मजिस्ट्रेट या कार्यपाल कमजिस्ट्रेट या जिला कलक्टर या समतुल्य पंक्ति का कोई अधिकारी]को होगी; [6]***
[7][(ख) खंड (क) के अधीन जिला मजिस्ट्रेट या अपर जिला मजिस्ट्रेट के किसी आदेश के खिलाफ मुख्य निर्वाचन आफिसर को होगी।]
अतः लातेहार जिलान्तर्गत सभी आमजनों को सूचित किया जाता है कि लोकप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 24 में प्रदत्त अपील प्रावधान का आवश्यकतानुसार प्रयोग कर सकते हैं।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, लातेहार।

PR 352316 Election(25-26)D

### जेठ जतरा में मांदर की थाप पर झूमे ग्रामीण, लोक-संस्कृति की दिखी जीवंत झलक

# पारंपरिक उत्सव का आयोजन सैकड़ों ग्रामीणों की सहभागिता

- जेठ जतरा केवल उत्सव नहीं, बल्कि आदिवासी संस्कृति की पहचान है : सुखदेव उरांव

नवीन मेल संवाददाता



**कैरो/लोहरदगा।** प्रखंड के नरौली पंचायत अंतर्गत नरौली गांव में जेठ माह की परंपरानुसार मंगलवार को जेठ जतरा का आयोजन पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ किया गया। जतरा में नरौली सहित खण्डा, गजनी, ख्वास अंबवा, चरिमा, गाड़ाडीह, पंचागाई आदि गांवों से खोड़हा समुदाय के सैकड़ों ग्रामीण पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ शामिल हुए।

कार्यक्रम में पारंपरिक पोशाक में युवाओं व बुजुर्गों ने मांदर, ढोल और नगाड़े की थाप पर सामूहिक नृत्य किया। जतरा स्थल पर रंग-बिरंगी साज-सज्जा, पारंपरिक गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से आयोजन स्थल जीवंत हो उठा। मेले में खिलौने, लोक मिठाइयाँ, श्रृंगार सामग्री और घरेलू उपयोगी वस्तुओं की कई अस्थायी दुकानें लगीं। महिला व बच्चों ने उत्साहपूर्वक खरीदारी की।

जिला परिषद सदस्य सुखदेव उरांव ने आयोजन में शामिल होकर कहा कि जेठ जतरा केवल उत्सव नहीं, बल्कि आदिवासी संस्कृति की पहचान है, जिसे अगली पीढ़ी तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम को सफल बनाने में गांव के पहान, पुजार, महतो समेत मनोज उरांव, धनपत उरांव, सकलु उरांव, प्रवीण साहू, लबलराम साहू, अनवर अंसारी सहित आयोजन समिति के अन्य सदस्य सक्रिय रहे। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस आयोजन ने न केवल पारंपरिक संस्कृति को संजोने का अवसर दिया, बल्कि आपसी सामाजिक एकता को भी मजबूत किया।

## चेन्नई में कुडू की लड़की का कमरे में मिला शव

- शव को चेन्नई से झारखंड लाने के लिए परिजनों ने जिला प्रशासन से लगाई गुहार

**कुडू-लोहरदगा।** लोहरदग़ा जिले के कुडू थाना अंतर्गत मकान्दू गांव निवासी स्व तबारक खान की 22 वर्षीय पुत्री अंजुम आरा का चेन्नई के कंजीपुरम अंतर्गत श्रीप्रमबदुर के एक होस्टल में शव कमरे की छत से लटका हुआ पाया गया। श्रीप्रेमबदुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और प्रारंभिक तौर पर इसे आत्महत्या का मामला मान रही है। फिलहाल शव को मोर्चरी में रखा गया है। घटना के संबन्ध में परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार मृतका पिछले पांच वर्षों से कांचीपुरम जिले के श्रीपेरंबदूर थाना क्षेत्र अंतर्गत आइरुन गटोकोताई अपर पार्क स्थित सिपकोट वुमेन्स होस्टल में रह कर किसी किसी कंपनी में सिलाई का काम करती थी। 13 मई की रात करीब सात बजे उसके साथ काम करने वाली एक लड़की ने सूचना दी कि अंजुम आरा ने खुदकुशी कर ली है। जिसके बाद परिजनों ने होस्टल के वार्डन और संबधित थाने से संपर्क कर जानकारी लेने के प्रयास किया लेकिन एक दूसरे की भाषा समझने में असमर्थता के कारण विशेष कुछ स्पस्ट नही हो पा रहा था। थक हार कर परिजनों ने कूडू थाना में आवेदन देकर शव को लाने की गुहार लगाई है। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि संबंधित थाने से बात हुई है। उन्हें मृतका के सत्यापन से संबंधित मेल भी कर दिया गया है। इधर आजसु नेता गुड्डू लाल ने भी एसडीओ लोहरदग़ा से दुरभाष पर बात कर शव मंगाने की मांग की है।

## सात्विक गुप्ता ने इंटर सीबीएसई परीक्षा में हासिल किए 94% अंक

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** बीआईडी, लोहरदगा के छात्र सात्विक गुप्ता, पिता प्रमोद गुप्ता एवं माता अनुपमा देवी ने सीबीएसई बोर्ड की इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 में 94% अंक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। सात्विक वर्तमान में कोटा (राजस्थान) से पढ़ाई कर रहे हैं और उनका सपना है कि वे भविष्य में एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनें। सात्विक के माता-पिता लोहरदगा में कपड़े की दुकान चलाते हैं। उनकी इस सफलता पर परिजनों सहित क्षेत्र के गणमान्य लोगों एवं मित्रों ने हर्ष व्यक्त किया है। बधाई देने वालों में संदीप मिश्रा, जब्बारूल अंसारी, सतीश बरई, दिनेश कुमार, गौतम, अनिल कुमार, दीपक महतो, सरोज कुमार प्रमुख रूप से शामिल हैं। वहीं परिवार के सदस्यों में सैफ अंसारी, फिरोज अंसारी, मासूम खलीफा, सज्जू खान आदि ने भी शुभकामनाएं दी हैं। सात्विक की इस उपलब्धि पर जिलेवासियों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।


**कार्यालय, गढ़वा नगर परिषद्, गढ़वा**

पत्रांकः 1087 दिनांक 14.05.2025

**शुद्धि–पत्र**

कार्यालय नगर परिषद गढ़वा के द्वारा E-Tender GNP-01/2025-26 कार्य का नाम– Construction of Urban Ayushman Arogya Mandir and Policlinics, Under Nagar Parishad Garhwa का सूचना प्रकाशित किया गया था, जिसका PR.NO. 351607 Urban Development (25-26):D है। उक्त ई–निविदा में निम्नलिखित संशोधन किया जाता है:–

1.ई–निविदा डालने की अंतिम तिथि–24.05.2025 Up to 05 PM.

2.ई–निविदा निविदा खोलने की तिथि–26.05.2025 11:00 AM

शेष सभी पूर्व की भांति यथावत रहेंगे।

कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद गढ़वा

PR 352424 (Urban Development)25-26*D


## शिशुओं ने तरण ताल में किया जल क्रीड़ा का आनंद



- सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर, लोहरदगा में विशेष गतिविधि

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में बुधवार को कक्षा 'उदय' के नन्हे भैया-बहनों ने विद्यालय परिसर में स्थित तरण ताल में जल क्रीड़ा का भरपूर आनंद लिया। जल के साथ उनका यह प्रथम परिचय अत्यंत आनंददायक एवं शिक्षाप्रद रहा। इस अवसर पर शिशु वाटिका प्रमुख आचार्य सुश्री सुनीता कुमारी ने बच्चों को जल के महत्व, जल स्रोतों तथा जल में खेले जाने वाले विविध खेलों के बारे में सरल एवं रोचक ढंग से जानकारी दी। बच्चों में इस गतिविधि को लेकर अपार उत्साह देखने को मिला। विद्यालय प्रबंधन द्वारा यह स्पष्ट निर्देश दिया गया कि किसी भी शिशु को अभिभावकों की उपस्थिति के बिना तरण ताल में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। इस निर्णय का उद्देश्य बच्चों में आत्म-जागरूकता और सुरक्षा के प्रति सजगता की भावना विकसित करना है। तरण ताल, शिशु वाटिका के समग्र विकासात्मक आयाम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो विद्या भारती के उस उद्देश्य को भी सार्थक करता है जिसमें बालकों के शारीरिक विकास के साथ-साथ तैराकी जैसे जीवनोपयोगी कौशल का विकास सुनिश्चित किया जाता है।

## विधायक प्रतिनिधि ने हाथी हमले में मृत युवक के परिजनों को दी मदद

- 25 हजार रुपए की तत्काल सहायता, वन विभाग से शीघ्र मुआवज़ा दिलाने का आश्वासन

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** मंगलवार की अर्धरात्रि को कैरो प्रखंड के हनहट निवासी साजिर अंसारी (पिताः ग़फ़्फ़ार अंसारी, उम्र 30 वर्ष) की जंगली हाथी के हमले में दर्दनाक मृत्यु हो गई। इस घटना के विरोध में मृतक के परिजनों एवं कैरो वासियों द्वारा कचहरी मोड़, लोहरदगा पर आक्रोशित होकर शव के साथ सड़क जाम कर प्रदर्शन किया गया। घटना की सूचना पाकर स्थानीय विधायक डॉ. रामेश्वर उराँव के प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल तत्काल जाम स्थल पर पहुंचे। उन्होंने आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर शांत किया और जाम को समाप्त कराते हुए सदर अस्पताल में मृतक का पोस्टमार्टम कराने की व्यवस्था करवाई। इसके पश्चात उन्होंने मृतक के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। श्री जायसवाल ने वन प्रमंडल पदाधिकारी से संपर्क कर मृतक के परिजनों को 25,000 रुपए की त्वरित राहत राशि उपलब्ध कराई और आश्वस्त किया कि विभागीय प्रक्रिया के तहत शीघ्र ही 3.75 लाख रुपए का मुआवज़ा भी प्रदान किया जाएगा।

उन्होंने हाथी आतंक की समस्या को गंभीरता से लेते हुए वन विभाग को निर्देशित किया कि हाथी भगाने वाली टीम को सक्रिय किया जाए तथा प्रभावित क्षेत्रों में फ्लड लाइट लगाने की व्यवस्था की जाए ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोका जा सके।

इस अवसर पर कुडु उप प्रमुख ऐनुल अंसारी, इंतखाब आलम, नाजिम अंसारी, मुनीम अंसारी, विशाल डुंगडुंग, असलम अंसारी समेत कई स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित थे।

विधायक प्रतिनिधि श्री जायसवाल ने कहा, "यह एक अत्यंत दुखद घटना है। स्थानीय विधायक डॉ. रामेश्वर उराँव एवं हम सभी शोकसंतप्त परिवार के साथ हैं और हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी।"


**समाहरणालय, लातेहार (आपूर्ति शाखा)**

**अति अल्पकालिन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

वित्तीय वर्ष 2025–26 में मुख्यमंत्री दाल–भात योजना अंतर्गत लातेहार जिला में कुल 13 (तेरह) केन्द्र संचालित हैं। शहरी क्षेत्र/नगर पंचायत के प्रत्येक केन्द्र में प्रतिदिन 400 गरीब व्यक्तियों एवं ग्रामीण प्रखण्ड के प्रत्येक केन्द्रों में प्रतिदिन 200 गरीब व्यक्तियों को 5 (पांच) रूपये की दर से प्रत्येक दिन एक समय का खाना खिलाया जाना है। खाना में दाल–भात के साथ सप्ताह में 4 दिन चना एवं 3 दिन सोयाबीन बड़ी की सब्जी देनी है। इसके लिए शहरी क्षेत्र के प्रति केन्द्र प्रतिदिन 5 किलोग्राम चना/सोयाबीन बड़ी, नगर पंचायत क्षेत्रों के प्रति केन्द्र 3.5 किलोग्राम चना/सोयाबीन बड़ी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के प्रति केन्द्रों में प्रतिदिन 2.5 किलोग्राम चना/सोयाबीन बड़ी उपलब्ध करायी जानी है। उक्त सामग्री आपूर्ति के लिए बाजार समिति से संबद्ध अनुज्ञप्तिधारियों को सूचित किया जाता है कि इच्छुक अनुज्ञप्तिधारी दिनांक 22.05.2025 को 10:30 पूर्वाह्न से 01:00 अपराह्न तक चावल, चना एवं सोयाबीन बड़ी का मूल्य निर्धारण कर बंद लिफाफा में निविदा जिला आपूर्ति शाखा, लातेहार के बंद बक्से में डालेंगे तथा दिनांक–23.05.2025 को मध्याह्न 12:00 बजे दर का निर्धारण एवं सामग्रियों के साथ जांच निविदा समिति के सदस्यों के समक्ष निविदादाता या उनके प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगें। निविदा में निर्धारित दर एवं बाजार समिति द्वारा निर्धारित दर को मिलान करने के पश्चात् न्यूनतम दर एवं अच्छी गुणवता वाले खाद्यान्न सामाग्रियों के अनुज्ञप्तिधारी का चयन कर आपूर्ति हेतु आदेश निर्गत किया जायेगा।

निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट एवं लातेहार जिला के वेबसाईट www.latehar.nic.in पर उपलब्ध है जिस पर देखा जा सकता है।


उपायुक्त, लातेहार

PR 352375 Food Public Distribution and Consumer Affairs(25-26).D


### लोहरदगा जिला स्थापना दिवस के आयोजन को लेकर अधिकारियों ने की बैठक

## 17 को समाहरणालय के समीप आयोजित होगा मेला, विविध कार्यक्रमों का होगा आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में बुधवार को जिला परिषद सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य 17 मई 2025 को लोहरदगा जिला स्थापना दिवस समारोह के आयोजन की रूपरेखा तय करना था। बैठक में निर्णय लिया गया कि स्थापना दिवस के अवसर पर समाहरणालय परिसर के समीप मैदान में एक भव्य मेला आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर जिले के विभिन्न विभागों द्वारा अपनी योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए जाएंगे, साथ ही संबंधित परिसंपत्तियों का वितरण किया जाएगा। इसके लिए सभी विभागों को परिसंपत्तियों की सूची समर्पित करने का निर्देश दिया गया है। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में पेंटिंग प्रतियोगिता और भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन होगा। इसके साथ ही मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में जिला के सभी विभागों को उनके-उनके उत्तरदायित्व सौंपे गए हैं ताकि कार्यक्रम का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। इस अवसर पर आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, समेत कई जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## भाजपा के नेतृत्व में कल लोहरदगा जिला में निकलेगी तिरंगा यात्रा

**लोहरदगा।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुई आतंकवादी घटना के पश्चात भारत सरकार के निर्देश पर भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान स्थित आतंकवादी ठिकानों पर सफल कार्रवाई की गई। इस अभियान में दर्जनों आतंकवादी एवं पाकिस्तानी सैनिक मारे गए, जिससे आतंक के पनाहगाह पाकिस्तान में हड़कंप मच गया है। भारत की इस निर्णायक प्रतिक्रिया को लेकर देश भर में राष्ट्रभक्ति की भावना प्रबल हुई है और जगह-जगह तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। इसी क्रम में भाजपा, लोहरदगा जिला इकाई द्वारा आगामी 16 मई, शुक्रवार को भव्य तिरंगा यात्रा आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। यह निर्णय भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित बैठक में जिला अध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में लिया गया। तिरंगा यात्रा में भूतपूर्व सैनिकों, सामाजिक संगठनों, व्यापारिक समुदाय, शैक्षणिक संस्थानों तथा विधिक क्षेत्र से जुड़े गणमान्य व्यक्तियों की अगुवाई में जनसहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। यात्रा प्रातः 8 बजे अग्रसेन भवन से प्रारंभ होकर गुदरी बाजार, बड़ा तालाब, अमलाटोली होते हुए पावरगंज तक जाएगी। बैठक में पूर्व कार्ययोजना की समीक्षा के साथ-साथ यह भी निर्णय लिया गया कि 20 मई को सभी मंडलों में तिरंगा यात्रा आयोजित की जाएगी। इस बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व अध्यक्ष राजकिशोर महतो, उपाध्यक्ष हर्षनाथ महतो, बालकृष्ण सिंह, महामंत्री संजय कुमार, बिनोद राय, मिना बाखला, विजय सोनी, आदि उपस्थित थे।


**कार्यालय जिला परिषद, पलामू**

Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

**आम सूचना**

जिला परिषद, पलामू अन्तर्गत आवंटित सभी दुकानों/भवनो के आवंटी जो अबतक अपने आवंटित सैरात का निबंधित एकरारनामा नहीं कराये हैं साथ ही वैसे आवंटी जिनका लीज एकरारनामा की अवधि समाप्त हो चुकी है को सूचित किया जाता है कि वे आपने आवंटित सैरात का निबंधित एकरारनामा/एकरारनाम नवीनीकरण दिनांक 31.05.2025 तक अनिवार्य रूप से करा ले। अन्यथा उनका आवंटन रद्द कर दिया जायेगा।

ह0/–

उप विकास आयुक्त –सह– मुख्य कार्यापालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू

PR 352409 District(25-26).D


### दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन जरूरी : कुणाल



**लोहरदगा।** जिला सड़क सुरक्षा समिति सदस्य कुणाल अभिषेक ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करके ही दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। उन्होंने हेलमेट और सीट बेल्ट जैसे सुरक्षित उपकरणों के उपयोग पर ज़ोर दिया और सड़क पर जिम्मेदारी के साथ चलने के ज्ञान से अवगत रहने की अपील की। कहा कि वाहन चलाते समय सतर्कता, संयम और नियमों का पालन जीवन रक्षा के लिए अनिवार्य है। हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट लगाना और गति सीमा का पालन करना हमारी जीवन रक्षा की गारंटी हो सकता है।

## सीएचसी में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस

नवीन मेल संवाददाता



**कुडू-लोहरदगा।** सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र कुडू में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सिएचसी प्रभारी डॉ सुलामी होरो की अध्यक्षता और डॉ राजेश भगत की देख रेख में इस वर्ष " हमारी नर्सेस हमारा भविष्य" थीम पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान दुनिया की पहली नर्स फ्लोरेंस नाइटिंगेल का जन्मदिन मनाया और सभी ने एक-दूसरे को केक काटकर खिलाया। मौके पर डॉ श्रीमती होरो ने कहा कि आधुनिक नर्सिंग की जन्मदाता और नर्सिंग पेशे को सम्मान दिलाने में अहम योगदान देने वाली फ्लोरेंस नाइटिंगल के जन्म दिन पर प्रति वर्ष यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इस दौरान स्वास्थ्यकर्मियों ने नर्सों के योगदान की सराहना की और उनका धन्यवाद किया। इस अवसर पर डॉ अजित कुमार मंडल, डॉ राकेश कुमार, बीपीएम सरोजनी केरकेट्टा, सीएचओ मो तौसीफ अंसारी, सरस्वती कुमारी, जगरानी टोप्पो, मेनका तिर्की, जुही कुमारी, शिफा लकड़ा, सबिता कुमारी, जीएनएम संध्या लकड़ा, सरोज गाड़ी, एएनएम रोशनी टोप्पो, किरण तिर्की, प्रतिभा साहू, रौशन आरा, एमपीडब्ल्यू नितिन गुप्ता, शादाब कुरैशी, नरेश भगत, रौशन टोप्पो, अताउल्लाह रिंकु आदि उपस्थित थे।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना। (नोटिस)**

नाम–(1) मो0 पैजान अंसारी उर्फ फैजान अंसारी, पे0–मो0उस्मान अंसारी, सा0–पतागडा कला, वार्ड नं0–01, पो0–कोचेया, थाना–विशुनपुरा, जिला–गढ़वा, वर्तमान पता–मेन रोड विशुनपुरा, पो0–कोचेया, थाना–विशुनपुरा, जिला–गढ़वा राज्य–झारखण्ड आपको सूचित किया जाता है कि आप रंका थाना कांड सं0–93/19 दिनांक–25.06.2019 धारा–406, 420, 120बी, 463, 465, 468, भा0द0वि0 एवं 138 एन0आई0एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे है। माननीय न्यायालय, श्रीमती अनुलिका कुमार, प्रथम श्रेणी न्यायिक दण्डाधिकारी, गढ़वा, जिला–गढ़वा, झारखण्ड के द्वारा आपके विरुद्ध इश्तिहार निर्गत किया गया है। दिनांक–13.01.2025 को आपके वर्तमान पता–मेन रोड विशुनपुरा के घर पर इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया है। परन्तु आप अपने घर से भी फिरार है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय, श्रीमती अनुलिका कुमार, प्रथम श्रेणी न्यायिक दण्डाधिकारी, गढ़वा, जिला–गढ़वा, झारखण्ड के न्यायालय में आप अविलंब आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक, गढ़वा।

PR.NO.352314 Police(25-26):D


### आंगनबाड़ी सेविकाओं को मिला पोषण ट्रैकर ऐप का

## 97 सेविकाओं ने जाना लाभुकों के ई-केवाईसी व सत्यापन की प्रक्रिया

नवीन मेल संवाददाता



**सेन्हा/लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में बुधवार को आंगनबाड़ी सेविकाओं के लिए पोषण ट्रैकर ऐप का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रथम चरण के अंतर्गत प्रखंड क्षेत्र के तीन सेक्टरों की सेविकाओं के लिए आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण में सेन्हा हरिजन टोली, हुंदी, हेन्हे, जुड़नी, चाऊ, चरकु, सेन्हा खास, चांडी, साके, सुरसुरिया, सिंदूर, आरा, चंदवा सहित विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों की कुल 97 सेविकाएं शामिल हुईं। महिला पर्यवेक्षिका सह प्रशिक्षक श्रीमती बॉबी कुमारी नायक ने सेविकाओं को पोषण ट्रैकर ऐप के माध्यम से लाभुकों विशेषकर गर्भवती एवं धात्री महिलाओं का फोटो, आधार नंबर अपलोड करने तथा ई-केवाईसी की प्रक्रिया को लेकर विस्तृत जानकारी दी।

प्रशिक्षण में यह भी बताया गया कि प्रत्येक माह पोषण पैकेट वितरण से पहले लाभुकों के फोटो का मिलान एवं सत्यापन आवश्यक है, जिससे कोई भी पात्र महिला पोषण लाभ से वंचित न रह जाए।

कार्यक्रम में रजनी देवी, निर्मला देवी, शहनाज बेगम, सीता देवी, संतोषी मिंज, आरती उरांव, निशा देवी, लीला देवी, संजीदा खातून, मीना देवी, किरण उरांव, शिला देवी, सुशीला देवी, सुमंती देवी सहित अन्य सेविकाएं उपस्थित थीं।


**कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार**

**शुद्धि पत्र**

नगर पंचायत, लातेहार के ज्ञापांक 851 दिनांक 06.05.2025 द्वारा जिला सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी लातेहार के माध्यम से PR NO 352186 Urban Development (25-26).D द्वारा 12 अदद DMFT योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित अतिअल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं0 UDD/LNP/06/2025-26 में Last Date/Time of submission of bids-18.05.2025 upto 03:00 pm, ,oa Technical & Financial Bid opening date (Online)-19.05.2025 at 5.00 PM की तिथि टंकीय भूलवश अंकित हुई है, जिसे Last Date/Time of submission of bids-19.05.2025 upto 03:00 pm, एवं Technical & Financial Bid opening date (Online)- 20.05.2025 at 5.00 PM पढा व समझा जाय, शेष यथावत रहेगें।

प्रशासक, नगर पंचायत, लातेहार

PR.NO.352406 Urban Development(25-26):D



**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना (नोटिस)**

नाम–(1) राजेन्द्र भुईयां, पे0–सोहराई भुईयां, सा0–कंचनपुर, टोला–बेलवादामर, थाना–रंका, जिला–गढ़वा राज्य–झारखण्ड आपको सूचित किया जाता है कि आप रंका थाना कांड सं0–180/21, दिनांक–20.07.21 धारा–498(ए), 494, 34, भा0द0वि0 के प्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे है। माननीय न्यायालय श्री हर्षित तिवारी, न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी गढ़वा के द्वारा इश्तिहार निर्गत किया गया था। दिनांक–28.11.23 को आपके के स्थायी पते सा0–कंचनपुर के घर पर इश्तिहार का विधिवत तामिला चुका है। परन्तु आप अपने घर से भी फिरार चल रहे है। वर्तमान में यह कांड माननीय न्यायालय श्रीमती अनुलिका कुमार, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी गढ़वा में चल रहा है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय, श्रीमती अनुलिका कुमार, प्रथम श्रेणी न्यायिक दण्डाधिकारी, गढ़वा, जिला–गढ़वा, झारखण्ड के न्यायालय में आप अविलंब आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक, गढ़वा

PR 352312 Police(25-26)#D

# तेज आंधी-तूफान व बारिश ने मचाई भारी तबाही, जनजीवन हुआ बेहाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** जिले में अचानक बदले मौसम ने बुधवार देर शाम कहर बरपा दिया। तेज आंधी-तूफान के साथ झमाझम बारिश और ओलावृष्टि ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। इस मौसमीय विपदा ने जहां जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया, वहीं किसानों की फसलें भी बर्बाद हो गईं।

तेज हवा के कारण कई जगहों पर पेड़ और बिजली के खंभे उखड़ गए। नतीजतन, गुमला नगर सहित कई प्रखंडों में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई, जिससे लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हो गए हैं। बिजली बहाल करने का प्रयास युद्धस्तर पर जारी है, परंतु कई स्थानों पर तार टूटने और पोल गिरने के कारण बहाली में समय लग सकता है।

ओलावृष्टि और तेज बारिश से खेतों में खड़ी धान, मड़ुवा, सब्जी और दलहन की फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। किसानों का कहना है कि बुआई के बाद अब जब फसलें तैयार हो रही थीं, तभी इस प्राकृतिक कहर ने उनके सपनों को रौंद डाला। कई गांवों में ओले गिरने से खेत सफेद चादर में तब्दील हो गए।

स्थानीय किसान बिरसा उरांव ने बताया कि "मुझे लगभग दो एकड़ में लगी सब्जी की फसल से बड़ी उम्मीद थी, लेकिन ओले और बारिश ने सब बर्बाद कर दिया। अब तो लागत निकालना भी मुश्किल हो गया है।"

प्रशासन ने स्थिति पर संज्ञान लिया है। प्रखंड प्रशासन और कृषि विभाग की टीमों को क्षति आकलन के लिए गांवों में भेजा गया है। अनुमंडल अधिकारी ने बताया कि किसानों को हुए नुकसान की रिपोर्ट तैयार कर सरकार को भेजी जाएगी, ताकि मुआवजा दिया जा सके।

इस अप्रत्याशित मौसम बदलाव से आमजन के साथ-साथ यातायात भी प्रभावित हुआ। कई जगहों पर गिरे पेड़ों के कारण सड़क मार्ग बाधित हुए, जिन्हें हटाने का कार्य देर रात तक जारी रहा।

मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के कारण इस तरह की गतिविधियां हुई हैं और अगले 24 घंटे तक आंधी-बारिश की आशंका बनी हुई है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे अनावश्यक घर से बाहर न निकलें और सुरक्षित स्थानों पर ही रहें।

गुमला में बे-मौसम आंधी-तूफान और ओलावृष्टि ने न सिर्फ आम लोगों की दिनचर्या बाधित की है, बल्कि किसानों के लिए यह आफत की घड़ी साबित हुई है। अब सभी की नजर प्रशासनिक राहत और मुआवजा प्रक्रिया पर टिकी है।



## आंधी-तूफान में उड़ गया घर का एस्वेस्टस शीट, किसानों को लाखों का नुकसान

**पालकोट (गुमला)।** पालकोट प्रखंड के नाथपुर जुड़ाटोली गांव में मंगलवार की शाम तेज बारिश और आंधी-तूफान ने तबाही मचा दी। गांव के दीपक साहू, पिता श्यामलाल साहू, के घर में लगा एस्वेस्टस शीट पूरी तरह उड़ गया, जिससे उन्हें लाखों रुपये की क्षति हुई है। किसान दीपक साहू ने बताया कि ये मौसम की पहली आंधी थी, और इससे ही इतनी बड़ी क्षति हो गई है। यदि समय रहते कोई राहत नहीं मिली तो बरसात के दौरान घर पूरी तरह गिर सकता है और उन्हें परिवार सहित सड़क पर आना पड़ सकता है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल मुआवज़े की मांग की है, ताकि वे अपने घर की मरम्मत कर सकें और परिवार को सुरक्षित रख सकें। ग्रामीणों ने भी जिला प्रशासन से मांग की है कि दीपक साहू जैसे गरीब किसानों की मदद की जाए, जिससे वे इस प्राकृतिक आपदा से उबर सकें।



## आंधी-तूफान से विद्यालय व मचान क्षतिग्रस्त, बिजली व्यवस्था ठप

**रायडीह।** मंगलवार की रात आए तेज आंधी-तूफान और भारी बारिश ने रायडीह प्रखंड के सुरसांग पंचायत में भारी तबाही मचाई। जी.ई.एल. मध्य विद्यालय, सुरसांग के पास एक विशाल पेड़ गिर जाने से विद्यालय भवन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। बताया गया कि विद्यालय का कच्चा मकान आंधी की तीव्रता के कारण पूरी तरह से टूट गया। तेज हवाओं के कारण बिजली का पोल भी गिर पड़ा, जिससे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई है। ग्रामीणों को कई स्थानों पर गिरे पेड़ों की वजह से आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## वज्रपात से मवेशी की मौत



**पालकोट (गुमला)।** प्रखंड के टेंगरिया पंचायत अंतर्गत खिजूर टोली गांव निवासी किसान सोमरा उरांव को मंगलवार दोपहर आए तेज आंधी-तूफान और वज्रपात की वजह से भारी नुकसान झेलना पड़ा। बिजली गिरने से एक मवेशी की मौके पर ही मौत हो गई, जिससे किसान को लगभग ₹20,000 का आर्थिक नुकसान हुआ है। पीड़ित किसान सोमरा उरांव ने बताया कि वह दोपहर के समय मवेशियों को चराने ले गया था। अचानक मौसम खराब हुआ और तेज आंधी-तूफान के साथ वज्रपात हुई, जिसमें एक मवेशी की जान चली गई। इस घटना से आहत किसान ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। स्थानीय ग्रामीणों ने भी प्रशासन से आग्रह किया है कि प्राकृतिक आपदा राहत कोष से पीड़ित किसान को शीघ्र सहायता दी जाए, ताकि उसे कुछ राहत मिल सके।

### बोटोपानी गांव में जला 'सौर उजाला'

## 40 पीवीटीजी परिवारों को मिली रोशनी की सौगात



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला (घाघरा)।** गुमला जिले के दूरस्थ और अब तक अंधेरे में जीवन बिता रहे बोटोपानी गांव में सौर ऊर्जा की रोशनी ने एक नया सवेरा ला दिया है। प्रधानमंत्री जनजातीय सशक्तिकरण योजना और प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत गुमला जिला प्रशासन और जेआरईडीए की साझेदारी में इस गांव को पहली बार बिजली की सुविधा मिली है। बोटोपानी गांव, जहां के लगभग 40 पीवीटीजी परिवार वर्षों से बिजली जैसी बुनियादी सुविधा से वंचित थे, अब सौर ऊर्जा संयंत्र से जुड़े माइक्रो ग्रिड के माध्यम से रोशन हो उठे हैं। अप्रैल 2025 में स्थापित 10 किलोवाट क्षमता वाले संयंत्र ने इन परिवारों की रातें रोशन और जीवन आसान बना दिया है।

बोटोपानी के निवासियों के चेहरे पर संतोष और आशा की चमक है। एक ग्रामीण ने कहा की अब हमारा गांव अंधेरे से निकलकर उजाले की ओर बढ़ रहा है। यह सिर्फ बिजली नहीं, बल्कि तरक्की की रौशनी है।

**इस परियोजना से जुड़े प्रभावी परिवर्तन स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं**

- अब बच्चे रात में पढ़ाई कर पा रहे हैं।
- ग्रामीण सिलाई, दुकानदारी जैसे छोटे व्यवसाय शुरू कर रहे हैं।
- खेतों में सौर ऊर्जा से सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हो रही है।
- परंपरागत ईंधनों पर निर्भरता घटने से पर्यावरण को राहत मिल रही है।
- जेआरईडीए ने संयंत्र की निगरानी के लिए आधारित रीयल टाइम सिस्टम भी स्थापित किया है, और पांच वर्षों की अनुरक्षण योजना से इसकी दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित की जा रही है।

## फरार नाबालिग प्रेमी युगल यूपी से बरामद

**भरनो (गुमला)।** प्रखंड के एक गांव से फरार हुए नाबालिग प्रेमी युगल को भरनो पुलिस ने उत्तर प्रदेश के ईंट भट्ठा से बरामद कर लिया है। एसआई मंटू चौधरी के नेतृत्व में पुलिस ने तकनीकी सहायता से दोनों की लोकेशन ट्रेस कर कार्रवाई को अंजाम दिया। प्रेम प्रसंग में लिप्त 16 वर्षीय किशोर और 17 वर्षीय किशोरी बीते 24 फरवरी को घर से भाग निकले थे। घटना की सूचना पर किशोरी के पिता ने भरनो थाना में मामला दर्ज कराया था। मामला दर्ज होते ही पुलिस ने छानबीन शुरू की और यूपी से दोनों को सकुशल वापस लाकर बुधवार को न्यायालय में प्रस्तुत किया।

## न्यूज बॉक्स

### चचेरे देवर ने अपनी ही विधवा भाभी की हत्या कर शव को कुआं में डाला



**सिसई(गुमला)।** सिसई थाना क्षेत्र के लंगटा पबेया गांव में चचेरे देवर ने अपनी ही विधवा भाभी की हत्या कर शव को कुएं में डाल दिया। बुधवार को ग्रामीणों ने कुंआ में अज्ञात शव होने की सूचना सिसई पुलिस को दी। सूचना पर थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह दल बल के साथ घटना स्थल पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने छानबीन की और तत्काल हत्यारोपी देवर गुरुदयाल उरांव को गिरफ्तार कर लिया। पुछताछ में गुरुदयाल ने हत्या की बात स्वीकार करते हुए बताया कि मृतिका फुलमनी देवी के पति दिलीप उरांव की 2015 में मौत हो गई है,तब से गुरुदयाल और फुलमनी पति पत्नी के रूप में एक साथ रहते थे। मृतिका का अन्य लोगों से अवैध संबंध होने के शक में अक्सर लड़ाई झगड़ा होता था, बीते गांव में बीते चार दिनों से चार अलग-अलग घरों में शादी समारोह चल रहा था, गांव में मंगलवार रात को बारात आया हुआ था। इसी दौरान फुलमनी शौच के लिए खेत की ओर गई थी। पीछे से नशे की हालत में गुरुदयाल पहुंचा और शक में उसने फुलमनी के साथ मार-पीट की और गला दबाकर फुलमनी की हत्या कर दिया, शव को छुपाने की नियत से घटना-स्थल से एक किलोमीटर दुर करकरी पावर हाउस के नीचे खेत मे बने कुंआ में ले जाकर डालकर वापस शादी समारोह में शामिल हो गया। बुधवार को स्थानीय ग्रामीणों ने कुंआ में शव होने की सूचना पुलिस को दी।

### टोंगो के पास 21 गोवंशियों से भरे दो पिकअप वाहन जब्त, तस्कर फरार



**चैनपुर।** चैनपुर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए टोंगो के समीप 21 गोवंशियों से भरे दो पिकअप वाहनों को पकड़ा है। गुप्त सूचना के आधार पर चैनपुर थाना प्रभारी को जानकारी मिली थी कि कुछ तस्कर टोंगो होते हुए बूचड़खाना की ओर गोवंशियों को ले जा रहे हैं।इस सूचना पर त्वरित संज्ञान लेते हुए सर्किल इंस्पेक्टर महेन्द्र करमाली, थाना प्रभारी कुन्दन चौधरी और थाना के जवानों की एक टीम गठित की गई। टीम ने घेराबंदी कर दो टाटा योद्धा पिकअप वाहनों, जिनका नंबर जेएच–01एफई–9129 और जेएच–08जे–0295 है, को पकड़ा। इन वाहनों में 21 गोवंशियों को क्रूरतापूर्वक लादकर ले जाया जा रहा था। पुलिस को देखकर गाड़ी चालक मौके से फरार हो गया।पकड़े गए सभी गोवंशियों को चैनपुर थाना परिसर में लाया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस इस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है। थाना प्रभारी ने बतया है कि सभी गोवंशियों को जिम्मेनामा के साथ ग्रामीणों के बीच वितरित किया जाएगा। पुलिस फरार चालक की तलाश कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस तस्करी में और कौन-कौन शामिल हैं। इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में पशु तस्करी पर लगाम लगने की उम्मीद है।

### गुमला के दो सगे भाइयों ने दसवीं व बारहवीं परीक्षा में दिखाया कमाल



**गुमला।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा जारी दसवीं और बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में डीएसपी रोड, गुमला निवासी दो सगे भाइयों ने शानदार प्रदर्शन कर अपने परिवार और विद्यालय का नाम रोशन किया है। केंद्रीय विद्यालय, गुमला के छात्र आशुतोष रंजन ने दसवीं कक्षा में 91.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में द्वितीय स्थान हासिल किया है। वहीं, उनके बड़े भाई अविनाश रंजन ने बारहवीं कक्षा में 88 प्रतिशत अंक लाकर सम्मानजनक प्रदर्शन किया है। दोनों भाइयों की इस उपलब्धि पर परिवार में हर्ष और गर्व का माहौल है। माता-पिता और दादी ने मिठाई खिलाकर बधाई दी और इनकी आगे की पढ़ाई में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया है। आशुतोष रंजन ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि उनका सपना प्रशासनिक सेवा में जाने का है, जिसके लिए वे पहले से ही लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत कर रहे हैं। वहीं उनके भाई अविनाश का लक्ष्य मेडिकल सेवा के क्षेत्र में खुद को स्थापित करना है। दोनों ने अपनी सफलता का श्रेय कठिन परिश्रम, दृढ़ इच्छाशक्ति, पारिवारिक सहयोग, शिक्षकों एवं सहपाठियों के मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने कहा कि "अगर लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत सच्चे मन से की जाए, तो कोई भी मंजिल दूर नहीं।" इधर विद्यालय प्रबंधन ने भी इन विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया है। साथ ही विद्यालय टॉपर मयंक राज (92.4%) और आशुतोष रंजन को निःशुल्क शैक्षणिक भ्रमण हेतु जापान भेजने की प्रक्रिया आरंभ कर दी है, जिससे छात्र वैश्विक स्तर पर ज्ञान अर्जित कर सकें।

## कल निकलेगी तिरंगा बाइक रैली, एकता व राष्ट्रप्रेम का संदेश देने की अपील



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** आगामी 16 मई 2025 को आयोजित होने वाली तिरंगा बाइक यात्रा की तैयारी को लेकर होटल बिंदेश सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई और इसके सफल आयोजन हेतु नागरिकों एवं सामाजिक संगठनों से सहयोग की अपील की गई। बैठक में उपस्थित आयोजकों ने कहा कि यह बाइक रैली एकता, राष्ट्रप्रेम और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक होगी, जिसमें गुमला के सभी वर्गों के लोगों की सहभागिता अपेक्षित है। सभी नागरिकों से आह्वान किया गया कि वे बढ़-चढ़कर इस रैली में भाग लें और अपनी सहभागिता से देशभक्ति की भावना को और मजबूती प्रदान करें।

### भरनो में ऐतिहासिक जेठ जतरा का भव्य आयोजन

## नागपुरी कलाकारों की प्रस्तुति ने मोहा मन

**नवीन मेल संवाददाता**



**भरनो (गुमला)।** भरनो के जेठ जतरा बगीचा में दो दिवसीय ऐतिहासिक जेठ जतरा एवं रंगारंग नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस पारंपरिक मेले का आयोजन जेठ जतरा 21 पड़हा समिति भरनो के तत्वावधान में किया गया, जिसमें क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम का उद्घाटन जतरा समिति के अध्यक्ष मुकेश उरांव, सचिव सुरेश उरांव, लखन सिंह, चारो उरांव, सुदामा केशरी, शिव केशरी, पंसस बिरसा उरांव, कपिल गोप, मनीष उरांव, पीके सिंह, रंजीत उरांव, जुगल उरांव, पिंटू उरांव, मुनकु केशरी समेत अन्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम में महुवा म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों केशो देवी, सूरज, प्रीतम, क्यूम, अनीता आदि ने एक से बढ़कर एक नागपुरी गीत प्रस्तुत किए, जिससे दर्शक पूरी रात झूमते रहे। वहीं डांसर रीमा ठाकुर की आकर्षक प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। मौके पर पूर्व मुखिया मुकेश उरांव ने कहा कि "यह जतरा हमारे पूर्वजों की अमूल्य धरोहर है, जिसे जीवित रखने का प्रयास हम सभी कर रहे हैं। यह हमारी सांस्कृतिक पहचान और एकता का प्रतीक है।" वहीं लखन सिंह ने जतरा को आपसी मेल-जोल और दुख-सुख साझा करने का माध्यम बताया। इस आयोजन को सफल बनाने में पूर्व मुखिया सुरजमनी उरांव, तेतरा पहान, सुरेश उरांव, बिरसा उरांव, एतवा उरांव आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में साकेत मिंज ने 200 मीटर दौड़ में जीता स्वर्ण

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स बिहार 2025 में गुमला जिले के सिसई प्रखंड के होनहार धावक साकेत मिंज ने झारखंड का परचम लहराते हुए शानदार प्रदर्शन किया। अंडर-18 बालक वर्ग की 200 मीटर दौड़ में उन्होंने मात्र 21.54 सेकंड में रेस पूरी कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस शानदार उपलब्धि ने न केवल गुमला जिले को, बल्कि पूरे झारखंड को गर्व से भर दिया है। साकेत मिंज की यह जीत उनके अथक मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। प्रतियोगिता के दौरान देशभर से आए धावकों के बीच उन्होंने अपने अद्भुत स्पीड और धैर्य का प्रदर्शन करते हुए निर्णायक बढ़त बनाई और गोल्ड मेडल जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। साकेत मिंज की सफलता पर पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। उनके कोच, परिवार और स्कूल प्रशासन ने इस उपलब्धि पर गर्व जताते हुए कहा कि साकेत की यह जीत आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरणा देगी। उनके कोच ने बताया कि "साकेत एक मेहनती और समर्पित खिलाड़ी हैं, जो हर सुबह मैदान में नियमित अभ्यास करते हैं। यह पदक उनकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।" साकेत ने अपनी जीत का श्रेय अपने कोच, माता-पिता और स्कूल को दिया और कहा कि उनका सपना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के लिए दौड़ना है। झारखंड खेल संघ और जिला प्रशासन ने भी साकेत को बधाई दी है और भविष्य में उनके लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया है।

## गुमला में शुरू हुआ चार दिवसीय समर कैंप

**गुमला।** झारखंड शिक्षा परियोजना गुमला द्वारा राज्य स्तरीय निर्देशानुसार जिले के विभिन्न विद्यालयों में 13 से 16 मई 2025 तक चार दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप का उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास, रचनात्मकता, नेतृत्व क्षमता तथा आत्मविश्वास को बढ़ावा देना है। समर कैंप के तहत आयोजित गतिविधियों में खेलकूद, नृत्य, चित्रकला, आर्ट एवं क्राफ्ट जैसी रचनात्मक विधाओं को शामिल किया गया है। दूसरे दिन की गतिविधियों में जिले के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सहित अन्य उच्च विद्यालयों में बच्चों ने मिट्टी की कलाकृतियां, दोना-पत्तल, कागज की आकृतियाँ, गुलदस्ते, बांस की शिल्प कलाएं तथा विभिन्न मॉडल निर्माण में भाग लिया।

## 17 वर्षीय लड़के ने नाबालिग छात्रा के साथ किया दुष्कर्म

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के एक गांव में 13 वर्षीय नाबालिग छात्रा के साथ उसी के गांव का रहने वाला 17 वर्षीय नाबालिग लड़का के द्वारा जबरन पकड़ कर दुष्कर्म किए जाने व रंगे हाथ पकड़े जाने पर आरोपी द्वारा पीड़िता की मां का पिटाई किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस घटना के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुँच कर आरोपी लड़के को पकड़ कर थाना ले आई है। जहां उससे पूछताछ के बाद बाल सुधार गृह भेज दिया गया। वही छात्रा का सदर अस्पताल में मेडिकल कराया गया। इधर घटना के बाद पीड़िता अपनी मां व बहन के साथ सदर थाना पहुँच कर लिखित आवेदन देते हुए आरोपी नाबालिग लड़के के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। आवेदन मिलते ही पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई। बताया जाता है कि पीड़िता के पिता कहीं बाहर मजदूरी करते है।जबकि पीड़िता घर मे अपनी माँ व बहन के साथ रहती है। घटना पीड़िता घर के समीप खेत की रखवाली कर रही थी। इस दौरान वह खेत के समीप एक पेड़ के नीचे अकेले बैठी थी। तभी आरोपी लड़का वहां पहुँचा। फिर पीड़िता को जबरन पकड़ लिया। उसके कपड़े फाड़ डाले। इसके बाद उसके साथ दुष्कर्म करने लगा। तभी पीड़िता चीखने चिल्लाने लगी। उसकी आवाज सुनकर जब मां जब मौके पर पहुँची तो उसे देख आरोपी आग बबूला हो उठा। इसके बाद वह मां के साथ मारपीट करने लगा। जिसके कारण कई ग्रामीण भी मौके पर जुट गए। पिटाई के कारण माँ को चोट भी आई। इधर दुष्कर्म व माँ की पिटाई करने के बाद आरोपी वहां से भाग निकला। फिर एक हड़िया विक्रेर्ता के यहां पहुँच कर जमकर हड़िया पिया। और नशे में धुत होकर घर आने के बाद सो गया।


## साफी नदी में डूबने से 11 वर्षीय बच्चे की मौत

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के साफी नदी में मंगलवार देर शाम को एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें 11 वर्षीय बालक राज कुमार मुंडा की डूबने से मौत हो गई। इस घटना से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है, वहीं मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।डूमरी थाना क्षेत्र के कांजी गांव निवासी मुन्ना मुंडा का 11 वर्षीय पुत्र राज कुमार मुंडा अपनी बड़ी बहन के ससुराल मड़ाईकोना में रहकर टोंगो के एक इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ता था। मंगलवार को स्कूल से लौटने के बाद वह अपने दोस्तों के साथ साफी नदी में नहाने गया था। नदी किनारे मर्चा की खेती के लिए बने बांध के कारण वहां एक गहरा गड्ढा बन गया था। नहाते समय अनजाने में राज उस गहरे गड्ढे में चला गया और डूब गया।साथ में नहा रहे बच्चों ने तुरंत भागकर परिजनों को सूचना दी।

### गुमला में जिला समन्वय समिति की समीक्षा बैठक संपन्न

## उपायुक्त ने योजनाओं की प्रगति पर जताई चिंता, दिए समयबद्ध क्रियान्वयन के निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** समाहरणालय सभागार में बुधवार को मासिक जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने की। बैठक में सभी विभागों के वरीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी समेत संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, जलापूर्ति, समाज कल्याण, कृषि, आवास, पशुपालन, राजस्व, आपूर्ति समेत 15 से अधिक विभागों की योजनाओं और कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की गई। उपायुक्त ने समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण कार्य निष्पादन के लिए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में उपायुक्त ने सिसई, पालकोट, भरनो, बिशुनपुर और रायडीह के अस्पतालों में चिकित्सकों की तैनाती की जानकारी देते हुए नियमित चिकित्सीय जांच और समय-समय पर निरीक्षण सुनिश्चित करने को कहा। इस अवसर पर समाहरणालय परिसर में सिकल सेल एनीमिया जांच शिविर का आयोजन भी किया गया। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि मई माह के अंत तक जिले के 100% नागरिकों की जांच सुनिश्चित की जाए। साथ ही, नगर क्षेत्र एवं ग्रामीण इलाकों में सघन जांच शिविर लगाने और बीडीओ को औचक निरीक्षण कर रिपोर्ट देने को भी कहा गया। समाज कल्याण विभाग में आंगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने, पोषण ट्रैकर पर शत-प्रतिशत प्रविष्टि और नियमित वजन मापन मॉनिटरिंग के निर्देश दिए गए। कल्याण विभाग की समीक्षा के दौरान छात्रवृत्ति योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, विद्यालय भवनों की मरम्मत और धूमकुड़िया भवनों के फील्ड वेरिफिकेशन को लेकर भी दिशा-निर्देश दिए गए।

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में धीमी प्रगति पर उपायुक्त ने असंतोष जताया और कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने का सख्त निर्देश दिया। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की समीक्षा में मैया सम्मान योजना की पारदर्शिता पर जोर देते हुए औचक निरीक्षण और अनियमितता पर कठोर कार्रवाई की बात कही गई।

जल जीवन मिशन के अंतर्गत खराब जलमीनारों की मरम्मत और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के गांवों में आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। आपूर्ति विभाग को राशन कार्ड-आधार लिंकिंग, ई-केवाईसी और नए लाभुकों को जोड़ने के कार्य में तेजी लाने तथा लापरवाह डीलरों को हटाने का निर्देश मिला। पशुपालन विभाग को पशुओं के वितरण से पूर्व सूचना देने, बीमा कराने और आमजन को जागरूक करने की दिशा में कार्य करने को कहा गया। कृषि विभाग में एटीएम-बीटीएम के लंबित भुगतान, कृषि ऋण माफी योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, किसान समृद्धि योजना और सॉयल हेल्थ कार्ड की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त, आईटीडीए परियोजना निदेशक, अपर समाहर्ता, डीआरडीए निदेशक, सिविल सर्जन, जिला शिक्षा पदाधिकारी, कल्याण एवं समाज कल्याण पदाधिकारी, पीएचईडी कार्यपालक उपस्थित थे।

## एसडीओ ने किया प्रखंड स्तरीय विभागीय समीक्षा बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिसई (गुमला)।** प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को एसडीओ राजीव नीरज ने प्रखण्ड स्तरीय विभागीय समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान एसडीओ राजीव नीरज ने बारी-बारी से मनरेगा, 15 वें वित्त, आवास, जेएसएलपीएस,खाद्य आपूर्ति, स्वास्थ्य,शिक्षा, पेयजल, बाल विकास ,बिजली, कृषि एवं पशुपालन, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मीयों से संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन व प्रगति की समीक्षा करते हुए विभागवार अनेक दिशा निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने संबंधित कर्मियों को समय पर जनता का कार्य पुरा करने और सरकारी आदेश का ससमय पालन करने का निर्देश दिये। वहीं उन्होंने सभी पदस्थापित कर्मियों व अधिकारियों को पंचायत व ग्राम स्तर पर चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं का निरीक्षण व योजनाओं में गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने, अपने कार्यक्षेत्र व पंचायत भवनों में तय समयानुसार उपस्थित रहने, जन जन तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने सहित कई निर्देश दिये। इस मौके पर प्रमुख मीना देवी, बीडीओ रमेश कुमार यादव, सीओ नितेश रौशन खलखो, प्रधान सहायक राकेश कुमार सुमन, नाजीर सतीश कुमार गुप्ता, प्रभारी एजीएम मिकखन टोप्पो,बीपीओ अराधना राय, बीसीओ प्रवीण कुमार, कल्याण पदाधिकारी शैलेश कुमार यादव, कृषि पदाधिकारी दिलीप मिश्रा,निर्वाचन आपरेटर सुमित कुमार केशरी, सभी पंचायत सचिव,जनसेवक, सहायक व कनीय अभियंता,रोजगार सेवक, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

सुप्रभात

विचार प्रवाह

प्रेमचंद हमेशा मानते थे कि समाज में सभी व्यक्तियों को समान अधिकार मिलने चाहिए। उनका उद्देश्य था कि समाज में हर वर्ग के लोगों को न्याय मिल सके, खासकर गरीब, दलित और शोषित वर्ग को। **- मुंशी प्रेमचंद**

## संपादकीय

# विफल पाक का दुष्प्रचार व भारत

एक देश के रूप में विफल पाकिस्तान पोषित पहलगाम में की गई हिंदू पर्यटकों की बर्बरतापूर्वक हत्या के बाद सीमा पर बढ़ा सैन्य टकराव, फिर अस्थायी संघर्ष विराम, आतंकवाद की निरंतर छाया और छिटपुट झड़पें, पाकिस्तान के साथ जारी तनाव जैसी तमाम चुनौतियां लंबे समय से नई दिल्ली के कूटनीतिक धैर्य और जनता के ध्यान की परीक्षा ले रही हैं। नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम का उल्लंघन हो या फिर सीमा पार से होने वाली भड़काऊ बयानबाजी, ये तनाव अक्सर सुर्खियों में रहने के साथ ही राजनीतिक विमर्श पर हावी रहते हैं। अप्रत्याशित रूप से बदले इस परिदृश्य में भारत को सैन्य रूप से जो करना चाहिए था, ठीक वही उसने किया और करना भी चाहिए था, लेकिन इसके बावजूद उसे किसी तरह के उकसावे में आने के बजाय रणनीतिक धैर्य का परिचय देते हुए अपनी विकास संबंधी चुनौतियों पर ध्यान देना चाहिए, जिनका सामना उसके एक अरब से ज्यादा नागरिक अब भी कर रहे हैं। इस्लामाबाद से आने वाली प्रत्येक तीखी प्रतिक्रिया, विशेषकर जब राष्ट्रीय गौरव की बात हो, तब हर ओर से सशक्त कूटनीति और दंडात्मक कार्रवाई की मांग उठने लगती है। विरोधी का मकसद ही यह है कि मौखिक या सांकेतिक रूप से भारत को उकसाकर अपने जाल में फंसाया जाए, ताकि उसका ध्यान अपनी प्राथमिकताओं से भटक जाए। वर्तमान में असली युद्धक्षेत्र सिर्फ क्षेत्रीय नहीं है, बल्कि विकासात्मक, तकनीकी और मानवीय भी है। आर्थिक प्रगति, तकनीकी नवाचार व वैश्विक प्रभाव में प्रभावी उन्नति के बावजूद भारत अब भी गंभीर आंतरिक चुनौतियों से जूझ रहा है। हाल में जारी हुई 2025 यूएनडीपी ह्यूमन डेवलपमेंट रिपोर्ट (ए मैटर ऑफ चॉइस : पीपल एंड पॉसिबिलिटीज इन द एज ऑफ एआई) भारत की प्रगति को रेखांकित करती है, पर कई मोर्चों पर प्रगति की असमानता को भी बताती है। भारत 2022 से 2023 के बीच मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) में तीन स्थान ऊपर उठकर 133 से 130वें पायदान पर पहुंच गया, पर असमानता के कारण उसका एचडीआई स्कोर 30.7 फीसदी कम हो गया, जो एशिया में सबसे अधिक गिरावट वाले देशों में से एक है। यद्यपि कुछ भारतीय बहुत अच्छा कर रहे हैं, पर लाखों ऐसे हैं, जो नहीं कर पा रहे हैं।आयुष्मान भारत और जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं की सराहना करनी चाहिए, जिनकी वजह से बीते करीब डेढ़ दशक में जीवन प्रत्याशा सार्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई है, बहुआयामी गरीबी घटी है और 41.5 करोड़ लोग गरीबी से ऊपर उठ गए हैं। फिर भी, स्वास्थ्य (जीडीपी का 3% से कम) व शिक्षा (जीडीपी का 5% से कम) पर अपेक्षाकृत कम खर्च असमानताओं को बढ़ाता है, जिससे भारत के कई युवा ज्ञान-संचालित दुनिया के लिए तैयार नहीं हो पाते हैं। देश का श्रम बल महत्वपूर्ण रूप से अब भी अनौपचारिक और अल्प रोजगार वाला है। भारत की डिजिटल साक्षरता दर-जिसमें बुनियादी उपयोग से परे साइबर सुरक्षा जागरूकता, ऑनलाइन शिष्टाचार और कौशल भी शामिल हैं-लगभग 37 फीसदी है, जिसमें शहरी और ग्रामीण विभाजन बहुत अधिक है। ये कोई मनगढ़ंत आंकड़े नहीं हैं, बल्कि ये वास्तविक अग्रिम मोर्चे हैं, जिन पर भारत को अपनी महत्वपूर्ण लड़ाई में पार पाना है।

> *वर्तमान में असली युद्धक्षेत्र सिर्फ क्षेत्रीय नहीं है, बल्कि विकासात्मक, तकनीकी और मानवीय भी है।*

# ऑपरेशन सिंदूर : आधुनिक युद्ध में एक निर्णायक जीत

**जॉन स्पेंसर**
**अर्बन वारफेयर इंस्टीट्यूट के कार्यकारी निदेशक हैं**




भारत ने ऑपरेशन सिंदूर को पूरी तरह से समाप्त घोषित नहीं किया है। अभी जो मौजूद है, वह ऑपरेशन में एक संवेदनशील ठहराव है - कुछ लोग इसे युद्ध विराम कह सकते हैं, लेकिन सैन्य नेतृत्व ने जानबूझकर इस शब्द से परहेज किया है। युद्ध लड़ने के दृष्टिकोण से, यह केवल एक विराम नहीं है; यह एक दुर्लभ और स्पष्ट सैन्य जीत के बाद एक रणनीतिक पकड़ है। केवल चार दिनों की सुविचारित सैन्य कार्रवाई के बाद, यह वस्तुनिष्ट रूप से निर्णायक हैः भारत ने एक बड़ी जीत हासिल की। ऑपरेशन सिंदूर ने अपने रणनीतिक लक्ष्यों को पूरा करने और उससे आगे निकलने में सफल रहा है- आतंकवादी ढांचे को नष्ट करना, सैन्य श्रेष्ठता का प्रदर्शन करना, निवारक क्षमता बहाल करना और एक नए राष्ट्रीय सुरक्षा सिद्धांत का सामने आना। यह प्रतीकात्मक शक्ति नहीं थी। यह निर्णायक शक्ति थी, जिसे स्पष्ट रूप से प्रयोग में लाया गया था।

भारत पर हमला हुआ। 22 अप्रैल, 2025 को जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में 26 भारतीय नागरिक, जिनमें ज़्यादातर हिंदू पर्यटक थे का नरसंहार कर दिया गया। पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा के एक सहयोगी संगठन, द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने इसकी जिम्मेदारी ली। जैसा कि दशकों से होता आया है, इस समूह को पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) का समर्थन प्राप्त है।

लेकिन पिछले हमलों के विपरीत, इस बार भारत ने इंतज़ार नहीं किया। उसने अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता की अपील नहीं की या राजनयिक विरोध पत्र जारी नहीं किया। इसने युद्धक विमान लॉच किए।

7 मई को, भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरु किया, जो एक त्वरिक और सटीक रूप से सुविचारति सैन्य अभियान था। भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के अंदर नौ आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया, जिसमें जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के मुख्यालय और ऑपरेशन हब शामिल थे। संदेश स्पष्ट था पाकिस्तानी धरती से शुरु होने वाले आतंकवादी हमलों को अब युद्ध के कृत्यो के रूप में माना जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नये सिद्धांत को स्पष्ट कर दियाः "भारत किसी भी परमाणु ब्लैकमेल को बर्दाश्त नहीं करेगा। भारत परमाणु ब्लैकमेल की आड़ में विकसित हो रहे आतंकवादी ठिकानों पर सटीक और निर्णायक हमला करेगा।"

यह केवल एक जवाबी कार्रवाई से कही अधिक, एक रणनीतिक सिद्धांत का अनावरण था। जैसा कि श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, "आतंकवाद और बातचीत साथ-साथ नहीं चल सकते। पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते।"

ऑपरेशन सिंदूर को जानबूझकर निम्नलिखित चरणों में क्रियान्वित किया गयाः

**7 मई :** पाकिस्तानी क्षेत्र में गहराई नौ सटीक हमले किए। लक्ष्यों में बहावलपुर, मुरीदके, मुजफ्फराबाद और अन्य स्थानों पर स्थित प्रमुख आतंकी प्रशिक्षण शिविर और लॉजिस्टिक्स नॉड शामिल थे।

**8 मई :** पाकिस्तान ने भारत के पश्चिमी राज्यों में बड़े पैमाने पर बहुत सारे ड्रोनों से जवाबी हमला किया। भारत के बहुस्तरीय वायु रक्षा नेटवर्क- स्वदेशी रूप से निर्मित तथा इजरायली और रूसी प्रणालियों द्वारा संवर्धित ने उनमें से लगभग सभी को निष्प्रभावी कर दिया।

**9 मई :** भारत ने छह पाकिस्तानी सैन्य हवाई अड्डों और यूएवी समन्वय केंद्रों पर अतिरिक्त हमलों के साथ जवाबी कार्रवाई की।

**10 मई :** गोलीबारी पर अस्थायी रोक लग गई। भारत ने इसे युद्धविराम नहीं कहा। भारतीय सेना ने इसे "गोलीबारी का ठहराव" कहा - एक अर्थपूर्ण लेकिन जानबूझकर किया गया विकल्प जिसने स्थिति पर अपने रणनीतिक नियंत्रण को मजबूत किया।

यह केवल सामरिक सफलता नहीं थी। यह लाइव फायर के तहत सिद्धांत का निष्पादन था।

प्राप्त रणनीतिक प्रभाव

एक नई लक्ष्मण रेखा खींची गई- और लागू की गई पाकिस्तान की धरती से होने वाले आतंकी हमलों का अब सैन्य बल से जवाब दिया जाएगा। यह कोई धमकी नहीं है। यह एक मिसाल है।

### 2. सैन्य श्रेष्ठता का प्रदर्शन

भारत ने पाकिस्तान में किसी भी लक्ष्य पर इच्छानुसार हमला करने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया- आतंकवादी ठिकाने, ड्रोन समन्वय केंद्र, यहां तक कि एयरबेस भी। इस बीच, पाकिस्तान भारत के अंदर एक भी सुरक्षित क्षेत्र में घुसपैठ करने में असमर्थ रहा। यह समानता नहीं है। यह भारी श्रेष्ठता है। और इसी तरह वास्तविक निवारक क्षमता स्थापित होती है।

### बहाल की गई निवारक क्षमता

भारत ने जोरदार जवाबी कार्रवाई की, लेकिन पूर्ण युद्ध से पहले ही रुक गया। नियंत्रित वृद्धि ने एक स्पष्ट निवारक संकेत भेजाः भारत जवाब देगा, और वह गति को नियंत्रित करता है।

### प्रतिपादित रणनीतिक स्वायत्तता

भारत ने इस संकट को अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता की मांग किए बगोर इस संकट को संभाला। इसने संप्रभु साधनों का उपयोग करते हुए संप्रभु शर्तों पर सिद्धांत लागू किया। ऑपरेशन सिंदूर का कब्ज़े या शासन परिवर्तन के बारे में नहीं था। यह विशिष्ट उद्देश्यों के लिए किया गया सीमित युद्ध था। जो आलोचक तर्क देते हैं कि भारत को और आगे जाना चाहिए था, वे मुद्दे को समझ नहीं पाए। रणनीतिक सफलता विनाश के पैमाने के बारे में नहीं है - यह वांछित राजनीतिक प्रभाव प्राप्त करने के बारे में है। भारत बदला लेने के लिए नहीं लड़ रहा था। वो प्रतिरोध के लिए लड़ रहा था। और यह काम कर गया। भारत का संयम कमजोरी नहीं है - यह परिपक्वता है। इसने लागत लगाई, सीमाओं को फिर से परिभाषित किया, और वृद्धि प्रभुत्व बनाए रखा। भारत ने सिर्फ़ हमले का जवाब नहीं दिया। इसने रणनीतिक समीकरण बदल दिया। एक ऐसे युग में जहां कई आधुनिक युद्ध खुलेआम कब्ज़े या राजनीतिक भ्रम में बदल जाते हैं, ऑपरेशन सिंदूर इससे अलग है। यह अनुशासित सैन्य रणनीति का प्रदर्शन थाः स्पष्ट लक्ष्य, संरेखित तरीके और साधन, और अप्रत्याशित वृद्धि के सामने अनुकूल निष्पादन। भारत ने एक झटके को झेला, अपने उद्देश्य को परिभाषित किया, और उसे प्राप्त किया- यह सब एक सीमित समय सीमा के भीतर। ऑपरेशन सिंदूर में बल का प्रयोग भारी, लेकिन नियंत्रित था - सटीक, निर्णायक और बिना किसी हिचकिचाहट के आधुनिक युद्ध में इस तरह की स्पष्टता दुर्लभ है। "हमेशा के लिए युद्धों" और रणनीतिक दिशा के बिना हिंसा के चक्रों से परिभाषित एक युग में, सिंदूर अलग है। यह स्पष्ट रूप से परिभाषित लक्ष्यों, मेल खाते तरीकों और साधनों और एक ऐसे देश के साथ सीमित युद्ध का एक मॉडल प्रस्तुत करता है जिसने कभी इनेशेटिव नहीं त्यागा। 2008 के भारत ने हमलों को झेला और इंतजार किया। यह भारत तुरंत, सटीक और स्पष्टता के साथ जवाबी हमला करता है। मोदी का सिद्धांत, भारत का बढ़ता घरेलू रक्षा उद्योग और उसके सशस्त्र बलों का पेशेवराना तरीका सभी संकेत इस ओर इशारा करते है कि देश अब युद्ध की तैयारी नहीं कर रहा है। वो अगले युद्ध की तैयारी कर रहा है। ऑपरेशन में रुकावट ऑपरेशन सिंदूर का अंत नहीं है। यह एक विराम है। भारत इनिशिएटिव रखता है। यदि फिर से उकसाया गया, तो वह फिर से प्रहार करेगा। यह निवारण की बहाली है। यह एक नया सिद्धांत सामने आया है। और राज्य-प्रायोजित आतंकवाद के खतरे का सामना कर रहे सभी देशों को इसका अध्ययन करना चाहिए।

ऑपरेशन सिंदूर एक आधुनिक युद्ध था – जो, परमाणु एसक्लेशन के साय में, पूरी दुनिया की नजर इस पर थी, और एक सीमित उद्देश्य के फेमवर्क के तहत लड़ा गया था। और हर महत्वपूर्ण पैमाने पर यह एक रणनीतिक सफलता थी - और एक निर्णायक भारतीय जीत थी।

# अंदर-बाहर अलग-अलग

आजकल के जमाने में सच्चाई की परिभाषा ही बदल गई है। अब सच्चा आदमी वह है जो फेसबुक पर अपनी निजी जिंदगी के हर पहलू को साझा करता है, सिवाय उन चीजों के जो वास्तव में निजी हैं। लोग अपने खाने-पीने की तस्वीरें पोस्ट करते हैं, लेकिन अपने असली विचार नहीं। यह एक नए तरह का त्याग है - व्यक्तिगतता का त्याग। एक मित्र ने बताया कि एक व्यक्ति विशेष अपने व्हाट्सएप्प स्टेटस पर रोज नई-नई भविष्यवाणियां और प्रेरणादायक संदेश पोस्ट करता है। जब उससे पूछा गया कि वह खुद इन पर अमल करता है या नहीं, तो उसने बड़ी मासूमियत से कहा, "भाई, यह तो मेरे पब्लिक रिलेशन के लिए है।" लगता है अब पब्लिक रिलेशन का मतलब लोगों को बोर करना और खुद को महान दिखाना हो गया है।

एक अन्य परिचित ने बताया कि उसने एक बड़े नेता जी का भाषण सुना। नेता जी ने कहा, "हमारी सरकार ने इतना काम किया है कि अब जनता को हमें वोट देना ही चाहिए।" जब उस परिचित ने पूछा कि आखिर जनता को क्यों वोट देना चाहिए, तो नेता जी ने तपाक से कहा, "क्योंकि हमने इतना काम किया है।" यह तर्क कुछ वैसा ही है जैसे कोई कहे कि आप मुझे खाना परोसो क्योंकि मैंने भूखा रहकर दिन गुजारा है। एक सज्जन ने मुझसे कहा कि फलां आदमी बहुत अच्छा है, वह हमेशा दूसरों की मदद करता है। मैंने पूछा, "कैसे?" तो उन्होंने बताया कि वह फेसबुक पर जरूरतमंद लोगों की पोस्ट शेयर करता है और बड़े उदारता से कमेंट करता है, "भगवान आपकी मदद करे।" लगता है अब 'सेवा' का अर्थ सोशल मीडिया पर सहानुभूति जताना हो गया है। असलियत में कोई कुछ करता नहीं, बस ऑनलाइन फोटो खिंचवाकर लाइक और शेयर बटोरता है। आजकल लोग इतने ज्यादा 'सेवा-मूलक' हो गए हैं कि अगर किसी को सड़क पर चलते हुए बुखार आता दिखे, तो तुरंत उसकी फोटो खींचकर फेसबुक पर डाल देते हैं, "आज फिर मानवता की सेवा का अवसर मिला।" बेचारा मरीज तड़पता रहता है, और लोग लाइक और शेयर में लगे रहते हैं। एक परिचित ने बताया कि एक संत ने कहा है कि प्रभु की भक्ति में ध्यान लगाना चाहिए। जब उनसे पूछा गया कि वह खुद कितना ध्यान लगाते हैं, तो उन्होंने कहा, "ध्यान तो भक्त लगाते हैं, संत तो सिर्फ प्रवचन देते हैं।" लगता है अब अध्यात्म भी एक व्यवसाय हो गया है, जहाँ मुनाफा आत्मिक शांति नहीं, बल्कि दान और दक्षिणा है। आजकल के संतों की व्यावसायिकता देखिए। एक संत ने अपने प्रवचन में कहा कि प्रभु की कृपा से उनका आश्रम दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की कर रहा है। किसी ने पूछा कि प्रभु की कृपा क्या केवल आश्रम तक ही सीमित है, तो संत ने कहा, "नहीं, प्रभु की कृपा तो सर्वत्र है, लेकिन मार्केटिंग के लिए आश्रम का नाम ज़रूरी है।"

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

# परिवार नहीं, तो राष्ट्र कैसे?

अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस पर विशेष



परिवार एक शब्द नहीं, वह भावना है जो जीवन को जड़ से जोड़ता है, संस्कारों को पोषित करता है और समाज को एक स्थायी आधार देता है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिवर्ष 15 मई को मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस केवल एक दिन विशेष नहीं, बल्कि यह जीवन की उस आधारशिला की पुनः स्मृति है जिसे हम आज की तेज रफ्तार और डिजिटल हो चुकी दुनिया में कहीं पीछे छोड़ते जा रहे हैं। एक समय था जब भारतीय समाज की पहचान संयुक्त परिवार प्रणाली से होती थी। दादा-दादी, चाचा-चाची, भाई-बहन, सब एक छत के नीचे रहते थे। जीवन में त्याग. सहिष्णुता, सेवा और सामूहिकता जैसे मूल्य बचपन से ही आत्मसात हो जाते थे। परंतु आज ग्लोबलाइजेशन, निजीकरण और भूमंडलीकरण की आँधी में न्यूक्लियर फैमिली की अवधारणा हावी हो गई है। अब परिवार छोटे होते जा रहे हैं, और दिलों की दूरियाँ बढ़ती जा रही हैं। ग्लोबल दुनिया में नौकरी, करियर, व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा और प्रतिस्पर्धा ने इंसान को मशीन बना दिया है। समय की कमी और आत्मकेंद्रित सोच ने परिवार की उस आत्मीयता को छीन लिया है जो पीढ़ियों को जोड़ती थी। युवा वर्ग माता-पिता को बोझ समझने लगा है, वृद्धजन उपेक्षित और अकेलेपन के शिकार हो रहे हैं। वृद्धाश्रमों की बढ़ती संख्या इस मानसिकता की मूक गवाही दे रही है। परिवार समाज की पहली इकाई है, और यही इकाई राष्ट्र की आधारशिला है। यदि परिवारों में संवाद, सम्मान और सहयोग की भावना लुप्त हो जाएगी तो राष्ट्र का ताना-बाना भी कमजोर पड़ जाएगा। परिवार में ही नागरिक बनते हैं, और वही नागरिक जब मूल्यविहीन, संवेदनाहीन और स्वार्थपरक बनते हैं, तब समाज में अपराध, कटुता और असहिष्णुता पनपती है। परिवार ही वह पहली पाठशाला है जहाँ जीवन जीने की कला, मूल्यों की शिक्षा और कर्तव्य की भावना विकसित होती है। यह वह स्थान है जहाँ संस्कार दिए जाते हैं, जहाँ बुजुर्गों का अनुभव और युवाओं की ऊर्जा मिलकर जीवन को संतुलन देते हैं। यदि यह पाठशाला कमजोर होगी तो समूचा समाज अंधकार में डूब जाएगा। आज की युवा पीढ़ी को समझना होगा कि परिवार केवल संबंधों की व्यवस्था नहीं, वह संस्कारों की विरासत है। सोशल मीडिया, संपत्ति, करियर और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के पीछे भागते हुए यदि हम अपने मूल को भूल जाएंगे, तो भविष्य खोखला हो जाएगा। वृद्ध माता-पिता को समय देना, बच्चों के साथ बैठकर संवाद करना, और एक-दूसरे की भावनाओं को समझना यही सच्चा पारिवारिक धर्म है। संवाद पुनः स्थापित करें, परिवार में संवाद की संस्कृति को बढ़ावा दें। वृद्धों का सम्मान करें, उनके अनुभवों को सुनें, उन्हें अकेलापन न महसूस होने दें। साझा समय बिताएं, सप्ताह में कुछ समय पूरे परिवार के साथ साझा करें। संस्कार और संस्कृति का पुनर्जागरण करें, बच्चों को भारतीय संस्कृति और पारिवारिक मूल्यों से जोड़ें। स्वार्थ से परे सोचें, परिवार त्याग और समर्पण से चलता है, न कि केवल अधिकारों से। अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस केवल एक स्मरण नहीं, बल्कि आत्मावलोकन का अवसर है—हमने अपने परिवार को कितना समझा, निभाया और संवारा? आज जब पूरी दुनिया सामाजिक विघटन, तनाव और अकेलेपन की समस्या से जूझ रही है, तब भारतीय पारिवारिक प्रणाली ही वह मॉडल बन सकती है जो स्थायित्व और संतुलन दे सकती है। आइए, इस दिवस पर हम यह संकल्प लें कि हम न केवल अपने परिवार की रक्षा करेंगे, बल्कि परिवार की उस संस्कृति को भी जीवित रखेंगे जो इस देश की आत्मा है। क्योंकि परिवार है, तभी हम हैं और जब हम हैं, तभी राष्ट्र है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**डॉ दीपक प्रसाद**
रंगकर्मी, निर्देशक
सहायक आचार्य

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

कानाफूसी कर रहे, पेड़, टहनियाँ, पात।
बौराई क्यों घूमती, हवा यहाँ बर्रात।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# संसार की यही रीत है हार के बाद जीत है

इस संसार में जीते हुए लगातार हम तरह-तरह के संघर्षों का सामना करते हैं। समस्याओं का सामना करते हैं और ऐसे लोगों का सामना करते हैं जिनसे हमें बहुत प्रताड़ना मिलती है और इसके चलते हम यह समझने लगते हैं कि दुनिया बुरी ही बुरी है, किंतु मैं समझता हूं कि ऐसा बिल्कुल भी नहीं है। क्योंकि यदि ऐसा होता, तो चारों तरफ दुःख ही दुःख दिखाई देता! लेकिन हम देखते हैं कि ऐसा भी नहीं है, लोग हंसते हैं, खेलते हैं, गाते हैं, बतियाते हैं, नाचते हैं, झूमते हैं। लोगों के साथ मिलकर रहते हैं। इस प्रकार यह जीवन संसार खुशियों भरा संसार बना रहता है। यद्यपि लोग आते हैं। जाते हैं। लोग दुःख तकलीफ पाते हैं! कुछ लोग दूसरों को अपने स्वार्थ के कारण दुःख देते हैं! लोग छीना छपती करते हैं! लोग प्रतिस्पर्धा करते हैं! उसके बावजूद यह संसार सुखपूर्वक रहता है। हालांकि बीच-बीच में संताप भी भरा रहता है और बहुत सारे दुःख तो ऐसा लगता है कि अकारण आते हैं और हमारी जिंदगी को एकदम लील जाते हैं! ऐसे में हमें ऐसा लगने लगता है कि जीवन केवल और केवल दुःख है और यह भी कि ऐसा सिर्फ हमारे साथ ही क्यों होता है? !लेकिन यह भी सच है कि कम या ज्यादा, हर किसी के साथ ऐसा होता है। ऐसा होता आया है। ऐसा होता रहेगा। क्योंकि हम जीवन के कर्मफल के बारे में बिल्कुल नहीं जानते और इसकी व्याख्या करने बैठो, तो फिर एक बहुत बड़ा अध्याय हो जाएगा और इसकी अलग-अलग शाखाएं हो जाएंगी। लेकिन कर्मफल नामक एक चीज है, जिसे हम भाग्य भी कहा करते हैं। उसके चलते भी हमारे जीवन में बहुतों तरह के दुःख संताप होते हैं और ये जो बुरे लोग हमारे जीवन में आते हुए दिखाई पड़ते हैं, वे उन्हीं कर्मफल के कारण होते हैं और यह बिल्कुल सच है कि हम जो बोते हैं, वही काटते हैं! तो हम जो बोया करते हैं, वही हम इस जीवन में काटते जाते हैं। तो जिसके साथ अच्छा हो रहा है, यह उसके पुण्य प्रताप का फल है। जिसके साथ बुरा हो रहा है, यह उसके बुरे कर्मों का फल है। किंतु अपने द्वारा किए गए बुरे कर्मों के बारे में भला कौन कल्पना कर सकता है या कौन यह सोच सकता है कि हम किसी जन्म में बुरे थे और हमने ऐसे ऐसे बुरे कर्म किए थे, जिसके चलते हमारी यह स्थिति हो रही है!

तो कुल मिलाकर जीवन एक विचित्र तरह का घालमेल बन जाता है और इसके चलते कई बार तो हमारी मानसिक दशा सदा-सदा के लिए भी दुख और संताप से भरी हुई हो जाती है! हम बहुत सारी जगह पर केवल और केवल दूसरों के साथ तुलना करके अपने दुःख को और भी ज्यादा बढ़ा लेते हैं और अपने साथ घट रही सामान्य घटनाओं को भी अपने दुःख संताप का कारण बना लेते हैं और ऐसा भी नहीं है कि जिन्हें हम बुरा समझते हैं, वह सदा बुरे ही होते हैं! बहुत बार हमारे खुद के स्वार्थ दूसरों को बुरा बताने में अपना अहंकार तुष्ट होता हुआ देखते हैं! इसलिए वे अच्छे लोगों को भी बुरा बता देते हैं! लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं है! इस संसार में बुरे लोग हमेशा अत्यंत कम रहे हैं, अच्छे लोग ज्यादा रहे हैं! बुरे लोगों की जनसंख्या इस संसार की कुल जनसंख्या की कुल 10% से भी ज्यादा नहीं होगी। लेकिन क्योंकि बुराई की चर्चा हर तरफ इतनी ज्यादा होती है और संचार के इतने तरह के माध्यम हैं, और एक ही बुराई सैकड़ो, हजारों, लाखों लोगों के मुंह से निकलती हुई लाखों-लाख लोगों के दिलों तक जाती है! तो इस प्रकार एक घटना हजारों लोगों तक पहुंच जाती है और कुछ सैकड़ा घटनाएं हजारों तरह के माध्यमों से लाखों-करोड़ों लोगों तक पहुंच कर ऐसी प्रतीति देने लगती है कि हमारे चारों तरफ जैसे बुराई ही बुराई हो! हमारे चारों तरफ जैसे बुरे ही बुरे लोग हों!

लेकिन ऐसा ना कभी था और ना कभी होगा हमारे चारों तरफ अच्छे लोग भरे पड़े हैं! दुनिया अच्छे लोगों से अटी पड़ी है! अच्छे लोग हैं, बहुत सारे लोग हैं, अनगिनत हैं, लेकिन कभी-कभी ऐसे लोगों को पहचान पाने में हमारी भी नजरे धोखा खा जाती हैं। मैंने अपने जीवन में ऐसे बहुत सारे लोग पाए हैं। हालांकि ऐसे लोग भी बहुत सारे मिले हैं जिन्होंने धोखा दिया है और जीवन एकदम पटरी से उतर गया। किंतु फिर से जीवन की शुरुआत हुई, तो कुछ नए लोगों ने ही सहारा दिया और मजेदार बात यह कि वह नए लोग बिल्कुल अनजान थे। और एक रोचक किंतु दुर्भाग्यपूर्ण बात यह भी है कि धोखा अधिकतर अपने ही लोगों से मिलता है और यह सच भी सबके साथ बराबरी के साथ लागू होता है। पता नहीं मुझे ऐसा क्यों लगता है कि दुनिया में बुराई से ज्यादा अच्छाई ही है। बल्कि सबसे ज्यादा अच्छाई ही है, जिसके चलते हम सभी यहां मिलकर रह पाते हैं। हालांकि थोड़ा बहुत स्वार्थ कहां नहीं होता। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**राजीव थेपड़ा**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)



# 5जी से 100 गुना ज्यादा पावरफुल होगा 6जी

● 6जी तकनीक स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और इंडस्ट्री में क्रांति लाने की क्षमता रखती है

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** केंद्र सरकार ने बुधवार को 6जी तकनीक की अभूतपूर्व क्षमता पर जोर देते हुए इसे 5जी की तुलना में '100 गुना अधिक शक्तिशाली' बताया। 'भारत 6जी 2025 इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस एंड एग्जीबिशन' के अवसर पर आईएएनएस से बात करते हुए ग्रामीण विकास और संचार राज्य मंत्री डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी ने 6जी की अपार क्षमताओं को रेखांकित किया, जो तेज स्पीड और लोअर लेटेंसी के साथ कनेक्टिविटी का एक बड़ा ट्रांसफॉर्मेशन है। डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी ने 5जी के समक्ष आने वाली चुनौतियों, जैसे उच्च डेटा उपयोग और सीमित उपलब्ध स्पेक्ट्रम को स्वीकार किया, लेकिन आश्वासन दिया कि ये बाधाएं विकसित होती टेक्नोलॉजी की अंतर्निहित प्रकृति का हिस्सा हैं। उन्होंने आईएएनएस को बताया, "5जी बेहद सफल रहा है और 6जी पूरी तरह से अलग नेटवर्क होगा, जो 100 गुना अधिक शक्तिशाली होगा और लेटेंसी कम होकर सब-मिलीसेकंड तक हो जाएगी।" संचार राज्य मंत्री पेम्मासानी ने जोर देकर कहा कि 6जी एक गेम-चेंजर साबित होगा, जिसमें बिल्ट-इन एआई है, जो उद्योगों और रोजमर्रा की जिंदगी में क्रांति लाएगा। उन्होंने आगे बताया कि 5जी एप्लीकेशन, जैसे कि हर गांव में वाई-फाई नेटवर्क का उपयोग करना, को शुरुआती दौर में अपनाया गया है, लेकिन 6जी एक बड़ी उपलब्धि होगी। डॉ. पेम्मासानी ने कहा, "4जी से 5जी में ट्रांजिशन से अलग 6जी की छलांग पूरी तरह से परिवर्तनकारी होगी।" उन्होंने स्वीकार किया कि 6जी पहले अर्ली अडॉप्टर्स को आकर्षित कर सकता है, लेकिन उन्हें विश्वास है कि समय के साथ यह तकनीक मुख्यधारा बन जाएगी, जिसमें कई तरह के इनोवेटिव एप्लीकेशन सामने आएंगे। 'भारत 6जी 2025' कॉन्फ्रेंस देश की रणनीति का हिस्सा है, जिसमें न केवल 6जी तकनीक को अपनाना, बल्कि इसके वैश्विक विकास का नेतृत्व भी करना शामिल है। संचार राज्य मंत्री पेम्मासानी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मार्च 2023 में पेश किए गए सरकार के दृष्टिकोण की पुष्टि की, जिसके तहत भारत को 2030 तक 6जी में ग्लोबल लीडर बनाए जाने का लक्ष्य रखा गया है। इस विजन में जापान, सिंगापुर और फिनलैंड जैसे देशों के साथ साझेदारी के साथ-साथ एआई, टेराहर्ट्ज कम्युनिकेशन और इंटेलिजेंट नेटवर्क्स पर जोर दिया गया है। डॉ. पेम्मासानी ने इस बात पर जोर दिया कि 6जी न केवल तकनीकी सीमाओं को आगे बढ़ाएगा, बल्कि स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और कृषि जैसे क्षेत्रों में सामाजिक और आर्थिक प्रगति को भी बढ़ावा देगा।

## कर्नल सोफिया पर मंत्री की टिप्पणी से विवाद माफी के बाद कांग्रेस का बीजेपी पर हमला



● कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी कहा कि कर्नल सोफिया कुरैशी के संदर्भ में "अपमानजनक" टिप्पणी करने वाले शाह को तत्काल बर्खास्त किया जाना चाहिए

**भोपाल। एजेंसी**

मध्य प्रदेश के एक मंत्री ने कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर कुछ ऐसा बयान दिया जिससे विवाद शुरू हो गया है। भाजपा नेता और आदिवासी कल्याण मंत्री विजय शाह ने एक सार्वजनिक भाषण के दौरान विवादास्पद टिप्पणी की, जिसके बाद विपक्षी दलों और सैन्य दिग्गजों ने उनकी कड़ी आलोचना की। इंदौर के निकट एक सभा में शाह द्वारा दिए गए भाषण में, उन्होंने कर्नल कुरैशी की सैन्य भूमिका को पाकिस्तान और उसके लोगों के लिए सांप्रदायिक और लैंगिक अपमान के बराबर बताया। कांग्रेस ने उन्हें राज्य मंत्रिमंडल से तत्काल हटाने की मांग की है, जबकि शाह ने कई बार माफ़ी मांगकर स्थिति को शांत करने का प्रयास किया है। वायरल वीडियो सोमवार का बताया जा रहा है, जिसमें राज्य के आदिम जाति कल्याण मंत्री शाह यह कहते हुए सुने जा रहे हैं, "जिन्होंने हमारी बेटियों के सिंदूर उजाड़े थे, उन्हीं कटे-पिटे लोगों को उन्हीं की बहन भेजकर उनकी ऐसी-तैसी करवाई।" वह यह कहते सुने जा रहे हैं, "उन्होंने कपड़े उतार-उतारकर हमारे हिंदुओं को मारा और मोदी जी ने उनकी बहन को उनकी ऐसी-तैसी करने के लिए हमारे जहाज से उनके घर भेजा।" हालांकि, शाह ने पूरे वीडियो में किसी का नाम नहीं लिया है। कांग्रेस ने मांग की कि शाह को मंत्रिमंडल से फौरन बर्खास्त किया जाना चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी कहा कि कर्नल सोफिया कुरैशी के संदर्भ में ''अपमानजनक'' टिप्पणी करने वाले शाह को तत्काल बर्खास्त किया जाना चाहिए। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''भाजपा की मध्यप्रदेश सरकार के एक मंत्री ने हमारी वीर बेटी कर्नल सोफिया कुरैशी के बारे में बेहद अपमानजनक, शर्मनाक और ओछी टिप्पणी की है। पहलगाम हमले को अंजाम देने वाले आतंकी देश को बांटना चाहते थे, पर आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब देने में पूरे 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान देश एकजुट था।

कांग्रेस की मध्यप्रदेश इकाई के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने शाह का वीडियो 'एक्स' पर साझा करते हुए कहा कि भाजपा तुरंत यह बताए कि क्या वह विजय शाह की "घटिया सोच" से सहमत है?

## सशक्त नेतृत्व और स्पष्ट नीतियों के कारण पूरा हो पाया 'ऑपरेशन सिंदूर' : सीएम पुष्कर धामी

**देहरादून (आईएएनएस)**



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 'तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा' को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने सेना के शौर्य और साहस को सलाम किया। उन्होंने कहा कि मैं 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए सभी सशस्त्र बलों के वीर जवानों के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। ऑपरेशन सिंदूर' की अभूतपूर्व सफलता के लिए मैं अपनी और देवभूमि उत्तराखंड की जनता की ओर से भारतीय सेना, वायुसेना, नौसेना, बीएसएफ और सभी सशस्त्र बलों के वीर जवानों के प्रति आभार और प्रशंसा व्यक्त करता हूं। मैं उनके साहस, वीरता और पराक्रम को नमन करता हूं। मैं हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी आभार व्यक्त करता हूं, जिनके सशक्त नेतृत्व और स्पष्ट नीतियों के कारण आतंकवाद के खिलाफ यह निर्णायक कार्रवाई संभव हो पाई। उन्होंने कहा, "इस 'तिरंगा शौर्य सम्मान' यात्रा में आप सभी के साथ चलते हुए मैंने प्रत्येक प्रतिभागी के भीतर एक अनोखी ऊर्जा, उत्साह और नई भावना का अनुभव किया।

## पाकिस्तान के समर्थन में युवक ने डाली पोस्ट, बरेली पुलिस ने सिखाया देशभक्ति का पाठ

**बरेली(आईएएनएस)**

उत्तर प्रदेश के बरेली में एक युवक को पाकिस्तान के समर्थन में वीडियो पोस्ट करना भारी पड़ गया। बरेली पुलिस ने पाकिस्तान के समर्थन में सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट करने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। मामला बरेली के थाना फरीदपुर क्षेत्र के मेहतरपुर तिजासिंह का है। बताया जा रहा है कि फखरुद्दीन उर्फ डंपी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पाकिस्तानी झंडे के साथ पाकिस्तान आर्मी का वीडियो शेयर किया था। इस मामले में उसकी शिकायत की गई और बरेली पुलिस ने फखरुद्दीन को गिरफ्तार करते हुए उसे देशभक्ति का पाठ भी सिखाया। फखरुद्दीन का एक वीडियो भी सामने आया, जिसमें वह 'पाकिस्तान मुर्दाबाद' और 'भारत माता की जय' तथा 'हिंदुस्तान जिंदाबाद' बोलता हुआ नजर आ रहा है। एसपी साउथ बरेली "12 मई 2025 को थाना फरीदपुर निवासी फखरुद्दीन ने अपनी फेसबुक आईडी पर कुछ देश विरोधी पोस्ट की थीं।

# पाकिस्तान ने भारत के अगवा बीएसएफ जवान को लौटाया

**नई दिल्ली। (आईएएनएस)**

पाकिस्तान ने भारत के बीएसएफ जवान पूर्णम कुमार शॉ को छोड़ दिया है। शॉ बुधवार को अटारी-वाघा बॉर्डर के रास्ते भारत लौटे। बीएसएफ ने इसकी पुष्टि की है। वे 23 अप्रैल से पाकिस्तान के कब्जे में थे। पूर्णम कुमार शॉ 23 अप्रैल गलती से पाकिस्तान की सीमा में चले गए थे और तभी से पाकिस्तानी रेंजर्स के कब्जे में थे। भारत और पाकिस्तान के डीजीएमओ स्तर की बातचीत के बाद उन्हें छोड़ा गया है। बीएसएफ के अधिकारी उन्हें अपने साथ मेडिकल चेकअप के लिए ले गए हैं। चेकअप के बाद उन्हें उनके घर भेजा जाएगा। पूर्णम शॉ को पाकिस्तानी रेंजर्स ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के ठीक एक दिन पकड़ा था। आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान की इस हरकत ने दोनों देशों के बीच के तनाव को और बढ़ा दिया था। डीजीएमओ स्तर की बातचीत के बाद अब पूर्णम शॉ को पाकिस्तान ने 14 मई को छोड़ा। शॉ के जब पाकिस्तान के कब्जे में जाने की खबर मिली तो उनकी गर्भवती पत्नी रजनी वाघा-अटारी बॉर्डर पहुंच गई थी और उनकी वापसी पर अड़ गई थी। बीएसएफ द्वारा शॉ के सुरक्षित होने और उनकी वापसी का आश्वासन देने के बाद ही वे वापस लौटीं। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव ने उनकी चिंता बढ़ा दी थी लेकिन अब वे काफी खुश हैं। पूर्णम की पत्नी ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बची बढ़े तनाव ने उनकी चिंता बढ़ा दी थी। लेकिन पति की सकुशल वापसी ने उनका भारत सरकार और सेना के प्रति विश्वास और बढ़ा दिया है। बता दें, 23 अप्रैल को फिरोजपुर जिले के ममदोट कस्बे के पास खेतों में किसानों की निगरानी कर रहे सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवान पूर्णम को पाकिस्तानी रेंजर्स तब उठा कर ले गए जब वो गर्मी से बेहाल हो एक पेड़ के नीचे बैठ गए थे। बाद में पता चला कि वो गलती से जीरो लाइन पार कर एक पेड़ की छांव में बैठ गए जो पाकिस्तानी सीमा में आता था। बीएसएफ ने बताया कि गेहूं की कटाई के लिए किसान गेट नंबर 208/1 से फेंसिंग पार कर खेतों में पहुंचे थे।



● फिरोजपुर के ममदोट क्षेत्र में किसानों की निगरानी करते समय शॉ गर्मी के कारण एक पेड़ की छांव में बैठे, जो पाक सीमा में था

## बीएसएफ जवान पूर्णम शॉ की वापसी पर परिवार ने जताया पीएम मोदी आभार

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान की हिरासत से बुधवार को रिहा किए गए सीमा सुरक्षा बल के कांस्टेबल पूर्णम कुमार शॉ के परिवार के सदस्यों ने उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार और बीएसएफ के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया है। शॉ के परिवार के एक सदस्य ने संवाददाताओं से कहा, " आज हम बेहद खुश हैं। हम उन्हें सुरक्षित वापस लाने के केंद्र सरकार और बीएसएफ अधिकारियों के प्रयासों के लिए उनका आभार व्यक्त करते हैं। पिछले दो सप्ताह हमारे लिए अनिश्चितता से भरे रहे और हम सो नहीं सके। हम उनकी कुशलक्षेम को लेकर चिंतित थे।" शॉ के परिजन ने कहा, "अब हम उनसे बात करने और उनसे व्यक्तिगत रूप से मिलने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हमारी प्रार्थना आखिरकार कबूल हो गई है।" 23 अप्रैल 2025 से पाकिस्तान रेंजर्स की हिरासत में रहे बीएसएफ जवान पूर्णम कुमार शॉ बुधवार को भारत वापस आ गए। पश्चिम बंगाल में उनकी पत्नी रजनी शॉ ने उनकी सुरक्षित रिहाई के लिए पीएम मोदी और केंद्र को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, "पीएम मोदी हैं तो सब कुछ संभव है। 22 अप्रैल को जब पहलगाम हमला हुआ तो उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए 15-20 दिन के अंदर सबके 'सुहाग' का बदला ले लिया। 4-5 दिन बाद उन्होंने मेरे 'सुहाग' को वापस ला दिया। इसलिए मैं हाथ जोड़कर दिल से आभार व्यक्त करना चाहती हूं।" उन्होंने कहा कि उन्हें सभी का समर्थन प्राप्त है, पूरा देश उनके साथ खड़ा है। उन्होंने कहा, "इसलिए, आप सभी का हाथ जोड़कर धन्यवाद - आप सभी की बदौलत मेरे पति भारत वापस आ सके।"

## एक लाख की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार हुआ पुलिस अधिकारी, ट्रस्टी से मांगे थे ढाई लाख

**मुंबई (आईएएनएस)**

मुंबई के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी को एक लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) के मुताबिक, बाबूराव मधुकर देशमुख (उम्र 57) को एक लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया है। एसीबी ने एक बयान में बताया कि मुंबई के शिवाजीनगर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक बाबूराव मधुकर देशमुख को एसीबी ने एक लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए उन्हीं के पुलिस स्टेशन में रंगे हाथों पकड़ा गया है। एसीबी के अधिकारी से मिली जानकारी के मुताबिक, शिकायतकर्ता एक शैक्षणिक ट्रस्ट का ट्रस्टी है और 15 अगस्त, 2024 को कुछ व्यक्तियों के समूह ने कथित तौर पर स्कूल का गेट तोड़ दिया। इसके बाद वे ट्रस्ट परिसर में जबरन घुस गए थे। ट्रस्टी ने मुंबई के शिवाजीनगर पुलिस स्टेशन और चैरिटी कमिश्नर में शिकायत दर्ज कराई थी। इस मामले में शिकायतकर्ता की सहायता करने और चैरिटी कमिश्नर कार्यालय से अंतिम आदेश आने तक जबरदस्ती स्कूल परिसर में प्रवेश करने से रोकने के लिए देशमुख ने कथित तौर पर 3 लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी। एसीबी के अनुसार, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक बाबूराव देशमुख ने कथित तौर पर ट्रस्टी से 3 लाख रुपए की रिश्वत मांगी और बातचीत के बाद 2.5 लाख रुपए राशि तय हुई थी।

## क्या अमेरिकी दबाव में मोदी सरकार ने भारत के सुरक्षा हितों को गिरवी रख दिया : कांग्रेस

**एजेंसी। नई दिल्ली**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम कराने के अपने दावों को दोहराए जाने के बाद कांग्रेस ने बुधवार को पूछा कि आम तौर पर बड़बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर को इस खुलासे के बारे में क्या कहना है और क्या उन्होंने अमेरिकी दबाव के सामने भारत के सुरक्षा हितों को गिरवी रख दिया है। मंगलवार को सऊदी अरब में बोलते हुए ट्रंप ने एक बार फिर दावा किया कि उनके प्रशासन ने भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ती हिंसा को रोकने के लिए सफलतापूर्वक ऐतिहासिक संघर्ष विराम कराया। कांग्रेस महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि कुछ दिन पहले हमें अमेरिका के राष्ट्रपति से पाकिस्तान के साथ युद्ध विराम के बारे में पता चला। अब, कल सऊदी अरब में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में, राष्ट्रपति ने खुलासा किया कि उन्होंने प्रतिबंधों और व्यापार सौदों के लालच में भारत को इस युद्ध विराम के लिए मजबूर किया और ब्लैकमेल किया। रमेश ने एक्स पर कहा, "आम तौर पर बातूनी प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री को इस खुलासे के बारे में क्या कहना है।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## जल्द लॉन्च होगा 'समुद्रयान', 6000 मी. गहराई तक जाएगा भारत का मिशन

**कोच्चि। एजेंसी**



भारत का पहला मानवयुक्त गहरा समुद्र मिशन छह हजार मीटर की गहराई तक समुद्र के रहस्य को खंगालेगा। राष्ट्रीय समुद्र प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआइओटी) के निदेशक बालाजी रामकृष्णन ने मंगलवार को कहा कि पनडुब्बी 2026 के अंत तक रवाना हो सकता है। रामकृष्णन ने आइसीएआर-केंद्रीय समुद्री मत्स्य अनुसंधान संस्थान (सीएमएफआरआइ) में कहा, मिशन के तहत छह हजार मीटर की गहराई तक गहरे समुद्र में सागर के रहस्यों का पता लगाने का प्रयास किया जाएगा। तीन विज्ञानियों को लेकर समुद्र के सफर पर रवाना होगा। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के तहत एनआइओटी गहरे समुद्र मिशन की नोडल एजेंसी है। स्वदेशी तकनीक से विकसित किया गया है। स्वदेशी तकनीक से विकसित, 25 टन के चौथी पीढ़ी के यान को विशेष रूप से गहरे समुद्र में अत्यधिक दबाव और तापमान का सामना करने के लिए डिजाइन किया गया है।

## ऑपरेशन सिंदूर' का लक्ष्य केवल आतंकी ठिकानों का खात्मा : केसी त्यागी

**नई दिल्ली ।** भारत-पाक के सीजफायर को लेकर विपक्ष के आरोपों पर जेडीयू के वरिष्ठ नेता केसी त्यागी ने जोरदार पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष को यह समझना होगा कि यह भारत-पाक युद्ध नहीं था। यह पहलगाम आतंकी हमले का षड्यंत्र रचने वालों के खिलाफ सीमित कार्रवाई थी। हमें 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता पर प्रसन्नता है। भारतीय सेना 'ऑपरेशन सिंदूर' का संचालन करने में सफल रही है।



## रक्षा मंत्री जाएंगे भुज एयरबेस, कर चुके हैं पश्चिमी सीमा पर सुरक्षा की समीक्षा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भारतीय वायुसेना के भुज एयरबेस का दौरा कर सकते हैं। वह शुक्रवार को गुजरात स्थित भारतीय वायुसेना के इस एयरबेस पर जाएंगे। जानकारी के मुताबिक, रक्षा मंत्री का यह दौरा दो दिन का होगा।

भुज एयरबेस को पाकिस्तानी सेना ने नुकसान पहुंचाने की भरसक कोशिशें की थीं। विदेशों से खरीदे गए ड्रोन की मदद से पाकिस्तानी सेना ने भुज एयरबेस पर हमलों की साजिश रची। हालांकि, पाकिस्तानी की यह साजिश बुरी तरह विफल रही। गौरतलब है कि इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंजाब स्थित वायुसेना के आदमपुर एयरबेस का दौरा किया था। मंगलवार को यहां प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय वायुसेना के जवानों से मुलाकात की थी। अब रक्षा मंत्री गुजरात स्थित एयरबेस का दो दिवसीय दौरा करने जा रहे हैं। इस दौरान उनके साथ वायुसेना की पश्चिम एयर कमांड के प्रमुख भी होंगे। गौरतलब है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारत की पश्चिमी सीमा पर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा भी की है। पाकिस्तान से लगती राजस्थान और गुजरात की सीमाएं भी पश्चिमी सीमाओं का हिस्सा हैं। देश की सीमाओं की सुरक्षा से संबंधित इस महत्वपूर्ण बैठक में सीडीएस, थल सेना और नौसेना प्रमुख शामिल थे। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, मंगलवार को नई दिल्ली में हुई बैठक के दौरान देश की पश्चिमी सीमा को लेकर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की गई। इस बैठक की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की थी।

## विफल राष्ट्र है पाकिस्तान, 75 सालों में सिर्फ आतंकवाद के बीज बोए : सीएम योगी

**लखनऊ (आईएएनएस)**



भारतीय सेना के वीर जवानों के सम्मान में उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 'भारत शौर्य तिरंगा यात्रा' का शुभारंभ किया गया है। इस अवसर पर यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने भारतीय सेना के शौर्य को सलाम किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'भारत शौर्य तिरंगा यात्रा' को संबोधित करते हुए कहा, "'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारत के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सरकार और सशस्त्र बलों के प्रति अपना आभार और सम्मान व्यक्त किया है। भाइयों और बहनों, यह पहले दिन से प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प रहा है। उनका संकल्प रहा है कि जब हम एक नए और विकसित भारत की बात करते हैं, तो हमारा लक्ष्य विकसित भारत की कल्पना को वास्तविकता में बदलने के लिए लगन से काम करना होना चाहिए। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा, "हमारा लक्ष्य 'राष्ट्र प्रथम' की भावना के साथ काम करके 'विकसित भारत' के सपने को पूरा करना होना चाहिए। जब 140 करोड़ भारतीय 'राष्ट्र प्रथम' की भावना के साथ काम करेंगे, तो कोई भी ताकत भारत का विरोध नहीं कर सकती।

आज हम अपने उस संकल्प को याद दिलाने के लिए इस 'तिरंगा यात्रा' में भाग ले रहे हैं। दुनिया ने पाकिस्तान की इस शर्मनाक हरकत को देखा है, जहां उसके सैन्य अधिकारी और शीर्ष नेता आतंकवादियों के जनाजे में शामिल हुए। ये चीजें बताती हैं कि पाकिस्तान एक विफल राष्ट्र है। पिछले 70-75 सालों में पाकिस्तान ने आतंकवाद के बीज ही बोए हैं। उन्होंने कहा, "पूरा देश भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम का सेल्यूट करते हुए भारतीय जवानों का अभिनंदन करते दिखाई दे रहा है। मैं देश के प्रधानमंत्री का अभिनंदन करता हूं। 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों के साथ जिस तरह विभत्स घटना को अंजाम दिया गया था, पाकिस्तान के आका इस पूरी घटना में मौन बने रहे। सीएम योगी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, "स्वाभाविक रूप से भारत की आन-बान-शान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध सारे परिणाम देने के बाद पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आया तो 'ऑपरेशन सिंदूर' अभियान चलाया और पहले दिन ही 100 आतंकियों और जो आतंकवाद करने वाले को पालने-पोषण करने का काम कर रहे थे।

### चीनी सरकारी मीडिया के खिलाफ भारत का एक्शन

## फर्जी खबर फैलाने पर एक्स अकाउंट ब्लॉक

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



भारत सरकार ने बुधवार को चीन के खिलाफ एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक और डिजिटल कदम उठाया। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव और पाकिस्तानी दुष्प्रचार फैलाने के आरोप में चीन के सरकारी मीडिया आउटलेट्स ग्लोबल टाइम्स और सिन्हुआ न्यूज एजेंसी के एक्स अकाउंट को भारत सरकार ने ब्लॉक कर दिया है। भारत सरकार ने चीन की सरकारी मीडिया एक्स हैंडल को ब्लॉक करने का फैसला ऑपरेशन सिंदूर के खिलाफ चलाई जा रही गलत और फर्जी खबरों को बढ़ावा देने की वजह से लिया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था की चिंताओं का हवाला देते हुए यह कदम उठाया।

भारत सरकार के अधिकारियों के मुताबिक, चीनी कम्युनिस्ट पार्टी से जुड़े ग्लोबल टाइम्स और सिन्हुआ दोनों ही झूठी खबरों और पाकिस्तान के फर्जी दावों को बढ़ावा दे रहे थे। इसमें बहावलपुर के पास एक भारतीय राफेल लड़ाकू विमान को गिराए जाने को लेकर गलत सूचना भी शामिल थी।

## न्यूज बॉक्स

### तीनों सेनाध्यक्षों व सीडीएस ने राष्ट्रपति को दी 'ऑपरेशन सिंदूर' की जानकारी



**नई दिल्ली (आईएएनएस)** । चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) व तीनों सेनाध्यक्ष बुधवार को राष्ट्रपति भवन पहुंचे। यहां सीडीएस और तीनों सेनाध्यक्षों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान राष्ट्रपति के साथ 'ऑपरेशन सिंदूर' से जुड़ी जानकारी साझा की गई। गौरतलब है कि राष्ट्रपति तीनों सेनाओं आर्मी, नेवी और एयरफोर्स की सुप्रीम कमांडर हैं। इस मुलाकात के दौरान राष्ट्रपति ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की प्रतिक्रिया को सफल बनाने में सशस्त्र बलों के साहस और समर्पण की सराहना की। राष्ट्रपति ने सैन्य बलों के इस अभियान को एक गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया है। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह, थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी व नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को ऑपरेशन सिंदूर के अनुभव बताए व इससे विस्तृत जुड़ी जानकारी दी। 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या की थी। इसके बाद भारतीय सेनाओं ने आतंकवादियों के खात्मे के लिए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया।

### वर्षों की शांति के बाद सीमावर्ती इलाकों में फिर चर्चा में आया बंकर : उमर अब्दुल्ला




**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि पाकिस्तान की ओर से सीमा पार से की गई भीषण गोलाबारी के बाद बंकर एक बार फिर जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती इलाकों में चर्चा का मुख्य विषय बन गए हैं। इस गोलाबारी में जान-माल का नुकसान हुआ है और बुनियादी ढांचे को भी भारी नुकसान पहुंचा है। बारामुल्ला जिले के उरी के दौरे के दौरान जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री ने पाकिस्तान की गोलाबारी से प्रभावित इलाकों की स्थिति की समीक्षा की और स्थानीय लोगों के लिए ऐसे सुरक्षात्मक ढांचों की जरूरत पर ध्यान दिया, जिनकी जरूरत पिछले कुछ सालों में कम होती जा रही थी, लेकिन हाल ही में हिंसा बढ़ने के बाद यह जरूरत कम होती जा रही थी। मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने निवासियों की मांगों के अनुरूप उन्हें व्यक्तिगत बंकर उपलब्ध कराने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता पर बल दिया। मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने संवाददाताओं से कहा, "बंकर अब फिर से चर्चा का विषय बन गए हैं। कई वर्षों तक हमें बंकरों की जरूरत नहीं थी। अब लोगों ने सामुदायिक बंकरों की नहीं, बल्कि व्यक्तिगत बंकरों की मांग की है। हम गोलाबारी से प्रभावित सभी क्षेत्रों में बंकरों की व्यवस्था करेंगे।

## दुश्मन के ड्रोन्स को पल भर में करेगा नष्ट

# बड़ी उपलब्धि : भारत ने किया 'भार्गवास्त्र' का सफल परीक्षण

- भारत ने कम लागत वाला हार्ड-किल काउंटर-स्वॉर्म ड्रोन सिस्टम 'भार्गवास्त्र' सफलतापूर्वक टेस्ट किया

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



भारत ने ड्रोन हमलों के खिलाफ अपनी क्षमताओं को और मजबूत करते हुए अत्याधुनिक, कम लागत वाले हार्ड-किल काउंटर-स्वॉर्म ड्रोन सिस्टम 'भार्गवास्त्र' का सफल परीक्षण किया है। यह परीक्षण बुधवार को ओडिशा के गोपालपुर स्थित सीवर्ड फायरिंग रेंज में किया गया। यह सिस्टम स्वदेशी रूप से सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड (एसडीएएल) द्वारा विकसित किया गया है और इसे भारत की रक्षा क्षमताओं में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है, खासकर यह ड्रोन स्वॉर्म (झुंड) जैसे खतरों को निष्क्रिय करने में काफी कारगर है। परीक्षण के दौरान सिस्टम के माइक्रो रॉकेट्स ने सभी प्रदर्शन मानकों को सफलतापूर्वक प्राप्त किया। 13 मई को तीन अलग-अलग परीक्षण किए गए, जिनमें दो व्यक्तिगत रॉकेट दागे गए और एक साल्वो मोड में, जहां दो रॉकेट केवल दो सेकंड के अंतर में दागे गए। सभी रॉकेट्स ने तय लॉन्च मापदंडों को पूरा किया। 'भार्गवास्त्र' 2.5 किमी तक की दूरी पर छोटे और तेज गति से उड़ने वाले ड्रोन को पहचानकर उन्हें नष्ट कर सकता है। इसका पहला रक्षा स्तर बिना दिशा-निर्देशन वाले माइक्रो रॉकेट्स पर आधारित है, जो 20 मीटर के घातक दायरे में कई ड्रोन को खत्म कर सकते हैं।

दूसरा स्तर गाइडेड माइक्रो मिसाइल पर आधारित है, जो सटीकता के साथ लक्ष्यों पर वार करती है। यह प्रणाली ऊंचे पहाड़ी क्षेत्रों (5,000 मीटर से अधिक ऊंचाई) में भी प्रभावी ढंग से काम करने में सक्षम है। इसका डिजाइन मॉड्यूलर है, जिसमें सॉफ्ट-किल तकनीकों जैसे जैमिंग और स्पूफिंग को भी शामिल किया जा सकता है। यह भारत की मौजूदा नेटवर्क-सेंट्रिक वॉरफेयर प्रणाली से भी पूरी तरह लैस है। इसमें उन्नत सी4आई (कमांड, कंट्रोल, कम्युनिकेशन्स, कंप्यूटर एंड इंटेलिजेंस) तकनीकें शामिल हैं। रडार 6 से 10 किमी तक की दूरी पर सूक्ष्म हवाई खतरों का पता लगाने में सक्षम हैं।

एसडीएएल ने इसे पूरी तरह स्वदेशी तकनीक बताया है, जिसमें रॉकेट और माइक्रो-मिसाइल दोनों का विकास देश में ही किया गया है। कंपनी का कहना है कि दुनियाभर में जहां कई देश ऐसी तकनीकें विकसित कर रहे हैं, वहीं 'भार्गवास्त्र' जैसी लागत-कुशल और मल्टी-लेयर्ड प्रणाली अभी तक कहीं भी तैनात नहीं की गई है।

यह परीक्षण न केवल "मेक इन इंडिया" पहल के तहत एक और मील का पत्थर है, बल्कि देश की हवाई सुरक्षा को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है।

## मसूद अजहर को पाकिस्तान देगा 14 करोड़ का मुआवजा

**नई दिल्ली । एजेंसी**



पाकिस्तान से एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम के रूप में, रिपोर्ट बताती है कि पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित आतंकवादी और जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के प्रमुख मसूद अजहर को 14 करोड़ रुपये का मुआवजा देने की पेशकश कर सकते हैं। अजहर ने अपने परिवार के 14 सदस्यों को खो दिया है, और पाकिस्तानी राज्य ने भारतीय हवाई हमलों में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के लिए 1 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं, द ट्रिब्यून इंडिया की रिपोर्ट। यह मुआवजा कानूनी उत्तराधिकारियों को दिया जाएगा, जिसका अर्थ है कि अगर अजहर खुद को कानूनी उत्तराधिकारी के रूप में निर्धारित करता है, तो उसे भारी भरकम राशि मिल सकती है। रिपोर्ट्स के अनुसार, मुआवज़ा देने के अलावा, पाकिस्तान सरकार भारतीय हमलों में तबाह हुए घरों का पुनर्निर्माण भी कर सकती है। पाकिस्तान के इस ताज़ा रुख की आलोचना हो रही है, भारतीय रक्षा अधिकारियों ने कहा है कि इस्लामाबाद के इस कदम से आतंकवाद के खिलाफ़ पाकिस्तान की प्रतिबद्धता पर सवाल उठ रहे हैं। इससे पहले, जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के प्रमुख मौलाना मसूद अजहर ने स्वीकार किया कि बहावलपुर में संगठन के मुख्यालय पर भारत के मिसाइल हमले में उसके परिवार के 10 सदस्य और चार करीबी सहयोगी मारे गए। अजहर के हवाले से जारी एक बयान में कहा गया कि बहावलपुर में जामिया मस्जिद सुभान अल्लाह पर हमले में मारे गए लोगों में जैश प्रमुख की बड़ी बहन और उसका पति, एक भतीजा और उसकी पत्नी, एक और भतीजी और उसके विस्तारित परिवार के पांच बच्चे शामिल हैं।

बयान में आगे उल्लेख किया गया है कि हमले में अजहर के एक करीबी सहयोगी और उसकी मां के साथ-साथ दो अन्य करीबी साथियों की भी जान चली गई। 1999 में आईसी-814 के अपहृत यात्रियों के बदले अजहर की रिहाई के बाद बहावलपुर जैश का केंद्र बन गया। मई 2019 में, संयुक्त राष्ट्र ने अजहर को वैश्विक आतंकवादी घोषित किया था, जब चीन ने जैश-ए-मोहम्मद प्रमुख को काली सूची में डालने के प्रस्ताव पर अपनी रोक हटा ली थी, एक दशक बाद जब नई दिल्ली ने इस मुद्दे पर पहली बार विश्व निकाय से संपर्क किया था।

### पाकिस्तान सेना के समर्थन में जुटे हजारों आतंकी

**कराची।** कराची में 12 मई को हजारों कट्टरपंथी नेताओं और आतंकवादियों ने पाकिस्तान सेना के समर्थन में रैली की। इस रैली में लश्कर-ए-तैयबा और अहले सुन्नत वल जमात शामिल थे। दोनों ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आतंकवादी संगठन घोषित हैं। ऑपरेशन बनयान-उन-मर्सूस का जश्न मनाते हुए रैली में आतंकियों और कट्टरपंथी नेताओं ने बुलेटप्रूफ ग्लास के पीछे खड़े होकर भारत विरोधी भाषण दिए। पाकिस्तान की दिफा-ए-वतन काउंसिल की दिफा-ए-वतन रैली का आयोजन जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम-फजल के प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान ने किया था। दिफा-ए-वतन काउंसिल पाकिस्तान के धार्मिक और राजनीतिक संगठनों का गठबंधन है। इसका मकसद देश की रक्षा करना है। इस रैली में कई कट्टरपंथी मौलाना भी शामिल भी शामिल हुए। इन्होंने भारत के खिलाफ भड़काऊ बयानबाजी की और दोनों देशों के संघर्ष को धर्म से जोड़कर पेश किया। कट्टरपंथी मुफ्ती तारिक मसूद ने कहा कि पाकिस्तान के गद्दार आर्मी को सेक्युलर कहते हैं, जबकि हमारे दुश्मन हमारी आर्मी को मजहबी आर्मी कहते हैं। इस युद्ध को जीतने के बाद यह तय हो गया है कि हमारी सेना सेक्युलर नहीं है।

## संतान या राक्षस

# माता-पिता, बहन और चाची की कर दी हत्या

**ब्यूरो**




- हिंसक वीडियो गेम व अन्य ऑनलाइन कंटेंट से बहुत ज्यादा प्रभावित था

**नई दिल्ली।** अपने मां-बाप, बहन, चाची की हत्या करने के दोषी 35 वर्षीय कैडेल जीनसन राजा को केरल की एक जिला अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इस पर वर्ष 2017 में तीन दिन के अंदर अपनी मां, पिता, बहन व चाची की हत्या का आरोप लगा था। आरोपी ने वर्ष 2017 में 5-8 अप्रैल के बीच इन हत्याओं को अंजाम दिया था। न्यायाधीश के. विष्णु ने कैडेल को 15 लाख रुपए का जुर्माना भरने का भी आदेश दिया है। यह जुर्माना आरोपी को अपने चाचा जोस सुंदरम को देना होगा।

इस जघन्य हत्याकांड को लेकर आरोपी कैडेल जीनसन राजा ने शुरू में दावा किया था कि वह मानसिक रूप से बीमार है और हत्याएं एक गुप्त प्रयोग का हिस्सा थीं। दूसरी ओर, प्रॉसिक्यूटर ने यह स्थापित किया कि अपराध की सावधानीपूर्वक योजना बनाई गई थी और यह उसके अपने परिवार के प्रति गुस्से की वजह से किया था। प्रॉसिक्यूटर की तरफ से दावा किया गया कि वह विदेश में इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी न कर पाने के कारण हताश था। वह अपने धनी परिवार के घर में अकेले रहने से नाराज था। इसके अलावा, वह हिंसक वीडियो गेम और अन्य ऑनलाइन कंटेंट से काफी ज्यादा इन्फ्लुएंस था। तथ्यों को समझने के बाद अदालत ने मानसिक रूप से अस्वस्थ होने के उसके दावे को खारिज कर दिया था। दोषी पर पिता राजा थंकम (60 वर्ष), मां जीन पद्मा (58 वर्ष), बहन कैरोलिना (26 वर्ष) व चाची ललिता (70 वर्ष) की हत्या का आरोप था। ये सभी एक ही घर में रहते थे। अभियोजन पक्ष ने कहा कि कैडेल इस बात से नाराज था कि उसे अपनी पढ़ाई उस तरह से नहीं करने दी जा रही थी, जैसा वह चाहता था और उसे अपने दोस्तों से मिलने-जुलने की अनुमति नहीं थी। वह अपने पिता की जीवनशैली से भी कथित तौर पर नाराज था। हत्याओं के बाद शुरू में कैडेल ने दावा किया था कि उसने 'सूक्ष्म प्रक्षेपण' को देखने के लिए एक प्रयोग के हिस्से के रूप में हत्याएं कीं, जिसमें कुछ लोगों के बीच यह विश्वास शामिल था कि आत्मा शरीर के बाहर जा सकती है। उसने दावा किया कि वह अपने पीड़ितों की आत्माओं को उनके शरीर से निकलते हुए देखना चाहता था।

कैडेल वर्ष 2009 में ऑस्ट्रेलिया से इंजीनियरिंग कोर्स पूरा किए बिना ही वापस आ गया था, जिसके लिए वह वहां गया था। तब उसे लगा कि परिवार में उसकी उपेक्षा की जा रही है। अभियोजन पक्ष ने कहा कि हत्याओं से पहले कई सालों तक उसके मन में परिवार के प्रति नफरत बढ़ती रही थी। 5 अप्रैल को कैडेल अपने माता-पिता और बहन को अपने घर की पहली मंजिल पर स्थित अपने कमरे में ले गया, एक के बाद एक, और उनसे कहा कि वह उन्हें एक नया वीडियो गेम दिखाना चाहता है, जिसके बारे में उसने दावा किया था कि उसने बनाया है। कमरे में उसने ऑनलाइन खरीदे गए चाकू से उन पर हमला कर दिया। अगले 48 घंटों में उसने अपने घर के चार मेंबर्स को मार डाला। जब घरेलू सहायिका आई तो कैडेल ने उसे बताया कि परिवार के बाकी लोग बाहर गए हैं और वह अपना खाना बाहर से मंगवाएगा। 8 अप्रैल की रात को कैडेल ने अपने पिता, मां और बहन के शवों को आग लगा दी। हालांकि, आग बेकाबू हो गई और वह भागकर लगभग 800 किलोमीटर दूर चेन्नई चला गया। चेन्नई में उसने टीवी पर अपने परिवार के सदस्यों की हत्या की खबरें देखी और उन्होंने तिरुवनंतपुरम वापस आने का फैसला किया। मुकदमे के दौरान कैडेल ने तर्क दिया कि वह सिजोफ्रेनिया से पीड़ित है। लेकिन, अभियोजन पक्ष ने इस दावे का विरोध करते हुए कहा कि आरोपी में ऐसी मानसिक स्थिति होने का कोई सबूत नहीं है।

### भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के बाद दुनिया बेहतर स्थिति में है : संयुक्त राष्ट्र



**संयुक्त राष्ट्र (आईएएनएस)।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने मंगलवार को कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के बाद दुनिया बेहतर स्थिति में है। दुजारिक ने अपनी ब्रीफिंग में कहा, "हमें उम्मीद है कि संघर्ष विराम जारी रहेगा। इसके साथ-साथ हम यह भी आशा करते हैं कि दोनों पक्ष इसका उपयोग अपने बीच के कई लंबित मुद्दों को निपटाने के लिए करेंगे।

## चीन करेगा सारे प्रोजेक्ट कैंसिल? पाकिस्तान का सिर चकराया मोदी और ट्रंप ने पाकिस्तान के साथ क्या खेल कर दिया

**नई दिल्ली । एजेंसी**



बिना मारे पाकिस्तान अब बुरी मौत मर रहा है। जो उसके दोस्त चीन और अमेरिका थे। उन्होंने भी पाकिस्तान के साथ चाल खेलनी शुरू कर दी है। दरअसल, अभी सीजफायर का उल्लंघन पाकिस्तान की तरफ से लगातार किया जा रहा था। भारतीय सीमा में ड्रोन दागे जा रहे थे। वही भारत की तरफ से पाकिस्तान को मुंह तोड़ ही नहीं ताबड़तोड़ तरीके से जवाब भी दिया जा रहा था। इसी बीच में डोनाल्ड की एंट्री हुई। ट्रंप ने दावा किया कि उन्होंने दोनों देशों को व्यापार रोकने की धमकी दी। जिसके बाद पाकिस्तान ने तुरंत ही सीजफायर लागू कर दिया। हालांकि भारत ने ट्रंप के व्यापार रोकने वाली धमकी के दावे को सिरे से खारिज कर दिया। वहीं शहबाज शरीफ ने एक ट्वीट करते हुए बस ट्रंप को शुक्रिया कहा।

चीन भयंकर गुस्से में नजर आ रहा है। शी जिनपिंग ने फोन करके शहबाज शरीफ की खाट खड़ी कर दी है। बताया जा रहा है कि चीन की तरफ से जितने भी कर्ज पाकिस्तान को लेकर धमकी दी है। इसके साथ ही सारे प्रोजेक्ट खत्म करने तक की बात कह दी है। दरअसल, चीन का कहना ये है कि पाकिस्तान को हम फुल सपोर्ट कर रहे हैं। पाकिस्तान में हथियार पहुंचा रहे हैं। लेकिन पाकिस्तान ट्रंप को शुक्रिया कह रहा है। वो युद्ध विराम के लिए ट्रंप को आगे ला रहा है। चीन के लिए कोई चर्चा नहीं हो रहा है। सूत्र बताते हैं कि इससे बौखलाए शी जिनपिंग ने इस्लामाबाद में फोन करके शहबाज शरीफ को जमकर लताड़ लगाई है। इससे पाकिस्तान घुटनों पर आता हुआ नजर आ रहा है। जो लोग पाकिस्तान की मदद करते आ रहे थे वे अब उसे धमका रहे हैं। इससे शहबाज शरीफ से लेकर असिम मुनीर तक की हालत टाइट हो गई है। एक तरफ पाकिस्तान से तरह तरह की खबरे सामने आ रह है।

## सोनू निगम ने किया कर्नाटक हाईकोर्ट का रुख

कहानी फिल्म जगत की

# कन्नड़ भाषा पर टिप्पणी को लेकर बुरे फंसे थे गायाक

सोनू निगम की याचिका न्यायमूर्ति शिवशंकर अमरन्नावर की अवकाशकालीन पीठ के समक्ष सूचीबद्ध की गई, जिसने मामले की सुनवाई बाद की तारीख के लिये स्थगित कर दी। यह विवाद 25 अप्रैल को बेंगलुरु के एक इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित संगीत कार्यक्रम में हुई घटना से जुड़ा है।



सोनू निगम की याचिका न्यायमूर्ति शिवशंकर अमरन्नावर की अवकाशकालीन पीठ के समक्ष सूचीबद्ध की गई, जिसने मामले की सुनवाई बाद की तारीख के लिये स्थगित कर दी। यह विवाद 25 अप्रैल को बेंगलुरु के एक इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित संगीत कार्यक्रम में हुई घटना से जुड़ा है। कार्यक्रम के दौरान कई श्रोताओं ने सोनू से कन्नड़ में गाना गाने का आग्रह किया। खबरों के मुताबिक, सोनू ने अनुरोध के तरीके पर आपत्ति जताई और कुछ छात्रों पर उन्हें धमकाने का आरोप लगाया। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की ओर इशारा करते हुए कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी की कि "कन्नड़, कन्नड़, कन्नड़। यही कारण है कि पहलगाम हुआ।




# जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना हम सभी की जिम्मेदारी : दीपिका पांडेय सिंह

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** ग्रामीण विकास एवं ग्रामीण कार्य विभाग की बैठक मंत्री दीपिका पांडे सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों एवं अभियंताओं ने भाग लिया। इस बैठक का उद्देश्य राज्य में संचालित योजनाओं और परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना एवं उनके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए भावी रणनीति तय करना था। बैठक के दौरान विभागीय कार्यों की समग्र समीक्षा की गई। संबंधित अधिकारियों से विभिन्न योजनाओं की स्थिति एवं ज़मीनी कार्यान्वयन की रिपोर्ट प्राप्त की गई। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्ता युक्त ढंग से पूरे किए जाएं। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना हम सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

**मनरेगा योजना की समीक्षा :** बैठक में विशेष रूप से मनरेगा के अंतर्गत संचालित योजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। जिन पंचायतों में आवागमन की समस्या है, वहां मनरेगा के तहत मिट्टी-मोरम पथ के निर्माण पर विशेष ज़ोर देने के निर्देश दिए गए। अनुसूचित जाति एवं जनजाति बहुल क्षेत्रों में योजनाओं की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता पर भी चर्चा की गई।

अधिक से अधिक ग्रामीण परिवारों को 100 दिन का रोज़गार सुनिश्चित करने के लिए "दैनिक मांग अभियान" चलाने का निर्णय लिया गया, जिससे कम-से-कम 1.5 से 2 लाख परिवारों को स्थायी आय का सहारा मिल सके।

**महिला सशक्तिकरण एवं समूह आधारित कार्य :** मंत्री ने स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से वर्मी कंपोस्ट यूनिट के निर्माण को तेज़ करने और इसमें महिला सदस्यों की भागीदारी को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। इसके साथ ही, जहां पारंपरिक कुएं बनाना संभव नहीं है, वहां इरिगेशन रिंग वेल के निर्माण पर ज़ोर देने की बात कही गई। आवश्यकता अनुसार माइनर इरिगेशन स्कीम के अंतर्गत इनका अनुमोदन किया जाएगा।

**खेल, सहभागिता और संरक्षण योजनाएं :** बैठक में तय किया गया कि पंचायत स्तर पर खेल मैदानों का निर्माण शीघ्र प्रारंभ किया जाए। जिन स्थानों पर कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, वहाँ तत्काल कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जाए। मानव दिवस आयोजन में महिलाओं एवं अनुसूचित जनजाति समुदाय की कम-से-कम 26% से 28% भागीदारी सुनिश्चित करने का भी निर्देश माननीय मंत्री जी द्वारा दिया गया। इसके अतिरिक्त, जल एवं मृदा संरक्षण से जुड़ी योजनाओं को स्वीकृति देकर त्वरित क्रियान्वयन करने की बात भी कही गई।

**वित्तीय वर्ष 2025-26 की घोषणाएं :** माननीय मंत्री जी ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में राज्य की प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 15 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण तथा 10 करोड़ रुपये की लागत से पुल निर्माण हेतु बजट आवंटित किया गया है।

**लंबित कार्यों के निष्पादन हेतु निर्देश :** बैठक के दौरान मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी लंबित कार्यों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। जिन कार्यों को लेकर शिकायतें प्राप्त हुई हैं, उनकी जांच अगले दो महीनों में पूरी की जाए एवं दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। सभी लंबित कार्यों को मिशन मोड में पूर्ण करने हेतु तत्काल टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाए। मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र एवं संतुलित विकास के लिए प्रत्येक प्रखंड को सशक्त एवं सक्षम बनाएं। उन्होंने कहा कि सभी योजनाओं का लाभ समय पर जनता तक पहुंचना सुनिश्चित किया जाए। यही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# राज्य सरकार अपने कलाकारों के साथ खड़ी है : मंत्री सुदिव्य



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्य के पर्यटन व कला संस्कृति मंत्री सुदिव्य कुमार से बुधवार को नागपुरी फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े कई कलाकार उनके आवास पर मिले। कलाकारों ने फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों सहित समस्याओं से परिचित कराया। कलाकारों द्वारा झारखंड फिल्म नीति से संबंधित दिये गये सुझावों को उचित मंच पर रखने का उन्हें भरोसा दिलाया। मंत्री ने कलाकारों से कहा कि राज्य सरकार अपने कलाकारों के साथ खड़ी है और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए हर संभव सकारात्मक पहल करेगी। कलाकारों ने मंत्री से कहा कि सरकार व समाज के सहयोग के बिना इस इंडस्ट्री का विकास संभव नहीं है। सिनेमाघरों में प्रतिदिन एक नागपुरी शो दिखाना चाहिए। कलाकारों ने कहा कि फिल्म बनाने में कम से कम 30 से 35 लाख रुपये खर्च होते हैं, डेढ़ से दो साल बनाने में समय लगता है, लेकिन उन्हें सिनेमाघरों में प्रदर्शित करने में काफी परेशानी होती है। बॉलीबुड फिल्मों के दबाव में नागपुरी फिल्म को कुछ ही दिन में हटा दिया जाता है।

## आईसीआईसीआई वैन लूट मामले में कुंदन पाहन 17 साल बाद बरी

**रांची।** बहुचर्चित सात करोड़ नकद के साथ एक किलो सोना लूटने से जुड़े 17 साल पुराने मामले में ट्रायल फेस कर रहा आरोपी जेल में बंद नक्सली कुंदन पाहन को अदालत ने पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। अपर न्यायायुक्त आनंद प्रकाश की अदालत ने बुधवार को उक्त मामले में फैसला सुनाया। आरोपी पर लगे आरोप को साबित करने के लिए अभियोजन पक्ष ने दो आईओ समेत 6 गवाहों को अदालत में प्रस्तुत किया था। लेकिन, आरोप साबित नहीं किया जा सका। जांच अधिकारी ने अदालत के समक्ष कहा कि लूटी गई कोई सामग्री बरामद नहीं हो सकी है। इसका लाभ आरोपी को मिला है। आईसीआईसीआई एटीएम कैश वैन लूट की घटना को अंजाम तमाड़ थाना क्षेत्र में 21 मई 2008 को दिया गया था। आरोपियों ने जमशेदपुर से रांची के लिए चली वैन तमाड़ के सुप्रिया ढाबा के निकट रूकी। वैन के गनमैन शौच के लिए गया। उसी समय अपराधियों ने फायरिंग करके घटना को अंजाम दिया। घटना को लेकर तमाड़ थाना में कांड संख्या 44/2008 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। बता दें कि इसी मामले में आरोपी संतोष उर्फ मंटू मुंडा को 23 नवंबर 2016 को एवं गोवर्धन मुंडा को 19 जुलाई 2018 को साक्ष्य के अभाव में बरी हो चुका है।

## 91वी एसएलबीसी की बैठक कृषि मंत्री हुई शामिल, कहा

# केसीसी कार्ड ने किसानों पर ब्याज के बोझ को कम किया

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** 91वी एसएलबीसी की बैठक राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति बैंक ऑफ इण्डिया के महाप्रबंधक गुरु प्रसाद गोंड के संबोधन से हुई। श्री गोंड ने अपने वक्तव्य में सभा को बताया की झारखंड राज्य का ऋण जमा अनुपात में परस्पर वृद्धि देखी जा रही है। उन्होने बताया कि मार्च 2025 तिमाही तक राज्य का ऋण जमा अनुपात 50.68% पर रहा, जो पिछले वर्ष कि तुलना में 5.03% कि वृद्धि को दर्शाता है। उन्होने बैठक में राज्य के किसानों द्वारा त्वरित भुगतान करने पर शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण उपलब्ध होने की बात रखी।

विशिष्ट अतिथि के रूप में कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की शामिल थी। उन्होंने राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक में सम्मिलित सदस्यों को झारखंड सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) ब्याज अनुदान योजना के बारे में बताया कि यह किसानों पर ब्याज के बोझ को किस प्रकार कम करती है। यदि वे ससमय ऋण भुगतान करते हैं तो इस योजना के अंतर्गत ऋण अधिक सुलभ और किफायती हो जाता है और राज्य में कृषि विकास को बढ़ावा मिलती है।

बैठक के तीसरे चरण में नाबार्ड क्षेत्रीय कार्यालय, झारखंड के मुख्य महाप्रबंधक गौतम कुमार सिंह ने सभी बैंकों को राज्य के विकास में योगदान देने हेतु आभार प्रकट किया एवं बैंकों को कृषि ऋण विशेषकर पशुपालन एवं मत्स्य पालन हेतु राज्य के संबन्धित विभागों से परस्पर संबंध स्थापित कर बैंकों को ग्रामीण क्षेत्रों की आमदनी बढ़ाने में सहयोग का आह्वाहन किया। उन्होंने सभी निजी क्षेत्र के बैंकों से आग्रह किया कि वे यह सुनिश्चित करें कि संबंधित अधिकारी उप-समिति की बैठकों में अवश्य उपस्थित रहें ।

### कृषि को विज्ञान, व्यापार के नजरिए से देखें : मंत्री

**रांची।** कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि कृषि को विज्ञान और व्यापार के नजरिए से देखने की जरूरत है। जब तक नजरिया नहीं बदलेगा कृषि में बदलाव संभव नहीं है। आज लोग कृषि विभाग में कुछ हलचल होने की बात स्वीकार कर रहे हैं। लोगों को कृषि विभाग की योजनाओं की जानकारी मिल रही है। राज्य के लोगों को कृषि विभाग से काफी अपेक्षा है। कृषि मंत्री बुधवार को पशुपालन निदेशालय में हुई कार्यशाला को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थीं। झारखंड में एग्रो वैल्यू चेन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कृषि विभाग के द्वारा इस कार्यशाला का आयोजन ग्रांट थार्नटन भारत एलएलपी के सहयोग से किया गया था। कार्यशाला में प्रगतिशील किसान और एफपीओ से जुड़े किसानों ने भाग लिया। एफपीओ से 14000 लोग जुड़ चुके हैं कृषि मंत्री ने कहा कि पहले एफपीओ की चर्चा नहीं होती थी। आज एफपीओ से तीन हजार से 14 हजार तक महिला पुरुष जुड़े हुए हैं। सामूहिक प्रयास से बहुत कुछ किया जा सकता है। कृषि के क्षेत्र में जो उत्पादन हो रहा है, उसे बाजार से कैसे जोड़ें, इस पर काम हो रहा है। व्यवस्था में हमेशा सुधार होते रहना चाहिए। इसके साथ ही नीतिगत रूप से भी आगे बढ़ने की आवश्यकता है।

## आईजी अभियान ने की पीएसयू कांडों की समीक्षा

# जॉइंट टास्क फोर्स के जरिए कार्रवाई के दिए निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



### जॉइंट टास्क फोर्स का गठन कर करें कार्रवाई

समीक्षा बैठक के दौरान आईजी अभियान ने संबंधित प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक को पीएसयू से संबंधित दर्ज कांडों में तेज और सकारात्मक अनुसंधान के लिए जिला स्तर पर पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में जॉइंट टास्क फोर्स का गठन कर दोषियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके साथ यह भी निर्देश दिया गया कि संबंधित पुलिस महानिरीक्षक / पुलिस उप-महानिरीक्षक अपने क्षेत्राधिकार में जाकर नियमित रूप से सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के कर्मियों के साथ संपर्क स्थापित करेंगे और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों से संबंधित कांडों का पर्यवेक्षण करते हुए वांछित दिशा-निर्देश देना सुनिश्चित करेंगे।

**रांची।** डीजीपी झारखंड अनुराग गुप्ता की अध्यक्षता में पूर्व में आयोजित की गई 23वीं ओसीसी की समीक्षा बैठक के दौरान दिए गए निर्देशों को लेकर बुधवार को आईजी अभियान अमोल वी होमकर ने राज्य के दो जिलों में दर्ज पीएसयू कांडों की समीक्षा की। उन्होंने सार्वजनिक उपक्रमों की सुरक्षा को लेकर कई दिशा निर्देश जारी किए हैं।

**कई निर्देश जारी :** आईजी अभियान अमोल वी होमकर ने बुधवार को सार्वजनिक उपक्रमों से संबंधित दर्ज कांडों की समीक्षा की। बैठक में झारखंड के देवघर और जामताड़ा जिला में पीएसयू से संबंधित दर्ज कांड और लातेहार जिला में हाल के दिनों में हुई आगजनी से संबंधित कांडों का विस्तृत रूप से समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान आईजी अभियान ने देवघर, लातेहार और जामताड़ा जिलों में पीएसयू से संबंधित दर्ज कांडों के वर्तमान स्थिति के संबंध में व्यापक रूप से समीक्षा करते हुए संबंधित पुलिस अधीक्षकों को पीएसयू से संबंधित लंबित कांडों का त्वरित गति से निष्पादन करने, पीएसयू में घटना कारित करने से संबंधित आपराधिक गिरोह / नक्सली के विरूद्ध उचित धारा में कांड दर्ज कर कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

**सुरक्षा घेरा बढ़ाने का निर्देश :** आईजी अभियान ने यह निर्देश दिया है कि कांडों के अनुसंधान में आधुनिक तकनीक, डेटा विश्लेषण के साथ-साथ जमीनी स्तर पर आसूचना तंत्र का इस्तेमाल करते हुए अनुसंधान किया जाय। इसके साथ-साथ सीमावर्ती राज्यों के साथ आपसी समन्वय स्थापित कर अंतर्राज्यीय गिरोह के अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने, सभी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम वाली जगहों को चिन्हित कर साथ पीएसयू के डिपो/टर्मिनल के आस पास स्थित ढाबा, दुकानों पर विशेष निगरानी रखने हेतु सीसीटीवी कैमरा लगवाने का निर्देश दिया गया।

## हरमू नदी में मिला युवक का शव, पहचान में जुटी पुलिस

**रांची।** हरमू नदी में बुधवार सुबह एक युवक का शव मिला। हालांकि इसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। बताया गया कि बुधवार सुबह कुछ लोग नदी के पास टहल रहे थे। तभी उनकी नजर शव पर पड़ी। लोगों की सूचना पर पुलिस पहुंची और शव को नदी से बाहर निकाला गया। पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया। जांच-पड़ताल के दौरान युवक के शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। पुलिस का कहना है कि युवक के पास से एक कागज मिला है।

## अधिक मुनाफा का लालच देकर महिला सिपाही से चार लाख की ठगी

**रांची।** झारखंड पुलिस में पदस्थापित प्रिया पाठक को मुनाफा देने का लालच देकर टीए रामा ट्रेडिंग कंपनी ने उनसे चार लाख की ठगी कर ली है। इस घटना को अंजाम देकर कंपनी ने न सिर्फ अपने ऐप बंद किए, बल्कि उसके कर्मी भी कार्यालय बंद कर फरार हो गए। इस संबंध में प्रिया पाठक ने कंपनी के खिलाफ बुधवार को प्राथमिकी दर्ज कराई है। सिपाही प्रिया पाठक ने आवेदन में कहा कि डॉ अनिल मिश्रा से उन्हें कंपनी के बारे में जानकारी मिली। पता चला कि कंपनी में निवेश करने पर अधिक लाभ मिलेगा। इसके बाद उन्हें एक व्हाट्सऐप के जरिए एक लिंक भेजा गया। लिंक में रुपए निवेश करने और कुछ लोगों को कंपनी से जोड़ने पर अधिक मुनाफा देने का उन्हें प्रलोभन दिया गया। वह चार लाख रुपए कंपनी में निवेश की। वह फरवरी से छह मई 2025 के बीच राशि निवेश की है। कुछ लाभ तो उन्हें मिला।

## जीईआर बढ़ाने पर सरकार का जोर : सुदिव्य कुमार



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** उच्च व तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा झारखंड तकनीकी विश्वविद्यालय (जेयूटी) पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप इन हायर एजुकेशन विषय पर बुधवार को परामर्श कार्यशाला हुई। इसमें विभागीय मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि राज्य सरकार झारखंड के ग्रॉस इनरॉलमेंट रेसियो (जीईआर) को बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठा रही है और इस दिशा में निजी क्षेत्र के सहयोग से गुणवत्तापूर्ण, रोजगारोन्मुखी और समावेशी शिक्षा को सुलभ बनाना प्राथमिकता है। इसमें औद्योगिक समूहों, शैक्षणिक संस्थानों और गैर-लाभकारी संगठनों के प्रतिनिधि पहुंचे।

## पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस की डिस्चार्ज याचिका पर आंशिक सुनवाई

**रांची।** ओबीसी आरक्षण सहित अन्य मांगों को लेकर मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने के मामले में नामजद पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस की ओर से दाखिल डिस्चार्ज याचिका पर बुधवार को एमपी/एमएलए के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की अदालत में आंशिक सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने मामले में अभियोजन पक्ष को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। इसके लिए अदालत ने 23 मई की तारीख निर्धारित की है। रामचंद्र सहिस ने मामले में खुद को निर्दोष बताते हुए मंगलवार को डिस्चार्ज याचिका दाखिल की है। वहीं, इसी मामले में आरोपी सुदेश महतो और सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी की डिस्चार्ज याचिका अदालत खारिज कर चुकी है। मामला आरोप गठन पर चल रहा है।

# आदिवासी मेधावी छात्रों के लिए कोचिंग जुलाई से : कल्याण मंत्री चमरा लिंडा

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि झारखंड सरकार का कल्याण विभाग आदिवासी समुदाय के 10वीं एवं 12वीं पास मेधावी छात्र-छात्राओं को इंजीनियरिंग और मेडिकल की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग प्रदान करेगा। यह कोचिंग आगामी जुलाई 2025 के प्रथम सप्ताह से प्रारंभ की जाएगी। मंत्री बुधवार को रांची जिला स्कूल परिसर में संचालित आकांक्षा कार्यक्रम के औचक निरीक्षण के दौरान छात्रों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज के बच्चों में अपार प्रतिभा है, जिसे सही मार्गदर्शन और गुणवत्ता युक्त शिक्षा देकर निखारा जा सकता है। कहा कि जब हमारे आदिवासी बच्चे क्वालिटी एजुकेशन पाएंगे, तभी वे इंजीनियरिंग, मेडिकल व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल कर सकेंगे। मंत्री ने यह भी कहा कि एसटी/एससी समाज के छात्रों में असीम संभावनाएं हैं। कई छात्रों ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं, जो इस बात का प्रमाण हैं कि अगर उन्हें संसाधन और अवसर मिलें, तो वे किसी भी चुनौती में सफल हो सकते हैं।

### आवेदन प्रक्रिया जल्द होगी शुरू

चमरा लिंडा ने बताया कि सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड का रिजल्ट आ चुका है और झारखंड एकेडमिक काउंसिल का परिणाम भी जल्द घोषित होने वाला है। इसके बाद, इच्छुक और योग्य छात्रों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाएंगे। प्राप्त आवेदनों में से मेधावी छात्रों का चयन कर उन्हें विशेष रूप से मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा।

### 'आकांक्षा' कार्यक्रम के अंतर्गत होगा संचालन

यह कोचिंग "आकांक्षा" कार्यक्रम के अंतर्गत चलाई जाएगी, जिसे विशेष रूप से आर्थिक व सामाजिक रूप से पिछड़े मेधावी छात्रों के लिए डिज़ाइन किया गया है। विभाग इस पहल को सफल बनाने के लिए व्यापक तैयारी कर रहा है।

## केंद्र से एक-एक पाई के लिए होगा आंदोलन : झामुमो

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झामुमो ने जल जीवन मिशन को लेकर केंद्र सरकार पर सवाल उठाए है। पार्टी ने कहा है कि हर घर, नल-जल योजना के तहत 12257 करोड़ रुपये झारखंड को मिलने थे। लेकिन पिछले पांच वर्षों में राज्य के हिस्से का बकाया बढ़कर 6270.37 करोड़ रुपए हो चुका है। गरमी में गांव-गरीब तक पानी पहुंचाना प्राथमिकता है।

झामुमो महासचिव व प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने बुधवार को पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से कहा कि झारखंड बार-बार पैसा मांग रहा है। राज्य के मंत्री केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल को बार-बार खत लिख रहे हैं। मिलने का समय मांग रहे हैं। हम कोई भीख नहीं मांग रहे हैं। अपना हक मांग रहे हैं। अब केंद्र से पाई-पाई लेने के लिए आंदोलन होगा। याचना नहीं होगी। पार्टी ने मांग की है कि हमारे मंत्री दिल्ली में जाकर मंत्रालय के सामने धरना पर बैठ जाए। श्री भट्टाचार्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश-बिहार को सरप्लस पैसा मिल रहा है। वहीं पश्चिम बंगाल और झारखंड इनकी आंखों की किरकिरी हैं। हमने भारत सरकार का क्या बिगाड़ा है। शत्रु देश का पानी रोका ठीक है, लेकिन गरीब आदिवासियों का पानी क्यों रोक रहे हैं। पैसा नहीं देना, तो योजना क्यों चालू करते हैं। श्री भट्टाचार्य ने कहा कि इस योजना के तहत 2024-25 में केंद्र सरकार से 2114.16 करोड़ रुपये मिलने थे। लेकिन महत 70 करोड़ रुपये मिले। 2025-26 की तो बात हीं नहीं कर रहे हैं। कोयला मंत्रालय से 1.36 लाख करोड़ हमारा पहले से बकाया है। केंद्र हमारे साथ ऐसा सौतेला व्यवहार क्यों कर रहा है।

# जन सेवा व सांस्कृतिक पुनरुद्धार की प्रतिमूर्ति थी रानी अहिल्याबाई होलकर : बाबूलाल मरांडी

- रानी अहिल्याबाई होलकर शक्ति से नहीं युक्ति से शासन चलाने में विश्वास करती थी : संगीता यादव

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में बुधवार को प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में रानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि महिला मोर्चा की राष्ट्रीय मंत्री राज्यसभा सांसद संगीता यादव शामिल हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा पुण्य श्लोक रानी अहिल्याबाई होलकर भारत की सांस्कृतिक जागरण एवं सनातन विचारों के साथ गरीबों असहायों की सेवा की जीवंत प्रतिमूर्ति थी। कहा कि कठिन चुनौतियों और विषम परिस्थितियों के बीच भी रानी अहिल्याबाई होलकर अडिग रहीं और जनसेवा में निरंतर सक्रिय रहीं। कहा कि बचपन से ही उनकी भगवान शिव में गहरी आस्था रही । उन्होंने अपना तीस वर्षों का शासन भगवान शिव की आज्ञा मानकर चलाया। सांसद संगीता यादव ने रानी अहिल्याबाई होलकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रानी अहिल्याबाई ने न्याय,समाज सुधार और महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कार्य किए। कहा कि रानी ने अपने शासन में सख्त दहेज विरोधी कानून बनाए,बिना संतान वाली विधवाओं की संपत्ति राज्य द्वारा जब्त करने की नीति समाप्त की,विधवाओं को बच्चा गोद लेने की स्वतंत्रता दी, विधवा पुनर्विवाह को नैतिक समर्थन दिया,महिलाओं को शिक्षा का अधिकार दिया,लड़कियों केलिए अलग विद्यालय खोले और महिला शिक्षिकाओं की नियुक्ति की,महिलाओं को युद्ध कौशल सिखाया और महिला सैन्य टुकड़ी का गठन किया। डॉ रविंद्र कुमार राय ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होलकर शक्ति स्वरूपा मां थी। भारत की नारी शक्ति का बेहतरीन उदाहरण थीं। कहा कि शिव को साक्षी मानकर शासन चलाने में उन्होंने अपने पुत्र को भी दंडित करने में संकोच नहीं की।कहा कि भारत के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को मजबूत करने केलिए रानी अहिल्याबाई होलकर को याद करना भारत की आवश्यकता है। रानी अहिल्याबाई होलकर ने नैतिक मूल्यों के आधार पर शासन चलाने का इतिहास रचा। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होलकर सर्व समाज की मां थीं इसलिए इनकी 300 वीं जन्म जयंती को सर्व समाज के साथ मनाते हुए इनके आदर्शों को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लें।

## स्वच्छता परखवाड़ा 2025 अभियान

# टाटानगर रेलवे स्टेशन की हुई सफाई, किया पौधरोपण



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** स्वच्छता पखवाड़ा 2025 अभियान के तहत सीएसआईआर-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला (सीएसआईआर-एनएमएल), जमशेदपुर द्वारा रेलवे प्राधिकरण के सहयोग से आज टाटानगर रेलवे स्टेशन पर स्वच्छता अभियान और पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व सीएसआईआर-एनएमएल के निदेशक डॉ. संदीप घोष चौधरी, टाटानगर के क्षेत्रीय प्रबंधक अभिषेक सिंघल और सीएसआईआर-एनएमएल की मुख्य वैज्ञानिक डॉ. शर्मिष्ठा सागर ने किया। एनएमएल-टीम में डॉ एस. शिवा प्रसाद, डॉ रघुवीर सिंह, जय शंकर शरण, डॉ संजय अग्रवाल, उदय भास्कर राव, विप्लव विशाल, भोला आजाद, वाई उषा और कई अन्य शामिल थे, जो रेलवे अधिकारियों की एक टीम के साथ इस कार्यक्रम में शामिल हुए। रेलवे स्टेशन परिसर की सफाई के अलावा, सीएसआईआर-एनएमएल के निदेशक द्वारा टाटानगर के एरिया मैनेजर को चार पौधे और गमले सौंपे गए। इस कार्यक्रम के दौरान रेलवे अधिकारियों के "सफाई मित्रों" को सम्मानित किया गया। सीएसआईआर-एनएमएल 1 मई से 15 मई तक स्वच्छता पखवाड़ा 2025 कार्यक्रम मना रहा है।

## कोहली और रोहित को ग्रेड ए+ कॉन्ट्रैक्ट जारी

- भले ही विराट कोहली और रोहित शर्मा ने टेस्ट और टी-20 से संन्यास ले लिया है, बीसीसीआई ने उनका ग्रेड ए+ कॉन्ट्रैक्ट जारी रखने का फैसला किया है।
- दोनों को ग्रेड ए+ में मिलने वाली सभी सुविधाएं और वेतन (₹7 करोड़ प्रति वर्ष) मिलती रहेंगी।

## टेस्ट और टी-20 से संन्यास

- रोहित शर्मा ने 7 मई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया।
- विराट कोहली ने 12 मई को टेस्ट को अलविदा कहा।
- दोनों ने 2024 टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद टी-20 से भी संन्यास की घोषणा की।

## बीसीसीआई सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट की घोषणा

- 21 अप्रैल 2025 को बीसीसीआईने सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट की सूची जारी की।
- कुल 34 खिलाड़ियों को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में शामिल किया गया (पिछले साल 30 खिलाड़ी थे)।



### बीसीसीआई सेक्रेटरी सैकिया बोले

# रोहित-विराट ग्रेड ए+ में बने रहेंगे

## वे अभी भी भारतीय क्रिकेट का हिस्सा, दोनों ने टी-20 और टेस्ट से संन्यास लिया

**मुंबई । एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने विराट कोहली और रोहित शर्मा के ए+ ग्रेड कॉन्ट्रैक्ट को जारी रखने का फैसला किया है, भले ही वे टेस्ट और टी-20 क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। पिछले महीने बीसीसीआई ने सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट की घोषणा की थी। इसमें दोनों खिलाड़ी ग्रेड ए+ में थे। बीसीसीआई के सेक्रेटरी देवजीत सैकिया ने एएनआई से कहा, कोहली और रोहित का ग्रेड ए+ कॉन्ट्रैक्ट उनके टी-20 और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद भी जारी रहेगी। वे अभी भी भारतीय क्रिकेट का हिस्सा हैं और उन्हें ग्रेड ए+ में मिलने वाली सभी सुविधाएं मिलती रहेंगी। रोहित-विराट ने टेस्ट को अलविदा कहा 5 दिन के अंदर रोहित शर्मा और विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। रोहित ने 7 और कोहली ने 12 मई को टेस्ट से संन्यास लिया था। वहीं, दोनों ने 2024 टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट से संन्यास ले लिया था। ग्रेड ए+ में 4 खिलाड़ी बीसीसीआई ने 21 अप्रैल को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट की घोषणा की थी। ग्रेड ए+ में कोहली और रोहित के अलावा जसप्रीत बुमराह और रविंद्र जडेजा हैं। बीसीसीआई ग्रेड-ए+ में हर खिलाड़ी को सलाना 7 करोड़ रुपए देती है। बोर्ड की सूची में 34 खिलाड़ी शामिल बोर्ड के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट वाले खिलाड़ियों में 34 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। पिछले साल 30 खिलाड़ियों को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट दिया गया था। वहीं ग्रेड ए+ में पिछले साल की तरह चार खिलाड़ी ही हैं। ग्रेड A में 6 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। पिछली बार भी इस कैटेगरी में 6 खिलाड़ी थे। वहीं बी में पिछली बार की तरह पांच खिलाड़ी और सी में 19 खिलाड़ी हैं। पिछली बार 15 खिलाड़ी शामिल किए गए थे।




### बीसीसीआई का भरोसा बरकरार - ए+ ग्रेड में कायम

- संन्यास के बावजूद रोहित और विराट को A+ कॉन्ट्रैक्ट
- बीसीसीआई सेक्रेटरी देवजीत सैकिया बोले: "वे अभी भी भारतीय क्रिकेट का अहम हिस्सा हैं"

### ग्रेड A+ में 7 करोड़ सालाना

**ग्रेड A+ के चार खिलाड़ी**

- विराट कोहली
- जसप्रीत बुमराह
- रोहित शर्मा
- रविंद्र जडेजा

**प्रत्येक को मिलते हैं ₹7 करोड़/वर्ष**

## पीटन स्टर्न्स ने इटैलियन ओपन में रचा इतिहास

**रोम (आईएएनएस)**



पीटन स्टर्न्स ने इटैलियन ओपन में इतिहास रच दिया है। स्टर्न्स ने क्वार्टर फाइनल में 16वीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना को रोमांचक मुकाबले में हराया। वह ओपन एरा में लगातार तीन डब्ल्यूटीए मुख्य ड्रॉ मैच तीसरे सेट के टाईब्रेक में जीतने वाली पहली खिलाड़ी बन गईं। गैर-वरीयता प्राप्त अमेरिकी स्टर्न्स ने 6-2, 4-2 से पिछड़ने के बाद तीसरे सेट में डबल-ब्रेक से वापसी करते हुए यूक्रेन की 16वीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना को दो घंटे और 38 मिनट में 6-2, 4-6, 7-6(4) से हराया। आखिरी दो राउंड में स्टर्न्स ने ग्रैंड स्लैम चैंपियन मैडिसन कीज और नाओमी ओसाका को तीसरे सेट के टाईब्रेक में हराया, जिससे उनका इतिहास रचने वाला सिलसिला शुरू हो गया। विश्व की 6वें नंबर की कीज को हराना उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ जीत थी, जो प्रतिद्वंद्वी रैंकिंग के हिसाब से थी। डब्ल्यूटीए की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2015 में डारिया सैविल के बाद रोम के मुख्य ड्रॉ में अपने पदार्पण पर सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली खिलाड़ी हैं। वहीं 1998 में वीनस विलियम्स के बाद ऐसा करने वाली पहली अमेरिकी महिला हैं।

दुनिया की 42 वें नंबर की खिलाड़ी स्टर्न्स अपने करियर के पहले डब्ल्यूटीए 1000 सेमीफाइनल में पहुंची हैं। सोमवार को डब्ल्यूटीए की रैंकिंग अपडेट की गई जिसमें स्टर्न्स को सर्वोच्च रैंक हासिल हुए है। उन्हें रोलांड गैरोस में पहली बार ग्रैंड स्लैम सीडिंग मिलने की भी संभावना है। स्टर्न्स का गुरुवार को इतालवी जैस्मीन पाओलिनी से मुकाबला होना है। नंबर 6 सीड पाओलिनी ने मंगलवार को नंबर 13 सीड डायना श्नाइडर पर तीन सेट की जीत के साथ अपने पहले रोम सेमीफाइनल में जगह बनाई थी।

पाओलिनी ओपन एरा में रोम में अंतिम चार में पहुंचने वाली केवल पांचवीं इटैलियन महिला हैं। वे डबल्स पार्टनर सारा इरानी के 11 साल पहले ऐसा करने के बाद पहली इटैलियन बनी हैं। सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद पाओलिनी ने कहा, "यह वास्तव में कठिन मैच था। मैं बहुत खुश हूं कि मैं आगे बढ़ गई। लेकिन यह एक रोलर कोस्टर था। बिंदु दर बिंदु, मैंने एक रास्ता खोज लिया। मैंने अंत तक संघर्ष किया। निश्चित रूप से दर्शकों ने मेरी मदद की। इसलिए मैं जीत से वास्तव में खुश हूं।" पाओलिनी दुबई 2024 और मियामी 2025 के बाद तीसरे सेमीफाइनल में पहुंची हैं।

## थाईलैंड ओपन: लक्ष्य हारे, आकर्षि और उन्नति दूसरे दौर में

**बैंकॉक (आईएएनएस)**




बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 टूर्नामेंट थाईलैंड ओपन में भारत के अभियान की बुधवार को मिली-जुली शुरुआत हुई, क्योंकि शीर्ष पुरुष एकल शटलर लक्ष्य सेन पहले दौर में ही बाहर हो गए, जबकि आकर्षि कश्यप और उन्नति हुड्डा ने महिला एकल में कड़े संघर्ष के बाद जीत दर्ज कर दूसरे दौर में जगह बनाई। दिन के सबसे बड़े उलटफेरों में से एक में, लक्ष्य सेन को आयरलैंड के नहत एनगुयेन ने 1 घंटे 20 मिनट तक चले तीन गेम के मुकाबले में बाहर कर दिया। भारत की शीर्ष बैडमिंटन प्रतिभाओं में शुमार सेन को 18-21, 21-9, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा। शुरुआती गेम में मामूली अंतर से हारने के बाद, सेन ने दूसरे गेम में शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने तीखे स्मैश और तेज गति की रैलियों का इस्तेमाल करते हुए मैच को बराबरी पर ला दिया। लेकिन एनगुयेन ने निर्णायक गेम में कड़ी टक्कर दी और 17-13 से आगे निकल गए तथा दबाव के क्षणों में अपना संयम बनाए रखते हुए उलटफेर कर दूसरे दौर में प्रवेश किया। भारत की पुरुष एकल की मुश्किलें प्रियांशु राजावत के बाहर होने से और बढ़ गईं, क्योंकि वह तीन गेम की एक और लड़ाई में इंडोनेशिया के अल्वी फरहान से 13-21, 21-17, 16-21 से हार गए। इससे पहले, पूर्व विश्व नंबर 1 किदांबी श्रीकांत मंगलवार को क्वालीफायर में अपना दूसरा मैच हारने के बाद थाईलैंड ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के मुख्य दौर के लिए क्वालीफाई नहीं कर सके। विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता श्रीकांत ने क्वालीफायर के अपने पहले दौर में शंकर सुब्रमण्यन को 21-15, 21-17 से हराया, लेकिन दूसरे दौर में थारुन मन्नेपल्ली से 21-16, 21-19 से हार गए।

## जयपुर के एसएमएस स्टेडियम को फिर मिली बम की धमकी, सुरक्षा बढ़ाई गई

**जयपुर (आईएएनएस)**

जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम को महज सात दिनों में चौथी बार बम की धमकी मिली है, जिसके बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई है। राजस्थान खेल परिषद की आधिकारिक आईडी पर भेजे गए नवीनतम धमकी भरे ईमेल में विषय पंक्ति 'एचएमएक्स बम विस्फोट सवाई मानसिंह स्टेडियम ऑपरेशन प्रभाकर दिविज' थी और इसमें एक भयावह संदेश भी शामिल था, जिसमें चेतावनी दी गई थी, "पाकिस्तान से पंगा मत लो। हमारे पास भारत में स्लीपर सेल हैं। ऑपरेशन सिंदूर के लिए आपके अस्पताल भी उड़ा दिए जाएंगे।अधिकारियों ने जांच तेज कर दी है और इन बार-बार आने वाली धमकियों को अत्यंत गंभीरता से ले रहे हैं। विदेशी स्लीपर सेल और आतंकवाद विरोधी अभियानों के प्रतिशोध का हवाला देते हुए दहशत फैलाने के संगठित प्रयास की संभावना की जांच की जा रही है। मेट्रो स्टेशनों, अस्पतालों और अन्य सार्वजनिक बुनियादी ढांचे पर भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। अधिकारियों ने कहा कि आईपीएल मैचों के जल्द ही होने के कारण, सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करना राजस्थान की कानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता बन गई है।

## बोल्ट आईपीएल के शेष हिस्से के लिए वापसी करेंगे

**मुंबई।** ट्रेंट बोल्ट ने आईपीएल 2025 के शेष हिस्से में खेलने का फैसला किया है। यह मुंबई इंडियंस (एमआई) के लिए राहत की खबर है। इस सीजन एमआई की टीम ने कमजोर शुरुआत के बाद वापसी करते हुए प्लेऑफ की दौड़ में मजबूती से जगह बनाई है और इसमें बोल्ट की बड़ी भूमिका रही है। 36 वर्षीय बोल्ट को एमआई ने पिछली मेगा नीलामी में 12.5 करोड़ रुपये में खरीदा था। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने अपने प्रदर्शन से साबित किया है कि वह क्यों दुनिया के बेहतरीन गेंदबाजों में शुमार हैं। वह न सिर्फ एमआई के शीर्ष विकेट-लेने वाले गेंदबाज हैं।

## कैथरीन ब्रायस ने अप्रैल 2025 के लिए आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार जीता

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

स्कॉटलैंड की कप्तान कैथरीन ब्रायस को अप्रैल 2025 के लिए आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार का विजेता घोषित किया गया है, क्योंकि उनके शानदार ऑलराउंड प्रयासों के कारण वह पाकिस्तान में आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बनीं। कैथरीन ने वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज और पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना को हराकर मासिक सम्मान जीता। कैथरीन



ने बुधवार को आईसीसी द्वारा दिए गए एक बयान में कहा, "यह पुरस्कार जीतना वास्तव में सम्मान की बात है। यह जानना कि वैश्विक क्रिकेट समुदाय द्वारा इसके लिए मतदान किया जा रहा है, इसे और भी खास बनाता है; फातिमा सना और हेली मैथ्यूज जैसी दो खिलाड़ियों के साथ नामांकित होना, जिन्होंने खुद शानदार टूर्नामेंट खेले, अद्भुत था। कैथरीन ने अपने पांच मैचों में 73.25 की शानदार औसत से 293 रन बनाए। उनकी उल्लेखनीय पारियों में मेजबान पाकिस्तान के खिलाफ 91, थाईलैंड के खिलाफ 60 और आयरलैंड के खिलाफ नाबाद 131 रन शामिल हैं।




# केंद्रीय कैबिनेट ने यूपी में सेमीकंडक्टर यूनिट स्थापना को मंजूरी दी

## 3,700 करोड़ रुपए का निवेश करेगी आकर्षित

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) के तहत उत्तर प्रदेश में सेमीकंडक्टर यूनिट की स्थापना को मंजूरी दी। इससे 3,700 करोड़ रुपए का निवेश आकर्षित होगा। यह यूनिट एचसीएल और फॉक्सकॉन का संयुक्त उद्यम है। दोनों मिलकर यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट ऑथोरिटी (यीडा) एरिया में जेवर हवाई अड्डे के पास प्लांट स्थापित करेंगे। यह प्लांट 20,000 वेफर्स प्रति माह के लिए डिजाइन किया गया है और डिजाइन आउटपुट क्षमता 36 मिलियन यूनिट प्रति माह है। इस प्लांट में मोबाइल फोन, लैपटॉप, ऑटोमोबाइल, पीसी और डिस्प्ले वाले दूसरे डिवाइस के लिए डिस्प्ले ड्राइवर चिप्स का निर्माण होगा। कैबिनेट नोट के अनुसार, ''भारत में लैपटॉप, मोबाइल, सर्वर, मेडिकल डिवाइस, पावर इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा उपकरण और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग के तेजी से विकास के साथ सेमीकंडक्टर की मांग बढ़ रही है, यह नई यूनिट प्रधानमंत्री मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' के दृष्टिकोण को और आगे बढ़ाएगी। एचसीएल हार्डवेयर



डेवलप करने और मैन्युफैक्चर करने को लेकर वर्षों से काम कर रही है। जबकि, फॉक्सकॉन इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग में एक प्रमुख वैश्विक कंपनी है। कैबिनेट ने कहा, "पांच सेमीकंडक्टर यूनिट निर्माण के एडवांस स्टेज में हैं। इस छठी यूनिट के साथ भारत रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सेमीकंडक्टर उद्योग को विकसित करने की अपनी यात्रा में आगे बढ़ता है।" कैबिनेट नोट में आगे कहा गया, "सेमीकंडक्टर उद्योग अब पूरे देश में आकार ले रहा है। देश भर के कई राज्यों में विश्व स्तरीय डिजाइन सुविधाएं सामने आई हैं। 270 शैक्षणिक संस्थानों और 70 स्टार्टअप में छात्र और उद्यमी नए उत्पादों को विकसित करने के लिए विश्व स्तरीय नवीनतम डिजाइन तकनीकों पर काम कर रहे हैं।

## यूपी में सेमीकंडक्टर यूनिट तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ा कदम: गडकरी

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को उत्तर प्रदेश में



नई सेमीकंडक्टर यूनिट को सेमीकंडक्टर क्षेत्र में भारत की 'तकनीकी आत्मनिर्भरता' की खोज में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर 'भारत सेमीकंडक्टर मिशन' के तहत अतिरिक्त सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग प्लांट की स्थापना को हरी झंडी दिखाए जाने के कदम को सराहा। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने 'एक्स' पर लिखा, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 'भारत सेमीकंडक्टर मिशन' के तहत एक अतिरिक्त सेमीकंडक्टर विनिर्माण सुविधा की स्थापना को मंजूरी दे दी है। उन्होंने आगे कहा, "5 यूनिट के निर्माण के एडवांस स्टेज में होने के साथ, यह छठा प्लांट रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सेमीकंडक्टर क्षेत्र में भारत की तकनीकी आत्मनिर्भरता की खोज में एक बड़ा कदम है।

## भारतीय शोधकर्ताओं ने सस्टेनेबल ऑक्सीजन इलेक्ट्रोकैटेलिसिस के लिए कैटेलिस्ट किया डेवलप




**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

बेंगलुरु बेस्ड सेंटर फॉर नैनो एंड सॉफ्ट मैटर साइंसेज (सीईएनएस) के शोधकर्ताओं ने एक नया कैटेलिस्ट बनाया है, जो ऑक्सीजन से जुड़े महत्वपूर्ण कैटेलिटिक रिएक्शन को तेज, अधिक किफायती और कुशल बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। इस कैटेलिस्ट को लेकर बुधवार को घोषणा की गई। ऑक्सीजन से जुड़े इलेक्ट्रोकैटेलिसिस कई क्लीन एनर्जी टेक्नोलॉजीज का आधार हैं, जैसे हाइड्रोजन का उत्पादन करने के लिए पानी को स्प्लिट करना, क्लीन फ्यूल बनाना और हाइड्रोजन पेरोक्साइड जैसे कैमिकल्स का निर्माण करना। हालांकि, इन टेक्नोलॉजीज को आम तौर पर स्लो रिएक्शन स्पीड, हाई एनर्जी डिमांड और सीमित उपलब्धता और शामिल कीमती धातुओं की कीमत के कारण हाई-कॉस्ट जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अनुसार, परंपरागत रूप से, इन प्रक्रियाओं में उपयोग किए जाने वाले कैटेलिस्ट प्लेटिनम या रूथेनियम जैसी महंगी कीमती धातुओं पर निर्भर करते हैं, जिससे ये प्रक्रियाएं महंगी हो जाती हैं। लागत को कम करने के लक्ष्य से, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के तहत सीईएनएस ने एक नया कैटेलिस्ट विकसित किया है, जो थोड़ी मात्रा में आयरन (एफई) जोड़कर निकेल सेलेनाइड का उपयोग करता है। इससे न केवल लागत में कमी आएगी, बल्कि प्रदर्शन में भी सुधार होगा।

## थोक महंगाई दर अप्रैल में घटकर 13 माह के निचले स्तर 0.85 फीसदी पर आई

**नई दिल्ली (हि.स)**



महंगाई के मोर्चे पर जनता को राहत देने वाली खबर है। खुदरा के बाद थोक महंगाई दर में गिरावट दर्ज हुई है। अप्रैल में थोक महंगाई दर 2.05 फीसदी से घटकर 0.85 फीसदी पर आ गई है। यह 13 महीनों का निचला स्तर है। इससे पहले मार्च, 2024 में थोक महंगाई दर 0.53 फीसदी के स्तर पर थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को जारी आंकड़ों में बताया कि थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित थोक महंगाई दर अप्रैल माह में खाद्य वस्तुओं, विनिर्मित उत्पादों और ईंधन की कीमतों में कमी आने की वजह से घटकर 0.85 फीसदी रह गई। रोजाना की जरूरत के सामानों और खाने-पीने की चीजों की कीमतें घटने की वजह से थोक महंगाई दर घटी है। मार्च में यह 2.05 फीसदी और अप्रैल 2024, में 1.19 फीसदी रही थी। फरवरी, 2025 की थोक महंगाई दर के जारी आंकड़ों को संशोधित किया गया है। सरकार ने इसे 2.38 फीसदी से बढ़ाकर 2.45 फीसदी किया गया है। इसके अलावा डब्ल्यूपीआई पर आधारित मुद्रास्फीति मार्च महीने में 2.05 फीसदी और अप्रैल, 2024 में 1.19 फीसदी रही थी।

# शेयर बाजार हरे निशान में बंद

## डिफेंस शेयरों में हुई खरीदारी

**मुंबई (आईएएनएस) ।** भारतीय शेयर बाजार बुधवार



के कारोबारी सत्र में हरे निशान में बंद हुआ। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 182 अंक या 0.22 प्रतिशत की तेजी के साथ 81,330 और निफ्टी 88 अंक या 0.36 प्रतिशत की मजबूती के साथ 24,666 पर था। डिफेंस शेयरों में खरीदारी का सिलसिला आज भी जारी रहा। मिश्र धातु निगम का शेयर 14.91 प्रतिशत, बीईएल का शेयर 2.61 प्रतिशत, एचएएल का शेयर 3.68 प्रतिशत, डेटा पैटर्न (इंडिया) का शेयर 2.76 प्रतिशत, भारत डायनामिक्स का शेयर 0.59 प्रतिशत और सोलार इंडस्ट्रीज का शेयर करीब एक प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप में बड़ी खरीदारी हुई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 615 अंक या 1.11 प्रतिशत की तेजी के साथ 56,136 और निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स 244 अंक या 1.44 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,147 पर बंद हुआ।